वर्ष : 17 अंक : 251 लखनऊ शनिवार, 20 सितंबर, 2025 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-


# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

मौसम
सूर्योदय : 5:46
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम : 31:00°
न्यूनतम : 26:00°

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

मूल्य ₹4

नगर संस्करण **




अंतिम पंघाल का वर्ल्ड चैंपियनशिप में दूसरा ब्रॉन्ज मेडल 10

निजीकरण के विरोध में प्रान्त व्यापी विरोध प्रदर्शन 2 | वक्त और राजनीति का पहिया 6 | यूपी के युवा ही भारत को आगे ले जायेंगे 12

# मणिपुर में सेना के वाहन पर हमला

## घात लगाकर हमले में जेसीओ समेत दो जवान शहीद, तीन जख्मी

### अटैक के पीछे साजिश की आशंका, हमलावरों की तलाश तेज

एजेंसी

**इंफाल।** मणिपुर में शांति बहाली की कोशिश के बीच बिष्णुपुर जिले में बड़ी घटना हुई है। शुक्रवार देर शाम हथियारबंद लोगों ने असम राइफल्स के एक वाहन पर हमला कर दिया। इस हमले में एक जेसीओ समेत दो जवान शहीद हो गए और दो अन्य घायल हो गए। यह घटना नांबोल सबल लेइकाई इलाके में शाम करीब 6 बजे हुई। हमलावरों ने घात लगाकर सैनिकों पर हमला किया।

इस हमले के बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इसके अलावा हमला करने वालों की तलाश भी तेज कर दी गई है। ऐसी आशंका है कि यह हमला किसी साजिश का हिस्सा है। इसके अलावा इस बात की भी जांच की जा रही है कि क्या असम राइफल्स के काफिले के रास्ते में सुरक्षा को लेकर किसी तरह की चूक हुई थी। सुरक्षा बल ने हमले के पीछे छिपे आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

अधिकारियों के अनुसार, असम राइफल्स के जवान इंफाल से बिष्णुपुर की ओर जा रहे थे। तभी नांबोल सबल





घायल जवान को अस्पताल ले जाते सेना के जवान और लोग

लेइकाई इलाके में उन पर हमला हुआ। वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि मणिपुर के बिष्णुपुर ज़िले में आतंकवादियों के हमले में असम राइफल्स के दो जवान शहीद हो गए। इनमें एक जेसीओ और एक जवान शामिल हैं। दो जवान घायल हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि घायल जवानों को पुलिस और स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि व्यस्त सड़क पर जवानों के वाहन पर हमला करने के बाद आतंकवादी एक सफेद वैन में सवार होकर भाग निकले। जवानों ने संयम बरतते हुए जवाबी कार्रवाई की ताकि कोई नागरिक हताहत न हो। सुरक्षा बल ने हमले के पीछे छिपे आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने इस हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि मैं नांबोल सबल लेइकाई में हमारे बहादुर 33 असम राइफल्स के जवानों पर हुए हमले की खबर सुनकर बहुत दुखी हूं। दो जवानों की शहादत और कई अन्य का घायल होना हम सभी के लिए एक बहुत बड़ा नुकसान है। मैं शहीद जवानों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। सिंह ने आगे कहा कि उनका साहस और बलिदान हमेशा हमारे दिलों में रहेगा। इस जघन्य कृत्य के अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

पीएम मोदी के मणिपुर दौरे के दो दिन पहले भी राज्य में फिर हिंसा भड़की थी। 11 सितंबर की रात चुराचांदपुर में उपद्रवियों ने पीएम मोदी के स्वागत में लगे पोस्टर बैनर फाड़ दिए, बैरेकेडिंग गिरा दी और उनमें आग लगा दी थी। यह घटना पीसोनमुन गांव में हुई, जो चुराचांदपुर पुलिस स्टेशन से लगभग 5 किलोमीटर दूर है। पुलिस ने उपद्रवियों को भगाया। लाठीचार्ज भी किया।

# अंकल सैम को पाक लगता है घर जैसा

## विवादास्पद बयान पर दिनभर चला हंगामा, देर शाम सफाई दी

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान को घर जैसा बताकर विवादों में घिरे कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने देर शाम सफाई पेश की है। सैम पित्रोदा के इस बयान पर काफी बवाल मचा था। भाजपा ने इसको लेकर सैम पित्रोदा और कांग्रेस पार्टी पर करारा हमला बोला था।

सैम पित्रोदा ने कहा था कि 'मैं पाकिस्तान गया। मुझे वहां घर जैसा महसूस हुआ।' उन्होंने नेपाल से लेकर बांग्लादेश तक की तारीफ की। उन्होंने कहा- 'मैं बांग्लादेश गया, नेपाल गया, मुझे वहां भी घर जैसा महसूस होता है। मुझे ऐसा नहीं लगा कि मैं विदेशी धरती पर हूं। वे मेरे जैसे दिखते हैं, मेरे जैसे ही बात करते हैं, उन्हें हमारे गाने पसंद हैं, हम सबका खाना एक जैसा है। हमें उनके साथ शांति और सौहार्द के साथ जीना सीखना चाहिए।' उन्होंने केंद्र सरकार से कहा कि अपने पड़ोसियों के साथ बातचीत को प्राथमिकता दी जाए। पित्रोदा ने कहा कि भारत की विदेश नीति की शुरुआत पाकिस्तान समेत पड़ोसी देशों के साथ रिश्तों को मजबूत करने से होनी चाहिए। राहुल गांधी की जेन जेड से अपील पर प्रतिक्रिया देते हुए पित्रोदा ने



कहा कि मैं देश के युवाओं से अनुरोध करना चाहता हूं कि वे राहुल गांधी के साथ खड़े हों। उनकी आवाज के साथ अपनी आवाज मिलाएं।

सैम पित्रोदा ने एक्स पर इसको लेकर एक लंबी पोस्ट लिखी है। इसमें उन्होंने लिखा है कि हाल की चर्चाओं के मद्देनजर, मैं अपने वक्तव्य को स्पष्ट करना चाहता हूं। इसे अपने इंटरव्यू के पूण संदर्भ में रखना चाहता हूं। मेरा उद्देश्य हमेशा उन वास्तविकताओं की ओर ध्यान आकर्षित करना रहा है, जिनका हमेशा सामना करना पड़ रहा है। पित्रोदा आगे लिखते हैं कि यह समस्याएं, जैसे- चुनावी प्रक्रिया से जुड़े मुद्दे, नागरिक समाज और युवाओं का महत्व और भारत की भूमिका। चाहे यह अपने पड़ोस में हों या वैश्विक स्तर पर है।

कांग्रेस नेता ने आगे लिखा है कि जब मैंने कहा कि पड़ोसी देशों की यात्रा के दौरान मुझे अक्सर घर जैसा महसूस होता है तो मेरा आशय साझा इतिहास और लोगों के बीच रिश्तों पर जोर देना था। उन्होंने लिखा है कि मेरा यह आशय बिल्कुल भी नहीं था कि पीड़ा, संघर्ष या आतंकवाद और भू-राजनीतिक तनावों से पैदा हुई गंभीर चुनौतियों को नजरअंदाज किया जाए। इसी तरह जब मैंने विश्वगुरु की अवधारणा को चुनौती दी और कहा कि यह एक मिथक है कि भारत हमेशा सबकी सोच के केंद्र में है तो मेरा तात्पर्य छवि पर अति-आत्मविश्वास के बजाए सार्थकता पर जोर देने से था। सैम पित्रोदा के मुताबिक विदेश नीति को वास्तविक प्रभाव, आपसी विश्वास, शंति और क्षेत्रीय स्थिरता पर आधारित होना चाहिए न कि दिखावे और खोखले दावों पर।

सैम पित्रोदा ने आगे लिखा कि अगर मेरे शब्दों से किसी को भ्रम हुआ है तो मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि मेरा उद्देश्य कभी भी किसी की की पीड़ा को कम आंकना या वैध चिंताओं को नजरअंदाज करना नहीं था।

# आतंकी यासीन बोला–हाफिज से मिलवाने पर मनमोहन ने दिया था धन्यवाद

फाइल फोटो



विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के आतंकी यासीन मलिक ने कहा है कि पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने आतंकी हाफिज सईद से मिलवाने के लिए मलिक को धन्यवाद दिया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक और 26/11 के मास्टरमाइंड सईद से यह मुलाकात 2006 में हुई थी।

दिल्ली हाईकोर्ट में 25 अगस्त को दिए हलफनामे में मलिक ने दावा किया कि यह मीटिंग उनकी पहल नहीं थी, बल्कि पाकिस्तान के साथ गुप्त शांति प्रक्रिया के तहत इंटेलिजेंस ब्यूरो के अधिकारियों की अपील पर रखी गई थी। मलिक ने हलफनामे में यह दावा भी किया है कि उन्हें साफ-साफ बताया गया था कि पाकिस्तान के साथ बातचीत तब तक सार्थक नहीं हो सकती जब तक आतंकवादी नेताओं को भी उसमें शामिल न किया जाए। गौरतलब है कि यासीन मलिक पर जनवरी 1990 में श्रीनगर में चार भारतीय वायु सेना अधिकारियों की हत्या का आरोप है। वह टेरर फंडिंग केस में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। यासीन का बेटा गुलाम कादिर मलिक भी तिहाड़ में ही बंद है।

मलिक के बयान के मुताबिक 2005 में कश्मीर में आए भूकंप के बाद पाकिस्तान जाने से पहले खुफिया ब्यूरो के तत्कालीन विशेष निदेशक वीके जोशी ने दिल्ली में मलिक से मुलाकात की थी। जोशी ने मलिक से कहा था कि वे इस मौके का इस्तेमाल न केवल पाकिस्तानी राजनीतिक नेताओं के साथ, बल्कि सईद समेत आतंकवादी सरगनाओं के साथ बातचीत करने के लिए करें, ताकि तत्कालीन प्रधानमंत्री सिंह के शांति प्रयासों का समर्थन किया जा सके।

**आईबी ने कहा था– पाक से वार्ता आतंकी नेताओं के बिना सार्थक नहीं**

इस अपील को मानते हुए मलिक पाकिस्तान में एक समारोह में सईद और यूनाइटेड जिहाद काउंसिल के बाकी नेताओं से मिलने के लिए तैयार हुआ। इसके बाद सईद ने जिहादी समूहों का एक सम्मेलन बुलाया।

# टेक्नोलॉजी रोजगार छीनती नहीं, नये अवसर देती है : योगी

## गाजियाबाद में युवाओं से आह्वान, एआई और उभरती हुई टेक्नोलॉजी को अपनायें

विश्ववार्ता ब्यूरो

**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गाजियाबाद में पूर्व सांसद रमेश चंद्र तोमर द्वारा लिखित पुस्तक 'भारतवर्ष की स्वर्णाभा नरेन्द्र मोदी' का विमोचन किया। इस मौके पर उन्होंने 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' के संकल्प को आगे बढ़ाने और युवाओं को तकनीक से जुड़ने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लिखना एक साधना है और यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अब तक की उपलब्धियों को संजोने वाली प्रेरणादायी कृति है। उन्होंने सुझाव दिया कि इसे विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और पुस्तकालयों में रखा जाए ताकि नई पीढ़ी प्रेरणा ले सके। वहीं उन्होंने युवाओं से एआई और उभरती हुई तकनीकी ज्ञान को

**'भारतवर्ष की स्वर्णाभा नरेन्द्र मोदी' पुस्तक का विमोचन**



अपनाने का आह्वान किया।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंचने वाला है। उत्तर प्रदेश भी तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। 2017 से पहले यूपी को बीमारू राज्य कहा जाता था, लेकिन आज यह देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। 2016-17 में यूपी की जीडीपी 12.75 लाख करोड़ थी, जिसे 2025-26 में ही 36 लाख करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य है।

सीएम योगी ने युवाओं से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल टेक्नोलॉजी को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी रोजगार छीनती नहीं बल्कि नए अवसर पैदा करती है। जिस तरह कंप्यूटर आने पर नई संभावनाएं बनीं, उसी तरह एआई भी कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में नई दिशा देगा।

# चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा : राहुल

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लगातार दूसरे दिन 'वोट चोरी' और 'वोट हटाने' के मामले पर चुनाव आयोग को घेरा। उन्होंने शुक्रवार को कहा, 'चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा, चोरों को बचाता रहा।'

राहुल ने एक्स पर वीडियो क्लिप शेयर की। कैप्शन में लिखा- सुबह 4 बजे उठो, 36 सेकेंड में 2 वोटर मिटाओ, फिर सो जाओ- ऐसे भी हुई वोट चोरी! इससे पहले उन्होंने गुरुवार को इस मामले पर दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। कहा था कि मुख्य चुनाव आयुक्त वोट चोरी और वोट डिलीट करा रहे हैं। आरोपों के समर्थन में कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र के उन वोटरों को भी पेश किया, जिनके नाम हटाने की



» 36 सेकेंड में 2 वोटर मिटाओ, फिर सो जाओ

कोशिश की गई थी। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को राहुल के जेन जेड वाले बयान पर जवाब दिया। उन्होंने कहा, ₹राहुल गांधी फ्रस्ट्रेशन में हैं, हताशा में हैं। वे कभी नरेंद्र मोदी की नकल करेंगे, कभी जेन जेड की बात करेंगे।

# पहलगाम कांड पाकिस्तान की करतूत

## कश्मीरी मुस्लिम ने यूएनएचआरसी में खोले आतंकी फाइलों के धागे

एजेंसी

**जिनेवा।** जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 60वें सत्र में कश्मीरी कार्यकर्ता जावेद बेग ने अपने भाषण में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के लिए पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की। जावेद ने जोर देकर कहा कि इस नरसंहार के लिए पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी सीधे तौर पर जिम्मेदार थे, जिन्होंने निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया और कश्मीर के सामाजिक ताने-बाने को और नुकसान पहुंचाया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जावेद बेग ने बताया कि तीनों हमलावर पाकिस्तानी नागरिक थे, जिन्होंने 'इस्लाम' और 'आजादी' के नाम पर हमला किया। पहलगाम हमले में हिंदू, ईसाई और बौद्ध पर्यटकों के साथ-साथ एक स्थानीय कश्मीरी मुस्लिम टट्टू संचालक की भी जान चली गई। उन्होंने



» कश्मीरी मुसलमानों की वैश्विक छवि को हिंसक के रूप में बदनाम किया

कहा कि इस घटना ने गैर-मुस्लिमों के प्रति पाकिस्तान की गहरी नफरत को उजागर किया और यह भी दिखाया कि सीमा पार से प्रायोजित आतंकवाद घाटी को अस्थिर कर रहा है।

क्षेत्र के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने घाटी को 'हिंदू ऋषियों और मुस्लिम सूफियों का निवास' बताया। उन्होंने पाकिस्तानी सरकार पर कश्मीर की पवित्र भूमि का हिंसा और धार्मिक घृणा फैलाने के लिए दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ऐसे हमलों ने कश्मीरी मुसलमानों की वैश्विक छवि को हिंसक के रूप में बदनाम किया है, जबकि उनकी शांति और अस्तित्व की सदियों पुरानी परंपरा रही है।

जावेद ने कहा कि पाकिस्तान सरकार दावा करती है कि वह कश्मीरी मुसलमानों की चिंता करती है, लेकिन पिछले तीन दशकों से उसने उन्हीं लोगों पर अथाह दुख ढाए हैं, जिनकी रक्षा का वह दावा करता है। कश्मीरी मुस्लिम प्रतिनिधि ने जोर देकर कहा कि दुनिया के लिए यह जरूरी है कि वह इस सच्चाई को सीधे भारतीय कश्मीरी मुस्लिम से सुने।

# 474 सियासी दलों का रजिस्ट्रेशन खत्म

## छह साल से चुनाव में भाग ही नहीं लिया, चुनाव आयोग ने लिए ऐक्शन

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गैर मान्यता प्राप्त पंजीकृत दलों पर बड़ा ऐक्शन लिया है। चुनाव आयोग ने ऐसी 474 राजनीतिक पार्टियों का रजिस्ट्रेशन समाप्त कर दिया है। इससे पहले अगस्त में भी चुनाव आयोग ने बड़ा ऐक्शन लिया था और 334 दलों का पंजीकरण समाप्त किया गया था। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के मुताबिक किसी भी पंजीकृत दल को चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लेना होता है। यदि वह लगातार 6 साल तक इलेक्शन से दूर रहता है तो उसका पंजीकरण समाप्त हो जाता है। इसी नियम के तहत इलेक्शन कमिशन ने यह कार्रवाई की है। इस तरह अगस्त से लेकर अब तक 808 पार्टियों का पंजीकरण समाप्त किया जा चुका है।

किसी पंजीकृत राजनीतिक दल को टैक्स छूट समेत कई रियायतें मिलती हैं।



लेकिन बीते 6 साल से चुनाव ना लड़ने के बाद भी ऐसी रियायतों का लाभ लेते रहने वाले दलों पर ऐक्शन हुआ है। राजनीतिक दलों के रजिस्ट्रेशन को लेकर जो गाइडलाइंस हैं, उसके मुताबिक यदि कोई दल 6 सालों तक चुनाव नहीं लड़ता है तो फिर उसका पंजीकरण समाप्त किया जा सकता है। 2019 के बाद से ही चुनाव आयोग ऐसे दलों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है, जो चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। इसी के तहत पहले राउंड में 9 अगस्त को ऐक्शन हुआ था और फिर 18 सितंबर को दूसरा ऐक्शन हुआ। इस तरह दो महीने के अंतराल में ही 808 राजनीतिक दलों का पंजीकरण खत्म हुआ है।

इसके अलावा 359 ऐसे अन्य राजनीतिक दल भी राडार पर हैं, जिन्होंने बीते 6 सालों में चुनाव तो लड़ा है। किंतु बीते तीन सालों से उन्होंने अपनी फाइनेशिंयल ऑडिट की जानकारी नहीं दी है। चुनाव आयोग ने जिन दलों के खिलाफ ऐक्शन लिया है, वे 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के हैं। सबसे ज्यादा 121 दल यूपी से पंजीकृत थे। इसके अलावा बिहार के 15, हरियाणा के 17 और मध्य प्रदेश के 23 दल शामिल हैं, जिनका पंजीकरण खत्म हुआ है। महाराष्ट्र के 44 राजनीतिक दलों का रजिस्ट्रेशन समाप्त हुआ है। पंजाब के 21 दलों का पंजीकरण खत्म हुआ है।

# पूर्णिया में दुर्गा प्रतिमाएं तोड़ने पर बवाल

**पूर्णिया।** पूर्णिया में शुक्रवार को मां दुर्गा की टूटी मूर्तियां मिलने के बाद बवाल हो गया। मजगामा हाट इलाके में भीड़ ने आगजनी की है। कई दुकानों में भी तोड़फोड़ की गई। फायरिंग भी हुई है।

मूर्तियों को तोड़ने का आरोप मुस्लिम युवक पर लगा है। गुस्साई भीड़ ने मुस्लिम युवक को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। पिटाई के बाद लोगों ने युवक के दोनों हाथ रस्सी से बांध दिए और बाजार में घुमाते हुए पुलिस को सौंप दिया।

युवक को गांव के ही कम्युनिटी हॉल में पुलिस ने रखा है। भीड़ आरोपी को उनके हवाले करने की मांग पर अड़ी रही, लेकिन पुलिस के समझाने के बाद भीड़ वहां से हट गई। इस मामले में पुलिस ने 12 लोगों को हिरासत में लिया है। गांव के शंकर सिंह ने बताया कि, 'दुर्गा पूजा को लेकर मजगामा हाट में मां दुर्गा की प्रतिमा बनाई जा रही है।

# बाबा की यूपी पुलिस के सामने अब कभी नहीं आयेंगे

## दिशा पाटनी के घर फायरिंग करने वाले एक अपराधी ने कहा त्राहिमाम, चार अन्य शूटर गिरफ्तार

विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** एक्ट्रेस दिशा पाटनी के घर फायरिंग करने वाले 4 और शूटरों को गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार को बरेली पुलिस और एसओजी टीम ने दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद पकड़ा। इनके नाम राम निवास और अनिल हैं।

मुठभेड़ में पुलिस ने राम निवास के पैर पर गोली मारी है। उसने कहा, आरोपी अब यूपी में नही आएंगे, बाबा की पुलिस के आगे नहीं आएंगे। राम निवास राजस्थान के ब्यावर जिले के जैतारण थाना क्षेत्र के बेडकला गांव का रहने वाला है। उस पर 25 हजार का इनाम घोषित था। वहीं, अनिल हरियाणा के सोनीपत का रहने वाला है। मुठभेड़ बरेली में थाना क्षेत्र के बिहारीपुर नदी पुल के पास हुई। पुलिस ने बताया, इन दोनों ने दिशा पाटनी के घर की रेकी थी।

इससे पहले दिल्ली पुलिस ने शूटर नकुल सिंह और विजय तोमर को पकड़ा था। दोनों बागपत के रहने वाले हैं। इन पर एक-एक लाख रुपए का इनाम था। दोनों ने 11 सितंबर को दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग की थी। इसके दो सीसीटीवी सामने आए थे, जिसमें शूटर बाइक पर जाते हुए नजर आ रहे। बरेली पुलिस ने दिल्ली पुलिस से संपर्क किया है। दोनों शूटरों को बी-वारंट पर बरेली लाया जाएगा। बरेली पुलिस के मुताबिक, दिशा पाटनी के घर दो दिन यानी 11 और 12 सितंबर को फायरिंग हुई थी। 11 सितंबर को सुबह तड़के साढ़े 4 बजे नकुल और विजय ने फायरिंग की थी।



जबकि, 12 सितंबर को हरियाणा के शूटर अरुण और रविंद्र ने फायरिंग की थी। यूपी एसटीएफ ने हरियाणा और दिल्ली पुलिस के साथ 17 सितंबर की शाम गाजियाबाद में अरुण और रविंद्र को एनकाउंटर में ढेर कर दिया था। इसके बाद से विजय, नकुल, राम निवास और अनिल की तलाश जारी थी। चारों शूटर रोहित गोदारा और गोल्डी बराड़ के गैंग के सदस्य थे। अपने दो शूटर मारे जाने के बाद गैंग लीडर रोहित गोदारा बौखला गया। उसने यूपी पुलिस को धमकी भी दी। कहा- हमारे दो शूटर्स मारे गए हैं, हम इसका बदला लेंगे। कोई कितना भी ताकतवर हो, माफी नहीं मिलेगी।

पुलिस के मुताबिक, चारों शूटर दो बाइक से 10 सितंबर को बरेली आए थे। नकुल और विजय स्प्लेंडर बाइक से थे। दोनों सुबह 6 बजकर 48 मिनट पर झुमका चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए थे। सुबह 7 बजकर 15 मिनट पर जंक्शन रोड के हिंद गेस्ट हाउस में अरुण, विजय और नकुल ने चेक-इन किया। यहां से दिशा पाटनी का घर आधा किलोमीटर दूर है। जबकि चौथा शूटर रविंद्र पुराने बस अड्डे से सटे प्रीत पैलेस होटल में रुका था। उसने सागर के नाम से आईडी दी थी।

पुलिस के मुताबिक, 11 सितंबर को जिस वक्त नकुल और विजय ने दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग की थी। उस वक्त पाटनी परिवार सो रहा था। पिता जगदीश पाटनी ने एसआईआर में बताया था- फायरिंग के दौरान मेरा कुत्ता भौंकने लगा। मुझे संदेह हुआ। तब मैं बालकनी में आया, तो नीचे बाइक सवार 2 लोग दिखे। टोकने पर एक युवक ने मुझे निशाना बनाकर फायरिंग कर दी। मैंने पिलर के पीछे फर्श पर लेटकर अपनी जान बचाई।

घटना के वक्त एक्ट्रेस दिशा पाटनी मुंबई में थीं। पुलिस के मुताबिक, पहले दिन फायरिंग के बाद नकुल और विजय बरेली ने छोड़ दिया।

### पांचवां आरोपी भी एनकाउंटर में घायल

दिशा पाटनी के घर पर हुई फायरिंग के मामले में बरेली पुलिस ने 5वें आरोपी, रामनिवास उर्फ दीपू, को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। इस मुठभेड़ में गोली लगने से 19 वर्षीय रामनिवास घायल हो गया। वह राजस्थान के ब्यावर जिले के जैतारण थाना क्षेत्र का रहने वाला है और उस पर 25,000 का इनाम घोषित था। पुलिस ने उसके कब्जे से एक .32 बोर की पिस्टल, 4 जिंदा कारतूस और 4 खोखा कारतूस बरामद किए हैं. इस मुठभेड़ में एक और आरोपी अनिल को भी गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से एक .315 बोर का तमंचा, 4 खोखा कारतूस और 2 जिंदा कारतूस मिले हैं.

# या अली फेम गायक जुबिन गर्ग का निधन

**नयी दिल्ली।** मशहूर गायक जुबिन गर्ग का 52 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। शुक्रवार को सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग करते वक्त उनके साथ दुखद हादसा हुआ और वह इस दुनिया को हमेशा के लिए छोड़कर चले गए। बता दें, जुबिन गर्ग बॉलीवुड फिल्म 'गैंगस्टर' के सुपरहिट गाने 'या अली' से पूरे देश में लोकप्रिय हुए थे।

असम के कैबिनेट मंत्री अशोक सिंघल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए उनके निधन की पुष्टि की है। उन्होंने लिखा, "हमारे प्रिय जुबिन गर्ग के असमय निधन से गहरा दुख पहुंचा है। असम ने न केवल एक आवाज खोई है, बल्कि एक धड़कन भी। जुबिन दा केवल एक गायक नहीं थे, वे असम और देश के गौरव थे, जिनके गीतों ने हमारी संस्कृति को दुनिया के हर कोने तक पहुंचाया। उनके परिवार, दोस्तों और असंख्य प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।

## एक नजर

### मंत्री राकेश सचान के प्रयासों से पुखरायां स्टेशन पर दो महत्वपूर्ण ट्रेनों का प्रायोगिक ठहराव स्वीकृत



**लखनऊ/ कानपुर।** प्रदेशवासियों विशेषकर बुंदेलखंड एवं कानपुर देहात क्षेत्र के यात्रियों के लिए बड़ी राहत की घोषणा करते हुए रेलवे बोर्ड ने पुखरायां रेलवे स्टेशन पर दो प्रमुख ट्रेनों का प्रायोगिक ठहराव स्वीकृत किया है। यह निर्णय उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान के सतत प्रयासों और पहल का प्रतिफल है। राकेश सचान ने क्षेत्रीय जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार के रेल मंत्री को पत्र लिखकर पुखरायां स्टेशन पर ठहराव की आवश्यकता पर जोर दिया था। रेल मंत्री को लिखे गए इस अनुरोध पत्र में उन्होंने उल्लेख किया था कि पुखरायां औद्योगिक और व्यापारिक दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण केंद्र है तथा यहाँ से बड़ी संख्या में यात्री प्रतिदिन देश के विभिन्न भागों की ओर आवागमन करते हैं। इस ठहराव से यात्रियों को प्रत्यक्ष सुविधा मिलेगी और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी आदेश के अनुसार, ट्रेन संख्या 12173/74 लोकमान्य तिलक (टी)–एमबीडीडी प्रतापगढ़ उद्योग नगरी एक्सप्रेस तथा 12943/44 वलसाड–कानपुर उद्योगकर्मी एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव पुखरायां रेलवे स्टेशन पर शीघ्र सुविधाजनक तिथि से लागू होगा। श्री राकेश सचान ने इस निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में निरंतर जनसुविधाओं का विस्तार कर रही है। पुखरायां स्टेशन पर ठहराव मिलने से न केवल यात्रियों को सहूलियत होगी बल्कि स्थानीय उद्योग–व्यापार को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने क्षेत्र की जनता की ओर से रेल मंत्री और रेलवे बोर्ड के प्रति आभार प्रकट करते हुए आशा व्यक्त की कि भविष्य में और भी यात्री सुविधाएँ प्रदेश के विभिन्न स्टेशनों पर उपलब्ध कराई जाएँगी।

### डीएम, सांसद ने ओपन जिम का किया उद्घाटन



**कन्नौज।** सांसद मुकेश राजपूत व जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 से जिला ग्राम्य विकास अभिकरण फर्रूखाबाद में स्थापित ओपन जिम का लोकार्पण किया गया, ओपन जिम में जनता के इस्तेमाल के लिए साइकिल रोअर,बोनी राइडर, क्रॉस ट्रेनर, एयर वाकर, आर्म व्हील, एडोमिनल बोर्ड एवं चेस्ट एवं सोल्डर प्रेस उपकरण के साथ कास्ट आयरन की दो बैंच व एक सोलर लाइट लगाई गई है जिसकी लागत मय जी0 एस0टी0 8 .226 लाख है, इस अवसर पर मा0 सांसद द्वारा बताया गया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मा0 नरेंद्र मोदी जी के खेलों इंडिया मिशन के अंतर्गत उनकी प्रेरणा से जनपद में ऐसी कुल 75 ओपन जिम की स्थापना की जाएगी।इस अवसर पर परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण कपिल कुमार, संबंधित कार्यदायी संस्था के अधिकारी, डी आर0डी0ए0 व विकास भवन के कर्मचारी व आम जनता मौजूद रही।

### किसान क्रेडिट कार्ड से सबसे अधिक किसानों को किया गया भुगतान



**गुरसहायगंज कन्नौज।** किसानों की कृषि कार्य में आर्थिक मदद करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से बैंक आफ बड़ौदा की शाखा सबसे अधिक किसान क्रेडिट कार्ड बनाकर किसानों को लाभ देने का काम कर रही हैयह जानकारी बैंक ऑफ़ बड़ोदा रामगंज के मुख्य प्रबंधक अमित यादव ने कही उन्होंने बताया कि जिन पुलिस कर्मियों तथा बेसिक माध्यमिक शिक्षको का बैंक आफ बडौदा की शाखा में सैलरी अकाउंट है उन खाता धारकों को पर्सनल लोन में विशेष छूट प्रदान की जा रही है जिसमें पुलिस कर्मियों को 10, 40% तथा शिक्षकों को 10, 90% ब्याज की दर पर पर्सनल लोन देने की व्यवस्था की गई है इसके अलावा जिस किसी उपभोक्ता को हाउस लोन की आवश्यकता है तो उसको 7,45% की दर से बैंक लोन स्वीकृत कर रही है शाखा में सीनियर सिटीजन के लिए विशेष सुविधा प्रदान की गई है जिसमें फिक्स डिपॉजिट पर 7 .1 प्रतिशत पर ब्याज की दर पर देने की व्यवस्था बैंक द्वारा मुवईया कराई गई है इसके अलावा अभी हाल में ही प्रधानमंत्री सोलर योजना के अंतर्गत 15 उपभोक्ताओं को 25 लख रुपए का लोन दिया गया है उन्होंने बताया कि शाखा ने इस वित्तीय वर्ष में 100 किसानों को लगभग डेढ़ करोड़ रूपया की धनराशि की किसान क्रेडिट कार्ड स्वीकृत करके किसानों को लाभ दिया है जिससे कि वह कृषि कार्य में उसका उपयोग कर सकें लखनऊ बैंक ऑफ़ बड़ौदा की शाखा से स्थानांतरण होकर आए अमित यादव ने उपभोक्ताओं से कहा कि किसी प्रकार का लोन बैंक द्वारा बिना कोई कठिनाई के तत्काल स्वीकृत किया जा रहा है बैंक उपभोक्ता बैंक से जुड़कर बैंक की योजनाओं का लाभ उठाएं इस मौके पर अभिषेक कुमार गुप्ता रोहित कुमार अरविंद द्विवेदी यशराज अजमेर सिंह विकास कुमार सहित बैंक कर्मी मौजूद रहे।

### प्रतिष्ठान बंद होने की सूचना तत्काल भविष्य निधि कार्यालयों को दी जाए : प्रमुख सचिव



**लखनऊ।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय समिति की 117वीं बैठक का आयोजन कानपुर में प्रमुख सचिव श्रम, उत्तर प्रदेश डॉ. एम. के. शन्मुगा सुन्दरम् की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक में नियोक्ता एवं कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिया कि राज्य सरकार द्वारा आयोजित रोजगार मेले, निवेश समिट एवं एक्सपो में ईपीएफओ की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाये और श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा देने हेतु नवगठित उत्तर प्रदेश सेवा निगम से बेहतर समन्वय किया जाये। उन्होंने यह भी कहा कि हर माह 27 तारीख को आयोजित होने वाले 'निधि आपके निकट' कार्यक्रम को सभी जिलों में जिला कलेक्ट्रेट, जिला उद्योग कार्यालय अथवा श्रम आयुक्त कार्यालय जैसे प्रमुख स्थानों पर आयोजित किया जाये। संविदा कर्मचारियों की भविष्य निधि अनुपालना पारदर्शी बनाने के लिए उन्होंने प्रधान नियोक्ता पोर्टल पर पंजीकरण बढ़ाने पर भी जोर दिया। संगठन के राज्य प्रभारी एवं अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त उदय बक्शी ने सहारनपुर, अलीगढ़ एवं मुजफ्फरनगर में ईपीएफओ जिला कार्यालय हेतु भूमि की आवश्यकता पर चर्चा की, जिस पर प्रमुख सचिव ने सम्बंधित जिलाधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में भारतीय मजदूर संघ, इंटक, हिन्द मजदूर सभा, भारतीय इंडस्ट्री एसोसिएशन के प्रतिनिधियों सहित उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम विभाग एवं ईपीएफओ के 10 कार्यालयों के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे। अंत में शाहिद इकबाल, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त प्रथम, कानपुर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### ओपो इंडिया के पोर्टफोलियो पर ग्रांड फेस्टिव सेल शुरू हुई



**लखनऊ।** ओपो इंडिया ने त्योहारों की खुशी बढ़ाते हुए अपनी सबसे बड़ी फेस्टिवल सेल, 'पे0, वरी0, विन 10 लाख' पेश की है। इस सेल के अंतर्गत ग्राहकों को 19 सितंबर से 31 अक्टूबर के बीच ओपो की सभी डिवाइस पर बेहतरीन ऑफर मिलेंगे, जिनमें नई लॉन्च की गई एफ 31 सीरीज़ और रेनो14 सीरीज़ भी शामिल हैं। ये ऑफर ओपो ई–स्टोर, फ्लिपकार्ट और अमेज़न पर उपलब्ध होंगे। ओपो फेस्टिव सेल में ग्राहकों को कई एक्सक्लुसिव बेनेफिट्स का लाभ मिलेगा, जिनमें जीरो डाउन पेमेंट, इंटरेस्ट–फ्री ईएमआई, इंस्टैंट कैशबैक, आकर्षक एक्सचेंज स्कीम और 10 लाख या 1 लाख रुपये के कैश पुरस्कार के साथ ओपो की लेटेस्ट डिवाइस जीतने का मौका शामिल है। ओपो इंडिया के हेड–पीआर एंड कम्युनिकेशंस, गोल्डी पटनायक ने इन ऑफरों के बारे में बताया कि, ''ओपो में हम इन त्योहारों को अपने ग्राहकों के लिए खास बनाना चाहते हैं। हम पूरी तरह से अपने ग्राहकों पर केंद्रित रहकर काम करते हैं, और यह ग्रांड फेस्टिव बोनांज़ा हमारे ब्रांड में भरोसा करने के लिए उनके प्रति हमारा हार्दिक अभिनंदन है। फेस्टिव शॉपिंग के दौरान ज्यादा लाभ ज्यादा खुशी प्रदान करता है। इसलिए हमने अपने ऑफर आकर्षक डील, डिस्काउंट और रिवार्ड के साथ पेश किए हैं। हमारी डिवाइस अलग–अलग मूल्यवर्गों में बेजोड़ ड्यूरेबिलिटी, आधुनिक एआई कैमरा क्षमताएं और बेहतरीन परफॉर्मेंस प्रदान करती हैं। इसलिए वो भिन्न–भिन्न श्रेणी के ग्राहकों की जरूरतें पूरी करने में सक्षम हैं। माई ओपो दीवाली रैफल बेहतरीन रिवार्ड्स के साथ और ज्यादा खुशी देने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# ओडीओपी स्टॉल्स और युवाओं की हो भागीदारी : सीएम

## यूपीआईटीएस 2025 : मुख्यमंत्री ने की यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारियों की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट सभागार में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आगामी उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो (UPITS-2025) की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आयोजन की तैयारी, सुरक्षा, व्यवस्थापन और प्रतिभागियों की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रदेश की समृद्ध परंपरा, हुनर और उत्पादों को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने के साथ-साथ वोकल फॉर लोकल और मेक इन इंडिया अभियानों को बढ़ावा देगा। उन्होंने सभी जिलों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने, ODOP स्टॉल्स और शैक्षणिक संस्थानों में व्यापक ब्रांडिंग पर जोर दिया। इसके अलावा युवाओं को प्रत्यक्ष अनुभव और उद्यमिता के अवसर प्रदान करने, खादी व ग्रामोद्योग को प्रोत्साहित करने और विदेशी बायर्स की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

- प्रदेश की समृद्ध परंपरा, हुनर और उत्पादों को वैश्विक मंच प्रदान करेगा यूपीआईटीएस 2025 : सीएम योगी
- पीएम मोदी के आगमन से पूर्व मुख्यमंत्री ने आयोजन स्थल का भी किया स्थलीय निरीक्षण
- आयोजन के दौरान सभी जिलों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए : मुख्यमंत्री
- सीएम योगी बोले– वोकल फॉर लोकल और मेक इन इंडिया अभियानों को मिलेगा बढ़ावा
- युवाओं को प्रत्यक्ष अनुभव और उद्यमिता के अवसर प्रदान करने का महत्वपूर्ण मंच होगा ट्रेड शो : मुख्यमंत्री
- सीएम ने खादी व ग्रामोद्योग को प्रोत्साहित करने और विदेशी बायर्स की सुरक्षा सुनिश्चित करने के भी निर्देश

### सभी जिलों की होगी सक्रिय सहभागिता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए कि आगामी यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (UPITS-2025) में प्रदेश के प्रत्येक जिले की सक्रिय और प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक जिले के वन डिस्टिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) से जुड़े उत्पादों के लिए विशेष स्टॉल स्थापित किए जाएंगे, ताकि स्थानीय हस्तशिल्प, खाद्य, हस्तकला और उद्योग संबंधी उत्पादों को वैश्विक खरीदारों और निवेशकों के सामने प्रदर्शित किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह केवल प्रदर्शनी नहीं होगी, बल्कि यूपी की विविधता, सांस्कृतिक विरासत और व्यावसायिक प्रतिभा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर होगी। इसके माध्यम से स्थानीय उत्पादकों और उद्यमियों को नई संभावनाओं, व्यापारिक नेटवर्क और निवेश के अवसर प्राप्त होंगे, जिससे प्रदेश के विकास और युवाओं के रोजगार सृजन में भी मदद मिलेगी।

### शैक्षणिक संस्थानों में हो व्यापक ब्रांडिंग

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस-2025) की पहचान को मजबूत करने के लिए प्रदेश के सभी जिलों और शैक्षणिक संस्थानों में इसकी व्यापक ब्रांडिंग और प्रचार-प्रसार किया जाए। इसका उद्देश्य युवाओं और छात्रों को आयोजन के महत्व से अवगत कराना और उन्हें सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। इसके तहत कॉलेज, यूनिवर्सिटी और अन्य शैक्षणिक संस्थान अपने कैंपस में यूपीआईटीएस के पोस्टर, डिजिटल डिस्प्ले और इवेंट जानकारी साझा करेंगे, ताकि छात्र, फैकल्टी और स्थानीय समुदाय सीधे इस आयोजन से जुड़ सकें और युवाओं में उद्यमिता तथा नवाचार के प्रति जागरूकता बढ़े। सीएम योगी ने गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को आयोजन से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं को प्रत्यक्ष अनुभव और रोजगार/उद्यमिता के अवसर मिलेंगे।

### फैशन शो में खादी और ग्रामोद्योग को बढ़ावा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के अंतर्गत आयोजित होने वाले फैशन शो में देशभर की फिल्म सिटी से जुड़े विशेषज्ञों को भी शामिल किया जाए। इसका उद्देश्य खादी, हैंडीक्राफ्ट और ग्रामोद्योग से जुड़े उत्पादों को व्यापक दृश्यता और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस माध्यम से न केवल उत्तर प्रदेश की हस्तकला और पारंपरिक उद्योग को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि युवा डिजाइनर्स और स्थानीय कारीगर भी नए अवसरों और बाज़ार तक पहुंच बनाने में सक्षम होंगे। फैशन शो में खादी और ग्रामोद्योग के उत्पादों को पेश करने के लिए विशेष कैटवॉक और प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी, जिससे इन उत्पादों की गुणवत्ता और सौंदर्य का प्रभाव वैश्विक स्तर पर दिखाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि इस पहल से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और युवाओं को उद्यमिता, नवाचार और रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।



### वृद्धजन और आगंतुकों को मिले बेहतर सुविधा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए कि आयोजन में प्रतिभाग करने वाले वृद्धजनों और वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए जाएं। इसके तहत नासा पार्किंग स्थल से शटल सेवा उपलब्ध कराई जाएं, ताकि उन्हें सहज और आरामदायक तरीके से आयोजन स्थल तक पहुंचने में मदद मिल सके। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सुरक्षा और संचालन की पूर्ण जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाए। किसी भी ई-रिक्शा या वाहन का संचालन नाबालिग चालक द्वारा न किया जाए। इसके अलावा, आगंतुकों के लिए सुरक्षा, मार्गदर्शन और सुविधा संबंधी निर्देश भी स्पष्ट किए जाएं, ताकि सभी प्रतिभागियों को सुरक्षित, व्यवस्थित और स्वागतपूर्ण अनुभव प्राप्त हो। सीएम ने विदेशी बायर्स और मेहमानों की सुरक्षा, आवास, परिवहन और संपूर्ण रहन-सहन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि विदेशी मेहमानों को सहज, सुरक्षित और स्वागतपूर्ण अनुभव मिलना चाहिए ताकि उत्तर प्रदेश की छवि मजबूत हो। बैठक में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण मौजूद रहे। अपर मुख्य सचिव, एमएसएमई विभाग आलोक कुमार ने पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से मुख्यमंत्री को अब तक की तैयारियों से अवगत कराया।

### सीएम योगी ने यूपीआईटीएस के आयोजन स्थल का किया स्थलीय निरीक्षण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 25 से 29 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस 2025) की तैयारियों का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को स्थलीय निरीक्षण भी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस आयोजन का शुभारंभ करेंगे। इसको देखते हुए मुख्यमंत्री ने पूरे आयोजन स्थल का दौरा किया और अधिकारियों से तैयारियों के विषय में जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान अपर मुख्य सचिव एमएसएमई आलोक कुमार ने उन्हें पूरे आयोजन स्थल और वीआईपी मूवमेंट की जानकारी दी। डीएम मेधा रूपम ने भी आयोजन स्थल पर व्यवस्थाओं और सुविधाओं का पूरा ब्यौरा दिया। वहीं पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने उन्हें सुरक्षा व्यवस्था से अवगत कराया। मुख्यमंत्री जी ने ई कार्ट में बैठकर पूरे आयोजन स्थल को देखा। इस दौरान उनके साथ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी और अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# उपद्रवियों, शोहदों को उन्हीं की भाषा में मिले जवाब : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री का निर्देश, पर्व– त्योहारों का समय संवेदनशील, अलर्ट रहे अधिकारीगण

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि आगामी पर्व और त्योहारों को लोग हर्ष उल्लास के साथ मनाएं आगामी पर्व-त्योहार, लोगों की सुरक्षा, सुविधा का रखें पूरा ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री जी ने शुक्रवार को उच्चस्तरीय बैठक में आगामी पर्व-त्योहारों के सुचारु आयोजन, स्वच्छता, बेहतर कानून व्यवस्था आदि महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में शासन-प्रशासन के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, अपर पुलिस महानिदेशक (ज़ोन), समस्त पुलिस आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप महानिरीक्षक, आदि वरिष्ठ अधिकारियों की सहभागिता रही। बैठक में मुख्यमंत्री जी ने सभी अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव गणों से त्योहारों के दृष्टिगत उनकी विभागीय तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार का मिशन शक्ति कार्यक्रम नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन को व्यक्त करता है। शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन आगामी 22 सितंबर से प्रदेशव्यापी मिशन शक्ति 5.0 की शुरुआत होगी। चरणबद्ध रूप से यह अभियान एक माह तक चलेगा। इसके लिए सभी संबंधित विभाग तैयारियां सुनिश्चित करें। लोगों को जागरूक करने के लिए 21 सितंबर को सायंकाल को महिला पुलिसकार्मिकों द्वारा हर जनपद में एक बाइक रैली निकाली जाए। 22 सितंबर से सार्वजनिक स्थलों, बालिका विद्यालयों इत्यादि जगहों पर एंटी रोमियो स्क्वायड द्वारा शोहदों को चिन्हित करते हुए प्रभावी कार्रवाई की जाए।मुख्यमंत्री जी ने कहा कि महिला बीट अधिकारी ग्राम पंचायतों में लोगों को महिला सुरक्षा के संबंध में जागरूक करें तथा शासन की योजनाओं की जानकारी भी दें। पिंक बूथ सक्रिय रहें।



### किसानों को समय पर मिले सरकारी योजनाओं का लाभ : कृषि मंत्री

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शुक्रवार को कृषि भवन के सभागार में कृषि क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और किसान कल्याण योजनाओं पर विस्तृत समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की अद्यतन स्थिति, उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को बढ़ावा देने और विकसित कृषि संकल्प अभियान' रबी 20025 के माध्यम से किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने और कृषि उपकरणों पर जीएसटी में छूट के लाभों पर भी जानकारी दी। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए प्रतिबद्ध है। कृषि क्षेत्र के लिए अब तक 3193.50 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की जा चुकी है, जिसमें से 1784.42 करोड़ रुपये (55.88%) का व्यय हुआ है।



विगत दिनों मोहनलालगंज के अन्तर्गत धनुवासाड़ गांव निवासी सुरेश यादव के पुत्र यश यादव द्वारा ऑनलाईन गेम में पैसे हारने के बाद सुसाइड किये जाने सम्बन्धी घटना के संज्ञान में आने पर आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री मृतक यश यादव के आवास पहुंचे और परिजनों से संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर उपस्थित पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि रोजगार के आभाव देश का युवा ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से धनोपार्जन के लालच में डूब रहा है। लगातार गेम खेलने के कारण पढ़ने लिखने वाले युवाओं का ध्यान पढ़ाई से हटता जा रहा है। अधिक धन हार जाने के कारण तनाव और डिप्रेशन जैसी समस्याओं से जूझ रहा है नतीजन आत्महत्या तक कर ले रहा है। अभी कुछ दिनों पूर्व ही छोटा भरवारा, गोमती नगर लखनऊ निवासी रवीन्द्र प्रताप सिंह के पुत्र सिद्धार्थ प्रताप सिंह ने भी ऑनलाइन गेमिंग के जाल में फंसने के कारण आत्महत्या कर ली है। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के साथ जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष रूद्र दमन सिंह बब्लू, सदस्य पीसीसी अब्दुल्ला शेर खान, के के सिंह, कृपा शंकर शर्मा पूर्व प्रधान, साधु यादव पूर्व चेयरमैन कोऑरेटिव आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

### लोकतन्त्र को मजबूत करने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है : केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सरकार और मीडिया लोकतंत्र के सहयात्री हैं। विकसित भारत व विकसित उत्तर प्रदेश बनानेतथा आत्मनिर्भर भारत बनाने में मीडिया कीभूमिका सर्वोपरि रहेग। केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को राजस्थान पत्रिका के संस्थापक कर्पूर चन्द्र कुलिश के जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में लखनऊ विश्वविद्यालय मे आयोजित राजस्थान पत्रिका की-नोट भारतीय लोकतन्त्र मे मीडिया की भूमिका:अवसर और चुनौतियां विषय पर आयोजित सेमिनार को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महानाव उप मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना सहितसभी अतिथियों का भव्य व शानदार स्वागत किया गया।

# नियमित बिल भरने वाले उपभोक्ताओं को बिल्कुल भी ना हो परेशानी

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने शक्ति भवन स्थित सभागार में विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान ऊर्जा मंत्री ने 50% से अधिक नुकसान वाले फ़ीडरों पर प्राथमिकता से स्मार्ट मीटर लगाने, बिजली चोरी रोकने, विजिलेंस की कार्यवाही को प्रभावी बनाने, पुराने कुशल संविदाकर्मियों को निकालकर उनकी जगह अकुशल लोगों को रखने की जांच कराने और आगामी त्योहारी सीजन में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि विद्युत चोरी पर लगाम लगाने के लिए सबसे पहले उन फीडरों पर कार्रवाई की जाए, जहां 50 प्रतिशत से अधिक बिजली चोरी हो रही है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि ऐसे फीडरों पर स्मार्ट मीटर लगाना प्राथमिकता में रखा जाए। स्मार्ट मीटर लगने से न केवल बिजली चोरी रोकी जा सकेगी बल्कि उपभोक्ताओं को पारदर्शी बिलिंग की सुविधा भी मिलेगी।



# पीएनबी नें भारतीय तटरक्षक बल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**लखनऊ।** सार्वजनिक क्षेत्र में देश के अग्रणी बैंकों में से एक पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने 16.09.2025 को भारतीय तटरक्षक बल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। बैंक की प्रमुख योजना पीएनबी रक्षक प्लस के अंतर्गत पीएनबी भारतीय तटरक्षक बल के सभी सेवारत कर्मियों और पेंशनभोगियों को उन्नत बीमा कवरेज और अन्य लाभों के साथ सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान कर रहा है। समझौता ज्ञापन पर पीएनबी की ओर से श्री एस. पी. सिंह, महाप्रबंधक और भारतीय तटरक्षक निदेशालय की ओर से डीआईजी नरेंद्र सिंह ने पीएनबी के मुख्य महाप्रबंधक श्री सुरेश कुमार राणा और बैंक तथा भारतीय तटरक्षक बल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। योजना के अंतर्गत दिए जाने वाले लाभ इस प्रकार हैः व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा - 100 लाख सावधि जीवन बीमा - सभी अधिकारियों के लिए 5 लाख हवाई दुर्घटना बीमा - 150 लाख स्थायी/आंशिक दिव्यांगता कवरेज - 100 लाख ऑपरेशन के दौरान मृत्यु के लिए अतिरिक्त कवर - 10 लाख इसके अतिरिक्त रक्षक खाताधारक के आश्रितों और परिवारों को कई अन्य लाभ दिए जा रहे हैं। बैंक हमारे समुद्री योद्धाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के प्रति समर्पित है और भविष्य में भी ऐसा करना जारी रखेगा।



# निजीकरण के विरोध में प्रान्त व्यापी विरोध प्रदर्शन

## डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी मीट 2025 का मुख्य एजेंडा – विद्युत वितरण निगमों का निजीकरण

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने बताया कि आगामी 04 एवं 05 नवम्बर को मुम्बई में हो रही डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी मीट 2025 का मुख्य एजेंडा ही विद्युत वितरण निगमों का निजीकरण है। ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन और निजी घरानों का इस मीट में प्रभुत्व खुलकर दिखाइ दे रहा है। डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी मीट 2025 के लिए जारी किए गए एजेंडा से बिल्कुल साफ हो जाता है कि ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन की निजी घरानों के साथ मिली भगत है और निजीकरण में ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन की सबसे प्रमुख भूमिका है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी मीट 2025 का आयोजक इंडियन स्मार्ट ग्रिड फोरम है जो सोसाइटी एक्ट में रजिस्टर्ड एक निजी संस्था है। इस संस्था के वेब साइट पर जाने से पता चलता है कि इसका मुख्य उद्देश्य ही निजीकरण की पहल है। संघर्ष समिति कहा कि यह बहुत ही आपत्तिजनक बात है की उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष आशीष गोयल अध्यक्ष की हैसियत से पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण में लगे हुए हैं वहीं दूसरी ओर ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन के महामंत्री के रूप में आशीष गोयल की निजी घरानों के साथ मिली भगत है। संघर्ष समिति ने कहा कि यह सीधे-सीधे कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट (हितों के टकराव) का मामला है जो बहुत गम्भीर बात है । डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी मीट के मेजबान टाटा पावर और सह मेजबान बीएसईएस राजधानी पावर और बीएसईएस यमुना पावर हैं जो रिलायंस पावर की विद्युत वितरण कंपनियां है। ध्यान देने योग्य बात है कि मुख्य मेजबान टाटा पावर के सीईओ कई बार ऐलान कर चुके हैं कि टाटा पावर उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम को खरीदने की लिए बेताब है। संघर्ष समिति ने कहा कि ध्यान देने योग्य बात यह है कि इसी प्रकार की डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी मीट नवंबर 2024 में लखनऊ में हुई थी। इसी मीट में ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन का गठन किया गया था जिसमें महाराष्ट्र विद्युत वितरण निगम के सीएमडी लोकेश चंद्र को अध्यक्ष बनाया गया, उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन के अध्यक्ष आशीष गोयल को महामंत्री बनाया गया और नोएडा पावर कंपनी के पी आर कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया। लखनऊ में हुई मीट के कुछ दिन बाद ही पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की घोषणा कर दीगई थी। संघर्ष समिति ने कहा डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी मीट 2025 के एजेंडा से बिल्कुल साफ हो गया है कि उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण की प्रक्रिया तेज की जा रही है और इसके बाद महाराष्ट्र में बिजली के निजीकरण की पूरी तैयारी है। ऐसे में संघर्ष समिति ने महाराष्ट्र के बिजली कर्मियों से अपील की है कि वे चार-पांच नवंबर को मुंबई में होने वाली डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी मीट 2025 का पुरजोर विरोध करें। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन के 296वें दिन आज बिजली कर्मियों ने प्रांत भर में व्यापक विरोध प्रदर्शन किया। आज मुख्यतया वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्जापुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, नोएडा, गाजियाबाद, मुरादाबाद में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।

- मुंबई में होने वाली मीट के आयोजक , होस्ट और समर्थक संगठनों में निजी घरानों का प्रभुत्व
- ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन की निजीकरण में मुख्य भूमिका के चलते उप्र में




### विपक्ष के झूठ–फरेब को भाजपा कार्यकर्ता त्रिशक्ति फार्मूले से ध्वस्त करेंगे

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि त्रिशक्ति फार्मूले से सशक्त शक्ति केन्द्र, मजबूत बूथ और प्रभावी मंडल भाजपा की निश्चित विजय का आधार बनेगें। उन्होंने कहा कि विपक्ष के झूठ-फरेब को भाजपा कार्यकर्ता त्रिशक्ति फार्मूले से ध्वस्त करें। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन से प्रारम्भ हुए सेवा पखवाड़े के तहत सभी कार्यक्रमों को प्रभावी रूप संपन्न करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव, स्नातक/शिक्षक एमएलसी चुनाव के साथ ही विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए शक्ति केन्द्र की मजबूत संरचना तैयार करना है। धर्मपाल सिंह इटावा तथा औरैया में शक्ति केन्द्र संयोजक, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इसके साथ ही उन्होंने अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। पार्टी के पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधि, पूर्व जिलाध्यक्ष, अभियान के संयोजक तथा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ भी बैठक में चर्चा की।

## एक नजर

### एनडीपीएस पदार्थ की तस्करी का मामला दर्ज

**लखनऊ।** विशिष्ट खुफिया जानकारी और आगे के विश्लेषण के आधार पर, चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, लखनऊ के सीमा शुल्क अधिकारियों ने 8 पैकेटों में पैक किए गए एनडीपीएस पदार्थ की तस्करी का मामला दर्ज किया है। जिसमे गांजा/मारिजुआना (हाइड्रोपोनिक बीड) होने का संदेह है। इन 8 पैकेटों में एनडीपीएस पदार्थों से भरे बैगों को ढकने वाले वैक्यूम पैक प्लास्टिक थे। दो यात्री 17.09.2025 को बैंकॉक से लखनऊ के लिए उड़ान संख्या FD146 द्वारा चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, लखनऊ पहुंचे। यात्रियों को रोका गया और ड्यूटी पर तैनात सीमा शुल्क अधिकारियों एआईयू द्वारा उनके व्यक्तिगत सामान और बैगेज की एक्स-रे जांच के लिए ग्रीन चैनल पर भेजा गया। तत्पश्चात, यात्रियों द्वारा लाये जा रहे उनके काले रंग के बैगपैक की जांच करने पर, 8 पॉलिथीन पैकेट बरामद किए गए।, जिनमें हरे रंग का एनडीपीएस पदार्थ था। जिसमे गांजा/मारिजुआना (हाइड्रोपोनिक वीड) होने का संदेह था। जिसका शुद्ध वजन 4.917 किलोग्राम था। जब हरे रंग की सामग्री का परीक्षण किया गया, तो प्रथम दृष्टया यह गांजा/मारिजुआना (हाइड्रोपोनिक वीड) प्रतीत हुआ। उक्त पदार्थ का मूल्य लगभग 4.917 करोड़ रुपये है। उपरोक्त के मद्देनजर, यह स्पष्ट है कि यात्रियों ने एनडीपीएस अधिनियम, 1985 की धारा 8 के प्रावधानों का उल्लंघन किया है और एनडीपीएस अधिनियम 1985 की धारा 20 और धारा 23 के तहत दंडनीय अपराध किया है। तदनुसार, यात्रियों को 18.09.2025 को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 की धारा 43 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। हरा रंग का पदार्थ गांजा/मारिजुआना (हाइड्रोपोनिक बीड) होने का संदेह होने पर एनडीपीएस अधिनियम, 1985 की धारा 43 के तहत पैकेजिंग सामग्री के साथ इसे जब्त कर लिया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

### बालिका विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



**लखनऊ।** बालिका विद्यालय इंटरमीडिएट कॉलेज मोतीनगर लखनऊ में आज सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 30 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का आयोजन पूनम यादव और मंजुला यादव के निर्देशन में हुआ। सेवा पखवाड़ा 2025 पूरे देश में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक विकसित भारत की व्यापक थीम के साथ मनाया जाएगा। यह थीम भारत को वर्ष 2047 तक पूर्ण विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की परिकल्पना करती है जो बहुआयामी प्रगति की यात्रा को दर्शाती है। इसमें आर्थिक विकास, सामाजिक विकास, संस्कृति, समृद्धि, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुशासन, खेल, सेवा, ग्रामीण विकास, कृषि, डिजिटल परिवर्तन, नवाचार एवं उद्यमिता में तीव्र प्रगति को प्राथमिकता दी गई है। इसी के साथ यह महिलाओं एवं युवाओं में सशक्तिकरण व वैश्विक नेतृत्व एवं कूटनीति में भारत की भूमिका को रेखांकित करता है जबकि सेवा समावेशिता व राष्ट्रनिर्माण की भावना को सुदृढ़ करती है। छात्राओं ने इन्हीं विचारों पर आधारित पोस्टर्स बनाएं। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ लीना मिश्र एवं शालिनी श्रीवास्तव द्वारा प्रथम, द्वितीय और तृतीय परिणाम घोषित किए गए। कक्षा 12 की पलक निषाद प्रथम, रिया चन्द्रा द्वितीय और मधु तृतीय स्थान पर रहीं। प्रधानाचार्य डॉ लीना मिश्र ने सभी प्रतिभागी छात्राओं को भी बधाई दी।

### इनोवेशन, इन्वेस्टमेंट और आईटी ग्रोथ पर जोर




**लखनऊ।** ताज होटल में एसटीपीआई द्वारा "स्टार्टअप/इंडस्ट्री मीट एवं इन्वेस्टर कनेक्ट प्रोग्राम" आयोजित किया गया, जिसमें आईटी इंडस्ट्री, स्टार्टअप्स, इन्वेस्टर्स और नीति निर्माताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य टेक्नोलॉजी, इनोवेशन, सहयोग और ग्रोथ पर विचार-विमर्श रहा। उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. जी.एन. सिंह (सलाहकार, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश), प्रो. एम.एल.बी. भट्ट (निदेशक, कैंसर संस्थान लखनऊ), श्रीमती नेहा जैन (विशेष सचिव, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स), श्री रवि रंजन (एमडी, यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन) सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।डॉ. प्रवीण कुमार द्विवेदी ने बताया कि एसटीपीआई के 68 केंद्रों में से 60 टियर-2 और टियर-3 शहरों में हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में 10.67 लाख करोड़ रुपये का आईटी/आईटीईएस निर्यात दर्ज किया गया, जिसमें यूपी का योगदान 47,887 करोड़ रहा। लखनऊ में मेडटेक सेंटर के तहत 55 स्टार्टअप्स कार्यरत हैं और 17 पेटेंट दर्ज किए गए।एनजीआईएस योजना से देशभर में 686 स्टार्टअप्स को लाभ मिला, जिसमें यूपी के 75 स्टार्टअप शामिल हैं। हेल्थटेक, मेडटेक, फार्मा और रिस्पांसिबल एआई पर जोर दिया। डॉ. जी.एन. सिंह ने 2047 तक उत्तर प्रदेश को 6 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने में स्टार्टअप्स और आईटी की भूमिका पर बल दिया।

### 2 अक्टूबर तक चलेगा सशक्त परिवार अभियान

**लखनऊ।** मोहनलालगंज ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला ने क्षेत्र वासियों से अपील करते हुए कहा कि दिनांक 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले (स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान) के तहत क्षेत्र की गर्भवती महिलाएं, किशोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, आयुष्मान आरोग्य मन्दिर व एनएम केन्द्रों पर जा कर गैर संचारी रोग, T.B., खून की कमी की जांच, गर्भवती महिलायें अपनी प्रसव पूर्व जाँचे व अती महत्वपूर्ण बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए उनका सम्पूर्ण टीकाकरण जरूर कराएं।

### चौकी इंचार्ज की शिथिलता से ट्रैक्टर चोर बेखौफ

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा पुलिस कार्यप्रणाली को चुस्त दुरुस्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण जनपदों में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू की गयी है। परन्तु जनपद के कई कोतवालियों व पुलिस चौकियों में तैनात पुलिस कर्मी जहाँ अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक नहीं कर पाने से सरकार की जीरो टालरेंश नीति पर प्रश्नचिह्न लगा रहें है, वहीं पीड़ित चोरी का मुकदमा पंजीकृत कराने में थानों के चक्कर लगाते लगाते थकहार कर परेशान हो जाते हैं जिसका फायदा उठाकर पुलिस मुकदमा दर्ज करने से बच कर उच्चाधिकारियों की समीक्षा बैठक में अन्य की अपेक्षा वाहवाही लूटते हैं। पीड़ित सुनील तिवारी गौशाला रोड,बालागंज थाना ठाकुरगंज निवासी द्वारा उनका ट्रैक्टर सं0- यूपी 32 ईबी 1873 को 14 अगस्त 2025 को रात्रि में स्वराज ट्रैक्टर ट्राली चोरी करके उठा ले गये, उक्त ट्रैक्टर पीड़ित की पत्नी गुड़िया के नाम पंजीकृत है। पीड़त सुबह जब अपनी दुकान पर गया तो ट्रैक्टर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चुराकर गायब कर दिया गया। चोरी घटना की त्वरित सूचना कंट्रोल रूम 112 पर दी गयी पुलिस ने थाने जाकर तहरीर देने को कहा,जिसपर मुकदमा पंजीकृत किया गया। पीड़ित द्वारा काफी खोजबीन करने पर ट्रैक्टर नहीं मिल पाया। जबकि पारा थाने से चोरी गया ट्रैक्टर सीतापुर में जाकर बरामद कर लिया, परन्तु प्रार्थी की तहरीर पर चोरी गये ट्रैक्टर की खोजबीन में विवेचक की शिथिलता व उदासीनता के चलते पीड़ित दु:खी एवं परेशान होकर,नित्य विवेचक के पास जाकर मायूस होकर घर वापस लौट आता है। पीड़ित विवेचक को भरपूर सहयोग देकर गहन जाँच पड़ताल में सीसीटीवी फुटेज भी दिया परन्तु उक्त दिशा में जाँच न बढाने से पीड़ित चिन्तित है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लखनऊ में चोरी किये गये ट्रैक्टर को चोरों द्वारा सीतापुर व लखीमपुर में ग्रामीण किसानों को बेच कर, फिर लखनऊ व आस पास रेकी करके नये शिकार की खोज में निकल पड़ते हैं। चोरों द्वारा किसानों के ट्रैक्टरों की चोरी करके बेचने का नया फार्मूला बनाकर घटनाएं कारित कर रहे हैं।

### संदिग्ध हालात में मिला मजदूर का शव

**लखनऊ।** नगराम थाना क्षेत्र के छतौनी गांव में शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर इंदिरा नहर किनारे बने एक ड्रेनेज नाले में गांव के ही 35 वर्षीय मजदूर युवक रामफेर का शव पड़ा मिला। शव के पास शराब की दो खाली डिब्बियां और दो गिलास पड़े थे, जबकि मृतक का मोबाइल फोन और चप्पलें मौके से गायब थीं। परिजनों ने हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नगराम थाना क्षेत्र के छतौनी गांव निवासी रामफेर की पत्नी मीरा ने बताया कि बीते गुरुवार शाम करीब 7 बजे उसका पति खाना खा रहा था। इसी दौरान उसके मोबाइल फोन पर एक कॉल आया। कॉल रिसीव करने के बाद रामफेर ने पत्नी से कहा कि थोड़ी देर में लौट आऊंगा, जरूरी काम है। जब देर रात तक कोई सुराग नहीं मिला तो पत्नी मीरा,भाई और अन्य परिजनों ने गांव भर में खोजबीन शुरू की,लेकिन रामफेर का कोई पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने इंदिरा नहर किनारे प्लाटिंग साइड के पास नाले में शव पड़ा देखा।

# 7.5 मीटर चौड़ी सड़क पर पास होगा नक्शा

## एलडीए की योजना में नक्शा पास कराने के लिए नहीं देना होगा साइट प्लान



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** राजधानी में 7.5 मीटर चौड़ी सड़क पर भी भवन के नक्शे पास होंगे। सड़क शासकीय विभाग द्वारा निर्मित है, इसका सत्यापन खुद आर्किटेक्ट कर सकेंगे और इसके लिए सम्बंधित विभाग से कोई प्रमाण पत्र नहीं लेना पड़ेगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने नक्शा पास कराने की व्यवस्था में सुधार करते हुए प्रक्रिया को सरल कर दिया है। एलडीए उपाध्यक्ष ने शुक्रवार को आर्किटेक्ट्स के साथ बैठक करके उन्हें नये नियमों के बारे में जानकारी दी। साथ ही नक्शे में आपत्ति लगने की दिशा में आर्किटेक्ट्स की जिम्मेदारी भी तय की।

बैठक में अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा व मुख्य नगर नियोजक के0के0 गौतम समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे। बैठक में आर्किटेक्ट द्वारा वार्षिक रूप से जमा किये जाने वाले नक्शों की समीक्षा की गयी। नक्शा पास कराने में क्या दिक्कत आती है, कितना समय लगता है, किस तरह की आपत्ति लगती है, इन सबके बारे में उपाध्यक्ष ने जानकारी हासिल की। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि नये बिल्डिंग बायलॉज के अंतर्गत शहर में शासकीय विभाग द्वारा निर्मित 7.5 मीटर चौड़ी सड़क पर भी भवन मानचित्र स्वीकृत किये जा रहे हैं। अभी तक प्रचलित व्यवस्था के तहत आवेदक को सम्बंधित विभाग से यह प्रमाण पत्र लेकर देना होता था कि उक्त सड़क विभाग द्वारा ही निर्मित है। इसमें काफी समय लगता था और मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया में देरी होती थी। इसे ध्यान में रखते हुए व्यवस्था को सरल कर दिया गया है। अब नक्शा दाखिल करने वाले आर्किटेक्ट यह स्वयं सत्यापित कर सकेंगे कि सड़क किस सरकारी विभाग की है। एलडीए इसी के आधार पर मानचित्र स्वीकृत कर देगा। बैठक में आर्किटेक्ट ने बताया कि एलडीए की खुद की योजनाओं में भवन मानचित्र स्वीकृत कराने पर भी आवेदक से ही साइट प्लान मांगा जाता है। जबकि, सम्बंधित रिकॉर्ड प्राधिकरण के पास पहले से मौजूद हैं।

इस पर उपाध्यक्ष ने आदेश जारी किये कि अब से एलडीए की योजनाओं के भवन मानचित्रों में आवेदक से साइट प्लान नहीं मांगा जाएगा, यह काम प्राधिकरण के स्तर से मानचित्र अनुभाग करेगा। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि पूर्व से निर्मित बिल्डिंगों में अगर पार्किंग की जगह कम है तो मैकेनाइज्ड/ऑटोमेटेड पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित कराने पर भी शमन मानचित्र स्वीकृत किया जाएगा। समीक्षा में पाया गया कि कुछ आर्किटेक्ट मानचित्र के साथ जरूरी शपथ पत्र नहीं लगा रहे तो कोई एफ0ए0आर0 की गणना में गलती कर रहे हैं। इसके अलावा कुछ आर्किटेक्ट नक्शों में आपत्ति लगने पर सुधार करने के बजाए फिर से वही गलती दोहराते हुए नक्शा जमा कर रहे हैं। इससे मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया बेवजह लंबित हो रही है। इस पर उपाध्यक्ष ने सख्ती दिखाते हुए निर्देश दिये कि मानचित्र में तीसरी आपत्ति के बाद आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।

### भूखण्डों पर अवैध कब्जे, जांच कमेटी गठित



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शुक्रवार को गोमती नगर योजना के व्यावसायिक व ग्रुप हाउसिंग भूखण्डों का निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ भूखण्डों पर अवैध कब्जे मिलने पर उपाध्यक्ष ने नाराजगी जताते हुए पूरे मामले में रिपोर्ट तलब की है। इसके लिए जांच कमेटी गठित की गयी है, जोकि 15 दिन में अपनी रिपोर्ट देने के साथ अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई करेगी। जिसके बाद इन भूखण्डों को ई-ऑक्शन में लगाकर बेचा जाएगा। उपाध्यक्ष ने सबसे पहले विभूति खण्ड के खाली भूखण्डों का निरीक्षण किया। इसमें निर्माणाधीन रेलवे स्टेशन के पास लगभग 3200 वर्गमीटर क्षेत्रफल के व्यावसायिक भूखण्ड पर झुग्गी बस्ती मिली। यहां अवैध कब्जेदारों द्वारा कबाड़, मोटर सर्विस सेंटर, बैटरी चार्जिंग, केमिकल आदि का व्यवसाय किया जा रहा था। इस पर उपाध्यक्ष ने सम्बंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कब्जे हटाने के निर्देश दिये। इसी तरह पॉलीटेक्निक चौराहे के पास लगभग 1500 व 2000 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्डों पर भी अवैध कब्जे पाये गये। जांच में पता चला कि दोनों भूखण्ड नीलामी के जरिए बेचे जा चुके हैं, लेकिन आवंटी ने अभी तक रजिस्ट्री नहीं करायी है। इस पर उपाध्यक्ष ने ऐसे आवंटियों के खिलाफ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इस क्रम में उन्होंने डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल के पास स्थित व्यावसायिक भूखण्डों का निरीक्षण किया। एक भूखण्ड पर कुछ लोग ठेले-खोमचे लगाकर व्यावसाय कर रहे थे। वहीं, दूसरे भूखण्ड पर कार सर्विस व वॉशिंग सेंटर संचालित मिला। इसके बाद उपाध्यक्ष ने वास्तु खण्ड और विराज खण्ड-2 में स्थित खाली भूखण्डों का निरीक्षण किया। यहां भी कुछ भूखण्डों पर छिटपुट अवैध अतिक्रमण मिलने पर उपाध्यक्ष ने अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की है। यह कमेटी 15 दिन के अंदर स्थल निरीक्षण करके भूखण्डों की वर्तमान स्थिति के बारे में रिपोर्ट देगी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि अगर भूखण्ड किसी को आवंटित नहीं है और स्वामित्व को लेकर किसी भी तरह का वाद प्रचलित नहीं है तो सम्पत्ति को तुरंत कब्जा मुक्त कराकर ई-ऑक्शन में विक्रय के लिए लगाया जाएगा। निरीक्षण में जोनल अधिकारी संगीता राघव एवं विपिन कुमार शिवहरे, अधिशासी अभियंता अशोक कुमार एवं मनोज सागर समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।

## ज्यादा भव्य और विशाल होगा गोमती पुस्तक महोत्सव का चौथा संस्करण




**लखनऊ।** कवियों, साहित्यकारों, विचारकों और विद्वानों का ऐतिहासिक शहर लखनऊ अब पुस्तकों, संवाद, सृजनात्मकता और संस्कृति के जीवंत संगम का साक्षी बनने जा रहा है। यहां 20 से 28 सितम्बर 2025 तक लखनऊ विश्वविद्यालय में चौथा गोमती पुस्तक महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस महोत्सव का आयोजन राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार और लखनऊ विश्वविद्यालय के सहयोग से किया जा रहा है। इसका शुभारंभ 20 सितम्बर 2025 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। उद्घाटन समारोह में माननीय उच्च शिक्षा मंत्री श्री योगेन्द्र उपाध्याय, माननीय मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री अवनीश के. अवस्थी, पद्मश्री सम्मानित डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी, एनबीटी-इंडिया के अध्यक्ष प्रो. मिलिंद सुधाकर मराठे, लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मनुका खन्ना और एनबीटी-इंडिया के निदेशक श्री युवराज मलिक की विशिष्ट उपस्थिति रहेगी। शुक्रवार को राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत के निदेशक श्री युवराज मलिक, लखनऊ विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर प्रो मनुका खन्ना एवं संयुक्त निदेशक, प्रदर्शनी मयंक सरोलिया ने इस बाबत जानकारी दी। प्रो मनुका खन्ना ने कहा कि यह लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है कि राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के सहयोग से विश्वविद्यालय में इतना बड़ा आयोजन होने जा रहा है। पठन-पाठन की संस्कृति को संवर्द्धित करने के राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के साझा सहयोग से ही यह संभव होने जा रहा है। माननीय राज्यपाल के मार्गदर्शन में हम 'पढ़े लखनऊ, बढ़े लखनऊ' और 'पढ़े विश्वविद्यालय, बढ़े विश्वविद्यालय' के लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए अब एनबीटी के सहयोग से भव्य गोमती पुस्तक महोत्सव के साक्षी बनने जा रहे हैं। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत के निदेशक युवराज मलिक ने कहा कि "अब तक हम रिवर फ्रंट पर पुस्तक महोत्सव का आयोजन करते थे। लखनऊ के पाठकों - पुस्तक प्रेमियों के सहयोग से अब यह और भी ज्यादा भव्य और विशाल हो गया है। जिसमें देश भर से 225 से ज्यादा प्रकाशकों के बुक स्टॉल भी शामिल होंगे। इस दौरान विशेष वक्ताओं में आईआईटी लखनऊ के निदेशक डॉ. अरुण मोहन शेरी, वरिष्ठ लेखक गुलाब कोठारी, रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के चांसलर एवं लेखक संतोष चौबे, लेखक-कवि-अभिनेता अखिलेंद्र मिश्रा, उपन्यासकार शीला रोहेकर, कथाकार शिवमूर्ति, पद्मश्री से सम्मानित लेखिका डॉ. विद्या विंदु सिंह तथा चर्चित अवधी कवि-लेखक व संपादक डॉ. रामबहादुर मिश्रा आदि शामिल रहेंगे।बच्चों के लिए विशेष चिल्ड्रन्स पेवेलियन होंगे, जहाँ 'चित्रोत्सव – ड्रॉ, डूडल, डिस्कवर' नामक रचनात्मक कला कार्यशाला, म्यूजिकल स्टोरीटेलिंग, कठपुतली शो, ओरिगामी, पोस्टर निर्माण, वैदिक गणित, माइंडफुलनेस एक्टिविटीज, तथा कहानी लेखन व चित्रण प्रतियोगिताएँ होंगी। इसके अतिरिक्त आगंतुक राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय का अनुभव कर सकेंगे, जो भारतीय भाषाओं और विविध शैलियों की 3,000 से अधिक ई-पुस्तकों तक नि:शुल्क पहुँच उपलब्ध कराता है। पंजीकरण करने पर एनबीटी कृतियों पर 10% तक की विशेष छूट भी मिलेगी।चौथा गोमती पुस्तक महोत्सव (20–28 सितम्बर 2025, प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक, नि:शुल्क प्रवेश) लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित होगा। यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि साहित्य, कला और संस्कृति के इस भव्य उत्सव में सभी को सहभागी बनने का आमंत्रण है।

## छोटी से लेकर बड़ी कंपनियाँ तक समाज में योगदान देती हैं : कौर

### विद्यांत हिंदू पीजी कॉलेज में व्यवसाय और समाज पर संगोष्ठी



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** विद्यांत हिंदू पीजी कॉलेज के वाणिज्य विभाग ने 19 सितंबर, 2025 को व्यवसाय और समाज पर एक दिवसीय संगोष्ठी और विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व कॉलेज की प्राचार्य प्रो. धर्म कौर ने किया, जिन्होंने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि छोटी से लेकर बड़ी तक, सभी कंपनियाँ समाज में योगदान देती हैं और उन्हें ऐसा करने के लिए अपने प्रयासों को बढ़ाना चाहिए। संगोष्ठी के मुख्य संचालक वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. राजीव शुक्ला थे, जिन्होंने स्वागत भाषण भी दिया।

उन्होंने समाज और उद्योगों के बीच पारस्परिक संबंधों पर प्रकाश डाला और कहा कि व्यवसाय समाज से वित्त, भूमि, श्रम और कच्चे माल जैसे संसाधन प्राप्त करते हैं और उसे अपने उत्पाद और सेवाएँ बेचते हैं। उन्होंने उद्योगों और समाज के बीच संतुलन की आवश्यकता पर बल दिया और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) की अवधारणा पर चर्चा की। मुख्य वक्ता, प्रो. सलिल चंद्र (सेवानिवृत्त, केकेसी कॉलेज, लखनऊ) ने इस बात पर ज़ोर दिया कि समाज सर्वोपरि है, क्योंकि यह व्यवसायों के विकास को आकार देता है। उन्होंने वस्तु विनिमय प्रणाली से लेकर डिजिटल लेन-देन तक के विकास का वर्णन किया और नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जो व्यवसाय संसाधनों के लिए समाज पर निर्भर हैं, उन्हें स्थायी रूप से संचालित होना चाहिए और समाज में सकारात्मक योगदान देना चाहिए।

वाणिज्य परिषद का हाल ही में पुनर्गठन किया गया है। प्रेरणा तिवारी (अध्यक्ष); आफताब, मोहम्मद तल्हा और शबनम कुमारी को सह-संयोजक, हिमांशु और उद्धव को संयुक्त सचिव और अन्य परिषद सदस्यों को बैज से अलंकृत किया गया। डॉ. शांतनु श्रीवास्तव ने कार्यवाही का संचालन किया। आयोजन समिति में प्रो. दीप किशोर श्रीवास्तव, डॉ. शशिकांत त्रिपाठी, प्रो. मोहम्मद हनीफ, डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. राजकमल गुप्ता, डॉ. दिनेश मौर्य, डॉ. हिमांशु कुमार पांडे, डॉ. कुमार कौटिल्य और डॉ. गीतेश शामिल थे। डॉ. शशिकांत ने धन्यवाद ज्ञापन किया। संगोष्ठी में अनेक शिक्षक, कार्यालय कर्मचारी और छात्र शामिल हुए।

# शिक्षक पर यौन शोषण-छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के पिपरसण्ड स्थित एक विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या ने पीजीटी (इतिहास) के शिक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी पर यौन शोषण, छेड़खानी और महिला उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

प्रभारी प्राचार्या का कहना है कि बृजेश कुमार त्रिपाठी की बहुत शिकायतें छात्रों द्वारा की गई। वह कभी कार्य नहीं करते हैं। उन्हें इस वजह से मेमो भी जारी किया गया था। प्राचार्या का कहना है कि वह उनकी कुर्सी पर झुक कर अपने हर प्रार्थना पत्र पर उनसे जबरन हस्ताक्षर करने का दबाव बनाते हैं। मानसिक रूप से प्रताड़ित भी करते हैं। पीड़िता का कहना है कि वह विद्यालय परिसर में भी उनका पीछा करते हैं। कंधे पर झुक कर, गर्दन के पीछे या सामने से कुर्सी पर झुककर हमेशा बदतमीजी से पेश आते हैं और उन्हें पेटीकोट कहकर संबोधित भी करते हैं। पीड़िता का कहना है कि वह महिला अधिकारी होने के नाते ऐसे छेड़खानी और महिला उत्पीड़न के नाते हमेशा बहुत संयम और धैर्य से काम लेते हुए उनसे दूरी बनाकर रहती हैं। परंतु प्रत्येक दिन उनका इस तरीके का व्यवहार करना उनकी आम आदत बन गई है। प्राचार्या का कहना है की परीक्षा में अर्धवार्षिक परीक्षा के रूप में कच्छ निरीक्षक की ड्यूटी के लिए नामित किया गया तो उन्होंने ड्यूटी करने से साफ मना कर दिया । सुबह प्रातः 8:00 बजे उपस्थिति रजिस्टर पर हस्ताक्षर करके 9:00 बजे सुबह आधी आकस्मिक अवकाश पर हस्ताक्षर करने को कहे।जब उन्हें मना किया गया तो गंभीर और गुप्त रूप से न करने वाला काम करने लगे । विद्यालय प्रशासन के आदेश की अवहेलना करते हुए अपने मोबाइल से वीडियो रिकॉर्डिंग करते हुए अनुचित तरीके से चिल्लाते हुए धमकी देने लगे और हाथापाई करने की कोशिश किये। इस तरीके की घटना वह पूर्व में भी कर चुके हैं। प्राचार्या का कहना है कि जब तब आकर कंधे व गर्दन पर झुक कर छेड़खानी करने का प्रयास करते हैं और अपने कागजों पर जबरन हस्ताक्षर करवाने, बार-बार उत्पीड़न सहकर भी आवासीय विद्यालय का प्रशासन चलाना एक महिला अधिकारी का संयम प्रार्थना एक सीमा तक ही संभव है।

उनके नजदीक आकर अवकाश स्वीकृत करने का प्रयास किया एवं दबाव बनाया जो की लैंगिक संवेदनशीलता के नियमों का भी उल्लंघन है।

### युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र के सैदपुर पुरही गांव निवास 19 वर्षीय युवक सर्वेश कुमार पुत्र स्वर्गीय रामबालक लोधी ने गुरुवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक ने कमरे में पंखे के हुक से साड़ी के सहारे फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर लिया। सुबह माँ द्वारा देखे जाने के बाद घर में कोहराम मच गया। मोहल्ले वाले इकट्ठा हुए प्रधान को सूचना दी गई। ग्राम प्रधान द्वारा सूचना पाकर पहुंची हरौनी पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। युवक के आत्महत्या के कारणों का कोई पता नहीं लगा है। ग्रामीणों में चर्चा है कि युवक ने किसी मानसिक दबाव के चलते यह कदम उठाया है। मृतक अविवाहित था। वहीं परिवार में मां कामिनी छोटे भाई अमरेश 17 वर्ष व एक 16 वर्षीय बहन के साथ रहता था। परिवार में बड़ा होने के कारण मेहनत मजदूरी करके हुए परिवार के भरण पोषण की जिम्मेदारी उसी के कंधे पर थी।

### जीवन पर आधारित फिल्म अजेय का किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा फीनिक्स पलासियो मॉल, आईनॉक्स सिनेमाघर में सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्रद्धेय योगी आदित्यनाथ महाराज के जीवन पर आधारित फ़िल्म अजेय का विशेष प्रदर्शन आयोजित किया गया।

क्षेत्र के सम्मानित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, तारा शक्ति सिलाई केंद्र से जुड़ी मातृशक्तियां तथा रण बहादुर सिंह डिजिटल शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण केंद्रों के युवा साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। योगी जी के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायी कहानियों, और उनके पराक्रम को चलचित्र के माध्यम से देख।

## भोजपुरिया कलाकार की ऑपरेशन टेबल पर मौत

**»** आशीर्वाद सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पर गंभीर आरोप

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बीते गुरुवार शाम एक बड़ी चिकित्सकीय लापरवाही सामने आई। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के साउथ सिटी चौकी स्थित आशीर्वाद सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में नाक की हड्डी का मामूली ऑपरेशन कराने पहुंचे 19 वर्षीय भोजपुरी कलाकार की मौत हो गई।

घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मामला तूल पकड़ते हीश्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष भी मौके पर पहुंचे और धरना शुरू कर दिया। मृतक 19 वर्षीय प्रिंस यादव पुत्र रामबाबू यादव निवासी सेक्टर-16B, वृंदावन योजना, पीजीआई लखनऊ के निवासी है। प्रिंस मूल रूप से रायबरेली के थाना गुरुबक्सगंज क्षेत्र के दिलीप शाह खेड़ा, पोस्ट कुंसा के रहने वाले थे। परिजनों के अनुसार, प्रिंस को नाक में परेशानी थी, जिसके लिए बीते गुरुवार शाम करीब साढ़े छह बजे वह आशीर्वाद अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने उन्हें मामूली ऑपरेशन की सलाह दी और ऑपरेशन थिएटर में ले जाया गया। बताया गया कि यह प्रक्रिया 15 मिनट की थी, लेकिन तीन घंटे बीत जाने के बाद भी प्रिंस बाहर नहीं आए। मृतक प्रिंस के पिता रामबाबू यादव ने रोते हुए कहा नाक की हड्डी का छोटा सा ऑपरेशन कराने लाए थे, लेकिन ऑपरेशन थिएटर से मेरे बेटे की लाश लौटी। डॉक्टरों की लापरवाही ने मेरे बेटे की जान ले ली।परिजनों का कहना है कि जब उन्होंने देर होने पर अस्पताल कर्मियों से पूछताछ की तो उन्हें लगातार टालमटोल किया गया और सच्चाई छिपाने की कोशिश की गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

**आयोजन** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय परिसर स्थित कला मण्डपम में चल रहे त्रि-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का दूसरा दिन

# डॉ.प्रज्ञा प्यासी ने उस्ताद विलायत खान की रिकॉर्डिंग्स पर केस स्टडी प्रस्तुत की




**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय परिसर स्थित कला मण्डपम में चल रहे त्रि-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन संगीत और रंगमंच के विविध आयामों पर गहन विमर्श और शोध प्रस्तुतियाँ हुईं। प्रथम सत्र की अध्यक्षता डॉ. सीमा भारद्वाज एवं डॉ. अमनदीप सिंह ने की।


इस सत्र में डॉ.प्रज्ञा प्यासी ने उस्ताद विलायत खान की रिकॉर्डिंग्स पर केस स्टडी प्रस्तुत की। डॉ.वायिजरसू सुब्रमण्यम ने भूमि दुंदुभी जैसे विलुप्त प्राय प्राचीन भारतीय वाद्य यंत्र पर शोधपरक चर्चा की। कल्पना ने बनस्थली विद्यापीठ के सांगीतिक योगदान पर अपने शोधपत्र का वाचन किया। चर्चा के दौरान डॉ.मनोज मिश्रा ने तबला वाद्य के शिक्षण की औपचारिक शुरुआत का सुझाव दिया,जिसे विशेषज्ञों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया।इस सत्र के दौरान डॉ. नरेश कुमार ने कहा संगीत में उत्कृष्ट शोध तभी संभव है जब अनेक भाषाओं के साथ सामंजस्य स्थापित किया जाए।भारतीय शोध को पश्चिमी शोध के समान मानकों तक पहुँचाने के लिए उनकी अनुसंधान पद्धतियों एवं तकनीकों को अपनाना आवश्यक है। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता प्रो. रवि शर्मा एवं डॉ.नरेश कुमार ने की। इस सत्र में—हरमनजोत कौर ने पंजाब की धरना गायन शैली पर अपना शोध प्रस्तुत किया।दीपिका गाड़ेकर ने भेंडीबाजार घराने की कलाकार सुहासिनी कोरटकर के सांगीतिक योगदान पर कार्य प्रस्तुत किया।उसमीत सिंह ने अपने शोध में कहा कि सबद गायन में फ़िल्मी संगीत का प्रयोग न होकर राग आधारित संकीर्तन ही होना चाहिए।जसविंदर सिंह ने पंजाबी गायिका सुरिंदर कौर के योगदान पर शोधपत्र प्रस्तुत किया।स्मिता राय ने परंपरागत गुरु-शिष्य पद्धति और संस्थागत शिक्षण पद्धति का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया।राणा प्रताप ने पारंपरिक नाट्य शैली और समकालीन हिंदी रंगमंच का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया।सत्र के अंत में डॉ.मनोज मिश्रा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि सुहासिनी कोरटकर,सुरिंदर कौर,काले खान जैसे कलाकारों पर आधारित अध्ययन शोधपत्रों की श्रेणी में नहीं आते,बल्कि वे संपादन का रूप ग्रहण करते हैं। शोधपत्रों का मौलिक होना अनिवार्य है।सत्र का समापन करते हुए डॉ. नरेश कुमार ने प्रतिभागियों को सुझाव दिया कि पीएच.डी.के पूरे सिनॉप्सिस को शोधपत्र के रूप में प्रस्तुत न करें, बल्कि उसके एक छोटे और मौलिक हिस्से को ही पेपर का रूप दें।

### मन की सुंदरता बनाम कुरूपता की कहानी है नाटक शून्य और वृत्त



लखनऊ। एक ही कमरे में रहने वाले दो छात्र, एक सुंदर किंतु बाहरी आडंबरों से घिरा चालाक तो दूसरा अपेक्षाकृत सामान्य पर निश्छल मन का सज्जन। दोनो एक सुंदर युवती के मित्र होते हैं। जहां सुंदर युवक की चालाकी और शातिरपन के चलते युवती उसके रीब नहीं जाती है वहीं सामान्य चेहरे मोहरे वाले सज्जन युवक के प्रति उसका आकर्षष बढ़ता है। यह देख प्रतिशोध में एक दिन सुंदर युवक अपने ही साथी की हत्या कर देता है। अरसे बाद राजधानी में नाटकों का केंद्र रहे राय उमानाथ बली में फिर से नाटकों का मंचन शुरू हुआ और उत्तर प्रदेश आर्टिस्ट एसोसिएशन की ओर मंचित शून्य और वृत्त ने दर्शकों को थियेचर के सुनहरे पुराने दिनों का याद दिला दी। शीतल मुखर्जी के लिए नाटक का निर्देशन पुष्पेंद्र सक्सेना ने किया था जबकि परिकल्पना वामिक खान की थी। सुंदर युवक की भूमिका में सोम गांगुली और असुंदर दोस्त की भूमिका में शुभम भोले ने अपने कैरेक्टर को बखूबी निभाया। युवती के रोल में रोली सिंह ने अपने जानदार अभिनय से दर्शकों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। डॉक्टर की छोटी सी भूमिका में सलिल कुमार ने भी अपनी अदाकारी दिखाई। रंचमंच की दुनिया में अपेक्षाकृत नया नाम रोली सिंह इन दिनों लगातार नाटकों में दिख रही हैं और रविवार को वो संगीत नाटक अकदामी में मंचित हो रहे बादशाह सलामत हाजिर हो में भी प्रमुख भूमिका में दिखेंगी। शून्य और वृत्त नाटक के मंचन के दौरान एक अरसे बाद खुला राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह दर्शकों से खचाखच भरा नजर आया।

# सपा शासन में चरम प्रथम भ्रष्टाचार गुंडागर्दी : स्वतंत्र देव



» आज भाजपा की डबल इंजन सरकार में कानून का राज है : जल शक्ति मंत्री

विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कांग्रेस और सपा पर तंज कसते हुए कहां कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव जातिवाद, परिवारवाद, वंशवाद के नाम पर देश को बांटने की राजनीति कर रहे हैं। सपा शासन में गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार करने वालों को संरक्षण दिया जाता था। आज समाज को जोड़ने के लिए बिना किसी भेदभाव के अंतिम व्यक्ति तक योजनाएं पहुंचाई जा रही हैं। समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। गुरुवार को सर्किट हाउस में वह मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे।

यह सपा का शासन नहीं है कि मथुरा, बरेली, मुरादाबाद, रामपुर में हत्याएं हो जाती थीं और आजम खां के फोन पर दरोगा तुरंत घटनास्थल से बैरंग लौट जाता था। भाजपा शासन में यदि घटना होगी तो अपराधी को दंड और पीड़ित को न्याय मिलेगा। मंत्री सर्किट हाउस में गुरुवार सायं पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने अभिनेत्री दिशा पाटनी के आवास पर फायरिंग और दो शूटरों के गाजियाबाद में एनकाउंटर के सवाल पर कहा कि भाजपा के सख्त शासन का परिचय देकर सपा को आड़े हाथों लिया। उन्होंने सपा के कद्दावर नेता एवं पूर्व मंत्री आजम खां का नाम लेकर कहा कि सपा सरकार में जब कोई घटना होती थी तो आजम खां के फोन पर दरोगा घटनास्थल से लौट जाता था। लेकिन, योगी सरकार में ऐसा नहीं है, लोग अपने को सुरक्षित भी महसूस कर रहे हैं। मंत्री ने पत्रकारों से सवाल किया देखिए बरेली में बताने की जरूरत नहीं है, पहले यहां किसका राज रहता था और आज किसका राज है? आज कोई है जो कानून हाथ में लेकर कहे कि थाना खाली करो, मैं चलाऊंगा थाना...। चाहे जिला पंचायत हो, ब्लॉक प्रमुखी या ग्राम

विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि जब कांग्रेस व सपा की सरकार होती थी तो ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, विधानसभा और लोकसभा के चुनाव में गुंडागर्दी की जाती थी। सरकारी विभागों में तब उन्हीं के लोगों की नियुक्तियां होती थीं। आज लाख नियुक्तियां हुई हैं, लेकिन कोई भेदभाव नहीं किया गया है। भाजपा के शासन में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की भावना से कार्य किया जा रहा है।

राहुल गांधी के वोट की लूट किए जाने का आरोप लगाने संबंधी सवाल पर कहा कि कांग्रेस ही लूट करती थी। आज कानून की व्यवस्था है, इसलिए उनके पसीने छूट रहे हैं। यह बताने की जरूरत नहीं कि बरेली में किसका राज रहता था और आज किसका राज चल रहा है। डबल इंजन की सरकार में हर तरफ खुशहाली का रास्ता है। इस मौके पर सांसद छत्रपाल गंगवार, वन मंत्री धर्मपाल सिंह समेत पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पे कमीशन गठन में देरी व अफसरशाही के खिलाफ रेलवे कर्मचारियों का प्रदर्शन

» रेलवे कॉलोनियों की हालत जर्जर है, आवास रहने योग्य नहीं हैं : त्यागी



विश्ववार्ता संवाददाता

**शाहजहांपुर।** पे कमीशन गठन में हो रही देरी, रेलवे कालोनी की दुर्दशा, कर्मचारियों के काम के घंटे तय न होना और रेलवे में बढ़ रही अफसरशाही के विरोध में शुक्रवार को ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा के आह्वान पर एनआरएमयू शाहजहांपुर शाखा ने जोरदार प्रदर्शन किया। शाखा अध्यक्ष रामोतार शर्मा व शाखा सचिव शिवकुमार सक्सेना के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कर्मचारी रेलवे परिसर में जुटे।

प्रदर्शन में सहायक मंडल मंत्री एनआरएमयू मुरादाबाद नरेंद्र कुमार त्यागी ने कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हर दस वर्ष पर पे कमीशन की रिपोर्ट लागू होनी चाहिए।

जनवरी 2026 से नया वेतन आयोग लागू होना चाहिए, लेकिन सरकार ने अभी तक आयोग का गठन ही नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग गठन में हो रही अनावश्यक देरी से सरकार की मंशा स्पष्ट नहीं है। त्यागी ने कहा कि रेलवे कॉलोनियों की हालत जर्जर है, आवास रहने योग्य नहीं हैं। इसके जीर्णोद्धार और नए आवास निर्माण के लिए अलग से बजट जारी किया जाना चाहिए। साथ ही सिग्नल कर्मचारियों, गेटमैन व ट्रैकमैन की ड्यूटी 8 घंटे तय की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र पे कमीशन का गठन कर रिपोर्ट लागू नहीं की, तो कर्मचारियों को राष्ट्रव्यापी आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। शाखा सचिव शिवकुमार सक्सेना ने कहा कि रेलवे अफसरों द्वारा कर्मचारियों का लगातार मानसिक शोषण किया जा रहा है। उन्हें अपमानित कर दबाव बनाया जा रहा है।

वहीं शाखा अध्यक्ष रामोतार शर्मा ने कहा कि 19 सितंबर का दिन संगठन के लिए ऐतिहासिक है, क्योंकि आज ही के दिन पठानकोट में संगठन के पांच साथियों ने शहादत दी थी। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा को केशरीलाल, जितेंद्र कुमार, समरदीप, विक्रम, राजीव और धनंजय ने भी संबोधित किया। इस दौरान संजीव, धर्मेंद्र, आशीष, कौशिक, अन्नू, लालाराम, कौशल, सुशील, भगवानदास, रामू, सुमित, रवि, अजीत, चंदा, रानू, जौहरबानो, सुमन, नरवीर, अरविंद समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

# दुर्गा मंदिर बनेगा कॉरिडोर, नापजोख शुरू होते ही व्यापारियों की धड़कने हुई तेज



विश्ववार्ता संवाददाता

**शाहजहांपुर।** विश्व प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर को लेकर कॉरिडोर निर्माण की तैयारी ने शहर में हलचल मचा दी है। माना जाता है कि यहां हर साल लाखों श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। पड़ोसी देशों से भी भक्त यहां पहुंचते हैं। ऐसे में काशी, मथुरा और अयोध्या की तर्ज पर दुर्गा मंदिर का कॉरिडोर बनाने की कवायद तेज हो गई है। लोकप्रिय जिलाधिकारी ने पहल करते हुए मंदिर के चारों ओर चौड़ीकरण कार्य की योजना बनाई है।

इसी क्रम में प्रशासन ने नापजोख कर लाल निशान लगा दिए हैं। मंदिर के चारों तरफ सकरी गलियां और अतिक्रमण होने से दुकानदारों में खलबली मच गई है। लाल निशान लगते ही बाजार में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। कोई कह रहा था चलो, विकास पुरुष से मिलकर अपनी बात रखते हैं। तो कोई दूसरे को जवाब देता मिला करना तो सरकार को ही है। गुदड़ी बाजार और मंडी क्षेत्र के व्यापारी सबसे ज्यादा सशंकित हैं। उनका कहना है कि यदि केवल अतिक्रमण हटवाया जाए तो समस्या हल हो सकती है लेकिन कॉरिडोर बनने पर दुकानों का भारी नुकसान होगा। व्यापारियों का सवाल है क्या वाकई कॉरिडोर की इतनी जरूरत है। अब सबकी निगाहें इस पर टिकी हैं कि व्यापारी संगठनों का रुख क्या होगा और प्रशासन किस तरह श्रद्धालुओं की सुविधा और व्यापारियों की चिंता के बीच संतुलन साधेगा।

# स्कूल जाते समय हादसा, भाई-बहन की कम्बाइन से कुचलकर मौत

विश्ववार्ता संवाददाता

**शाहजहांपुर।** सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। ग्राम पंचोली निवासी श्रीनिवास मिश्रा के बेटे कुंदन बेटी नमामि व बेटी की सहेली नैना तिवारी स्कूल जाते समय कम्बाइन की चपेट में आ गई। जिसमें भाई बहन कुंदन व नमामि की मौके पर ही मौत हो गई तथा नैना घायल हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में गमगीन माहौल छा गया।

मिली जानकारी के मुताबिक कुंदन मिश्रा (16) कक्षा 8 का छात्र था और उसकी बहन नमामि मिश्रा (12) कक्षा 6 में पढ़ती थी। दोनों रोज की तरह मंसूरपुर स्थित प्राइवेट स्कूल में पढ़ाई करने जा रहे थे। सुबह वे बाइक से निकले थे। बताया जाता है कि जैसे ही उनकी बाइक चांदापुर-ददरौल रोड पर पहुँची, तभी पीछे से आ रही कम्बाइन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों पिछले पहिए की चपेट में आकर मौके पर ही कुचल गए। घटना के बाद चीख-पुकार मच गई और बड़ी संख्या में राहगीर जुट गए। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। वहीं कम्बाइन को थाने में खड़ा कर चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन बेसुध हो गए।

# सड़क चौड़ीकरण के खिलाफ सपाइयों का हंगामा, कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

» मंडी क्षेत्र की दुकानों व मकानों को हटाने की कार्रवाई का विरोध हुआ तेज



विश्ववार्ता संवाददाता

**शाहजहांपुर।** नगर निगम द्वारा सड़क चौड़ीकरण के नाम पर लोहारो वाले चौराहे, मोहल्ला अलीशा, बीबी सही चौराहा, हैंडल खेल और मोहम्मद है मंडी क्षेत्र की दुकानों व मकानों को हटाने की कार्रवाई का विरोध तेज हो गया है। जिला व नगर प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने के लिए चिन्हित दुकानदारों और मकान मालिकों को दो दिन का समय दिया है। इसमें वे भी शामिल हैं जिनके पास निजी बैनामे हैं और जिनकी दुकानें नाले से पीछे बनी हैं। इसी के विरोध में शुक्रवार को सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खां के नेतृत्व में सैकड़ों लोग खिरनीबाग स्थित जीआईसी मैदान पर इकट्ठा हुए। इसके बाद उन्होंने नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट परवेन्दर सिंह को सौंपा। सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने कहा कि जिन दुकानदारों के पास वैध बैनामा है, उनकी दुकानों को न हटाया जाए। साथ ही जो दुकानें नाले से पीछे बनी हैं, उन्हें तोड़ने का कोई औचित्य नहीं है।

उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम प्रशासन गरीबों पर अन्याय कर रहा है। चेतावनी दी कि अगर उत्पीड़न जारी रहा तो समाजवादी पार्टी आंदोलन करने को बाध्य होगी। प्रदर्शन में पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा, संजीव कुमार वर्मा, अतिउल्ला सिद्दीकी सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनमें आशु गुप्ता, राजा, हर्षित, मोहित, अनिल शर्मा, श्यामबाबू शर्मा, शमी उल्ला, जावेद, शब्बू, सुल्तान, वसीम, जुनैद, साबिर, मोहम्मद अजीब अहमद, जैन, मोहम्मद कासिम मंसूरी, बारिस अली, मोहम्मद दानिश, ओपी दिनकर, श्यामजी, सुनील मौर्य, अशरफ खान, मोहम्मद कमल, सद्दाम, सलमान, आरिफ, आमिर, रिजवान, सईद खान, कुलदीप दीक्षित, कामिल, नीरज मौर्य, सोनी शर्मा, हरिओम, परवेज कुरैशी, मेराज, अमन यादव, अन्नू गुप्ता, अंकूत गुप्ता, सनी गुप्ता, राजीव वर्मा, राकेश सक्सेना और राजू सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

## दिशा पाटनी के घर फायरिंग केस

# शाही क्षेत्र में मुठभेड़ के बाद दो आरोपी दबोचे, एक के पैर में गोली





विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** अभिनेत्री दिशा पाटनी के बरेली स्थित आवास पर हाल ही में हुई फायरिंग की घटना के मामले में पुलिस ने लगातार अभियान चलाकर आरोपियों की तलाश तेज कर दी थी। शुक्रवार को शाही थाना क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो और आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए। मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरे को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया।

पुलिस के अनुसार, सूचना मिली थी कि फायरिंग केस में वांछित दो आरोपी शाही थाना क्षेत्र में देखे गए हैं। इस पर पुलिस टीम ने इलाके में सघन चेकिंग शुरू की। बदमाशों को रोकने की कोशिश की गई तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। इस दौरान एक गोली आरोपी रामनिवास उर्फ दीपू के पैर में लग गई, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने उसे दबोच लिया। वहीं, उसका साथी अनिल भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन पुलिस की घेराबंदी में वह भी पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपी रामनिवास उर्फ दीपू राजस्थान के जनपद बियावर, थाना जैतारण क्षेत्र के ग्राम बेडकला का रहने वाला है। उस पर 25,000 रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। दूसरा आरोपी अनिल हरियाणा के जनपद सोनीपत, थाना बड़ी राजपुर का निवासी है। उसके पास से .32 बोर की एक पिस्टल बरामद की गई है। दोनों ही आरोपी दिशा पाटनी के आवास पर फायरिंग की वारदात में शामिल बताये गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। गौरतलब है कि 12 सितंबर को बरेली में दिशा पाटनी के घर के बाहर दो बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी। इस घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई थी। जानकारी मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई थीं।

वरिष्ठ पुलिस ने बताया कि 12 सितंबर को रिटायर्ड को जगदीश पाटनी के घर पर हुई फायरिंग हुई थी। जिसमें एफ आई आर दर्ज की गई थी।अनावरण के लिए अपराधियों के विरुद्ध अलग-अलग टीम में गठित की गई थी , बरेली यूनिट एसोसिएट टीम को टेस्ट किया गया था।घटना को कार्य करने वाले दो शूटर अरविंद और रविंद्र को एसटीएफ यूपी पुलिस हरियाणा पुलिस व दिल्ली पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई, जिसमें उनकी मृत्यु हो गई थी वही दो आरोपी को दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने की पुष्टि हुई है घटना मैं शामिल पांचवा अभियुक्त रामनिवास उर्फ दीपू राजस्थान के जनपद बियावर, थाना जैतारण क्षेत्र के ग्राम बेडकला का रहने वाला है। 10 व 11 तारीख की रात में घटना की रैंकिंग वी घटना की साजिश में शामिल था इसकी गिरफ्तारी के लिए 25000 का इनाम घोषित किया गया था बरेली पुलिस की एसओजी टीम द्वारा ट्रेस किया जा रहा था। सूचना प्राप्त हुई आरोपी रामनिवास अपने एक साथी के साथ नेपाल भागने की फिराक में देहात के रास्ते से कोशिश कर रहा था, पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ने का प्रयास किया जिसने पुलिस पर हमला कर दिया जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की गई जिसमें रामनिवास उर्फ दीपू के पैर में गोली लगी है जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है जिसका एक साथी अनिल उर्फ राजू ग्राम राजपुरा का रहने वाला है घायल रामनिवास घटना के दिन शहर में अलग-अलग सीसी टीवी कैमरा में आरोपियों के साथ दिखाई दिया था गिरफ्तार आरोपी अनिल से प्राथमिक पूछताछ की गई। इसने कबूला वह शूटर रविंद्र और अरविंद के संपर्क में काफी समय से था। समय-समय पर इनको बाइक प्रोवाइड गाड़ी करता था। इसको सेटिस्फाई करने के लिए हमारी पुलिस की एक टीम हरियाणा भेजी गई है आरोपियों ने नहीं यह भी बताया घटना में शामिल थे इसे बरेली के देहात क्षेत्र की नेपाल जाने के रास्ते का पता था घटना में शामिल पांचो अपराधी के विरोध कार्यवाही की गई है । ढाई हजार सीसीटीवी कैमरे में 13 फुट बरामद किए गए हैं।

# शिवदयाल चौरसिया का जीवन बना सामाजिक न्याय की मिसाल : कश्यप

विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** समाजवादी चिंतक और पिछड़ा वर्ग स्वर्गीय शिवदयाल चौरसिया की पुण्यतिथि पर पार्टी कार्यालय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया।

गोष्ठी की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप ने की संचालन जिला सचिव बृजेश श्रीवास्तव सविता ने किया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप ने कहा शिवदयाल चौरसिया ने अपना पूरा जीवन सामाजिक न्याय की लड़ाई को समर्पित कर दिया, वे केवल पिछड़ा वर्ग आंदोलन के ही शिल्पी नहीं थे, बल्कि उन्होंने दलितों, अल्पसंख्यकों और समाज के सबसे निचले तबके के लोगों के अधिकारों की पर हक़ की लड़ाई लड़ी। उनका मानना था कि समाज को 'चौरस' यानी समतल और समान बनाना चाहिए, जहाँ कोई ऊँच-नीच न हो, भेदभाव न हो। उन्होंने आगे कहा कि आज जब सामाजिक न्याय, आरक्षण एवं संविधान पर हमले हो रहे हैं, ऐसे में शिवदयाल जी की सोच और संघर्ष हमारे लिए मार्गदर्शक की भूमिका में हैं।

गोष्ठी में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अंबेडकर वाहिनी सुरेंद्र सोनकर, जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव, जिला सचिव बृजेश श्रीवास्तव सविता, जिला सचिव, दिनेश यादव महानगर उपाध्यक्ष, संजीव कश्यप, हरविंद सिंह डब्बू, सहित अन्य नेता, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के पटलों का किया निरीक्षण



विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के विभिन्न अनुभागों, पटलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रिकार्ड रूम, अभिलेखागार, शस्त्रागार, इंग्लिश कार्यालय, ई-डिस्ट्रिक कार्यालय, कंट्रोल रूम सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यालयों की स्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कार्यालयों में अभिलेखों एवं पंजिकाओं के रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अभिलेख सुव्यवस्थित एवं श्रेणीबद्ध तरीके से सुरक्षित रखे जाएं, जिससे आवश्यकतानुसार उनकी त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कोई भी अपरिचित आदमी रिकार्ड रुम आदि में प्रवेश ना करें और सीसीटीवी कैमरे से पूरा रूम कवर कराया जाए। दस्तावेजों का रखरखाव बेहतर तरीके से और सुरक्षा के साथ किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन कार्यालय पहुंचे और वहां जानकारी ली कि कर्मचारी समय आते है या नहीं। कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका भी मांगी, जिस पर अवगत कराया गया कि कार्यालय में बायोमैट्रिक के माध्यम से उपस्थिति दर्ज होती है। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में कार्य के प्रति बेहतर माहौल बनाने तथा जनसामान्य से संबंधित कार्यों को तत्परता से कराए जाने के निर्देश दिए साथ ही कार्यालय की साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया और व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी रामजन्म यादव, नाजिर कलेक्ट्रेट त्रिवेणी सहाय सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र की रक्षा के लिए युवाओं से आगे आने की अपील : मसूद अहमद



विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** सृजन अभियान को गति देने के लिए एवं वोट चोरी के खिलाफ अभियान के तहत वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नवाब मुजाहिद हसन खान के यहां एक बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष दिनेश दददा एड. ने की और संचालन सैयद अजर अली ने किया। जिसमें अतिथि उत्तर प्रदेश सरकर के पूर्व मंत्री मसूद अहमद एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान उपाध्यक्ष दिनेश सिंह उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकर के पूर्व शिक्षा मंत्री मसूद अहमद ने कहा कि प्रदेश में संगठन सृजन अभियान के साथ वोट चोरी के विरोध का अभियान जारी है। उन्होंने कहा की हमारे नेता मा. राहुल गांधी वोट चोर गददी छोड़ अभियान चला कर चुनाव आयोग को ललकार रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह एक केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह संविधान की रक्षा और भारतीय लोकतंत्र को सुरक्षित रखने की निर्णायक पहल है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. मसूद अहमद ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि हाल के चुनावों में लोकतंत्र की खुली हत्या की जा रही है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी कर जनता के अधिकारों को छीना जा रहा है और विपक्ष की आवाज को दबाने की लगातार साजिशें हो रही हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है ताकि उनकी बढ़ती लोकप्रियता और जनता के बीच स्वीकार्यता को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि देश का नौजवान अब जाग चुका है और सड़कों पर हो रहे आंदोलनों में युवाओं का शामिल होना इस बात का संकेत है। उन्होंने बिहार के हालिया चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि वहां वोटिंग पैटर्न में गड़बड़ियों की कई घटनाएं सामने आईं, जिसने जनता का आक्रोश और बढ़ा दिया है। नौजवानों पर लाठीचार्ज की घटनाएं लोकतंत्र की दुर्दशा को साफ तौर पर उजागर करती हैं। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने संवैधानिक संस्थाओं की साख कमजोर कर दी है। आज हालत यह है कि वोट भी सुरक्षित नहीं रह गए हैं। उन्होंने दावा किया कि देश की संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है और उन्हें राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। मसूद अहमद ने कहा कि आज देश में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। आम आदमी महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रहा है लेकिन सरकार इन सवालों से बचने के लिए विपक्ष पर हमला करती है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि जनता खुलकर सवाल पूछे और सरकार से जवाब मांगे।

बैठक में मसूद अहमद ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश की नई पीढ़ी सब समझ रही है और बदलाव के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा केवल भाषणों से नहीं होगी बल्कि इसके लिए युवाओं को मैदान में उतरना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि कांग्रेस आने वाले दिनों में हर जिले में जनसभाएं और जागरूकता अभियान चलाएगी, ताकि जनता को सच्चाई बताई जा सके।उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को बार-बार निशाना बनाना इसी साजिश का हिस्सा है, जिसमें विपक्ष को कमजोर करने और जनता की आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन युवाओं ने जिस तरह बदलाव का बिगुल बजाया है, वह आने वाले समय की राजनीति की तस्वीर साफ कर देता है। केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की और कहा कि आज किसानों, मजदूरों, व्यापारियों और छात्रों-सभी वर्ग परेशान हैं। महंगाई और बेरोजगारी से लोगों का जीवन कठिन होता जा रहा है, लेकिन सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच रही है। मसूद अहमद ने अंत में कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करें और लोकतंत्र बचाने की लड़ाई में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## यूपी को सर्वोत्तम प्रदेश बनाने हेतु अपने सुझाव ऑनलाइन पोर्टल पर भेजकर अभियान में सक्रिय भागीदारी करें नागरिक

# डीएम ने उत्तर प्रदेश@2047 के अन्तर्गत विकास में सुझाव देने की अपील



विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने जनपद वासियों से अपील की है कि उत्तर प्रदेश को विकसित राज्य बनाने की दिशा में शुरू हुआ 'समर्थ उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश@2047' अभियान को सफल बनाने हेतु जगह-जगह लगाए गए क्यूआर कोड के माध्यम से अपने बहुमूल्य सुझाव भेजें। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की एक दूरदर्शी पहल विकसित भारत- विकसित उत्तर प्रदेश@2047 के अन्तर्गत भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से समावेशी विकास, तकनीकी नवाचार और सतत प्रगति के मिशन को आधारित किया गया है। इस मिशन में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए एक प्रबुद्ध समान और वैश्विक स्तर पर सम्मानित राज्य का निर्माण करने हेतु अपने सुझाव अवश्य भेजें।

विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश, शताब्दी संकल्प@2047 एवं समृद्धि का शताब्दी वर्ष के मिशन को दिशा प्रदान करने एवं पथ प्रदर्शन हेतु एक विजन डॉक्यूमेंट बनाया जाना प्रस्तावित है। यह विजन डॉक्यूमेंट 03 थीम-अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति, जीवन शक्ति एवं 12 सेक्टर-कृषि एवं संबद्ध, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास आई0टी0 एवं इमेजिंग प्रौद्योगिक, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सुरक्षा एवं सुशासन पर ध्यान केन्द्रित करते हुए तैयार किया जाएगा, जिस हेतु कोई भी जनमानस https://samarthuttarpradesh.up.gov.in पर क्यूआर स्कैन करके अपना बहुमूल्य सुझाव दें सकते हैं। उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाने हेतु एक महीने तक सुझाव संकलन अभियान चलेगा। जनपद के सभी नागरिकों का दायित्व है कि अपने अमूल्य सुझाव देकर इसलिए अभियान का हिस्सा बने और अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा जनपद में विभिन्न प्रमुख स्थानों पर लगाए गई क्यूआर कोड स्कैन कर नागरिक अपने सुझाव समर्थ उत्तर प्रदेश पोर्टल पर भेज रहे है। युवाओं में विशेष रूप से इस अभियान को लेकर एक नया उत्साह देखने को मिल रहा है। अब एक जन आंदोलन का रूप लेने लगा है। खास बात यह है कि अभियान में आम नागरिक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी अपनी राय और सुझाव उत्साहपूर्वक साझा कर रहे हैं।

शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार, डिजिटल इंडिया और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर युवाओं से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक सभी अपनी बात रख रहे हैं। यह अभियान इस मायने में खास है कि पहली बार सामान्य नागरिक सीधे नीति-निर्माण प्रक्रिया में डिजिटल माध्यम से भागीदारी कर रहे हैं। इस अभियान का एक अनोखा पहलू यह भी है कि लोग न केवल समस्याएँ बता रहे हैं, बल्कि उनके नवाचारी समाधान भी सुझा रहे हैं। कहीं कोई गाँव का छात्र गांव की वेबसाइट बनाने का आइडिया दे रहा है, तो कहीं किसान जैविक खेती को बढ़ावा देने के व्यावहारिक तरीके सुझा रहे हैं।

# डॉक्टर ने प्रेमिका को इंजेक्शन लगाकर बेहोश किया

विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** एक शादीशुदा डॉक्टर ने अपनी प्रेमिका को तीन इंजेक्शन लगाकर बेहोश किया, फिर चेहरे और शरीर पर धारदार हथियार से कई गहरे प्रहार किए और निर्वस्त्र कर दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर फेंक दिया ताकि युवती किसी वाहन से कुचलकर मारी जाए और घटना सड़क दुर्घटना लगे। लेकिन समय रहते ग्रामीणों ने लहूलुहान युवती को देखा और पुलिस को सूचना दे दी। जिसने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां पुलिस सुरक्षा में उसका इलाज जारी है। घटना के बाद आरोपी फरार है पुलिस की दो टीम आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्दी आरोपी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बदायूं की रहने वाली महिला ने बताया कि वह बिथरी चैनपुर में किराए पर कमरा लेकर रहती है, और बहादुरपुर करोड़ का रहने वाला श्रीपाल वही अस्पताल चलता है। इसी दौरान मैं पिछले 2 साल से नर्स थी, इसी बीच दोनों के नजदीकियां बढ़ गई थी। अस्पताल संचालक शादीशुदा है, महिला नर्स ने बताया कि हम दोनों की बात उसकी पत्नी को पता चल गई, जिस वजह से श्रीपाल के घर में पत्नी से लड़ाई झगड़ा शुरू हो गया।

जिसके चलते अप्रैल में मैने जॉब छोड़ दी। लेकिन मैं श्रीपाल से शादी करना चाहती थी, लेकिन वह मुझे इस्तेमाल कर रहा था। मंगलवार को हमारी फोन पर बात हुई। श्रीपाल ने मुझे अपने पास बुलाया, मैंने कहा कि मेरी तबीयत सही नहीं है। इसलिए मैं नहीं आऊंगी। श्रीपाल ने कहा कि आ जाओ, यहां दवा ले लेना। इंजेक्शन लगा लेना, तभी ठीक हो जाएगी। मैंने सोचा ठीक है, चली जाती हूं। वही दवा ले लूंगी, महिला ने बताया कि मंगलवार रात करीब 9 बजे अस्पताल पहुंची श्रीपाल और हमने कुछ देर बातें की फिर उसने मुझे दो इंजेक्शन लगाए, मैं बेहोश हो गई। इसके बाद श्रीपाल मुझे कार में डालकर अस्पताल से करीब 10 किलोमीटर दूर ले गया। हत्या के इरादे से उसने मेरे चेहरे पर चाकू से वार किए, इसके बाद श्रीपाल ने महिला के चेहरे पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए और उसे गंभीर हालत में कार से फेंक दिया और खुद कार लेकर भाग गया।

गंभीर रूप से घायल महिला को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया, इमरजेंसी वार्ड में उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टर ने बताया कि महिला की हालत खतरे से बाहर है, वह उसकी सुरक्षा के लिए अस्पताल महिला कांस्टेबल तैनात कर दी गई है। वारदात के बाद आरोपी फरार है। पुलिस की दो टीम उनकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है। अधिकारियों का कहना है जल्दी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एक नजर

### पिटाई से क्षुब्ध युवती ने ट्रेन से कटकर दी जान

**बांदा।** शहर के क्योटरा रेवले क्रासिंग के पास शुक्रवार की सुबह मीना (35) पत्नी सुनील कुमार ने ट्रेन के आगे छलांग लगाकर खुदकुशी कर लिया। सुबह होने पर तमाशबीनों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास पड़ोसियों से पूछतांछ किया और परिजनों की जानकारी न मिल पाने के कारण शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस पहुंची मृतका की बहन नीलम ने बताया कि उसकी शादी चौदह वर्ष पहले हुई थी। पति मीना के साथ अक्सर मारपीट करता था। कई बार पंचायत भी हुई लेकिन सुनील ने अपनी हरकतों में सुधार नही किया। एक बार महिला थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। शुक्रवार की रात भी पति ने उसे पीटा था। वह रात एक बजे घरवालों की निगाह बचाकर घर से निकल आई और ट्रेन के आगे मौत की छलांग लगा दी। नीलम का काहना है कि पति की प्रताड़ना से परेशान होकर मीना ने घटना को अंजाम दिया है। उधर कोतवाली प्रभारी बलराम सिंह का कहना है कि मृतका की बहन नीलम की तहरीर पर पति के खिलाफ मारपीट और आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी पति की तलाश की जा रही है।

### पर्यटकों की सुविधा के लिए बनेंगे होम-स्टे

**बांदा।** जिलाधिकारी जे.रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होम-स्टे नीति के संबंध में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने कहा कि अब जिले में आने वाले पर्यटकों व श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए होम-स्टे बनाए जाएंगे, जहां पर्यटकों को सुविधाजनक आवास की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सकेगी। डीएम ने जिले में होम-स्टे नीति को प्रभावी रूप से लागू करने के संकेत देते हुए इच्छुक लोगों के आवेदन आमंत्रित किए हैं। बताया है कि होम-स्टे नीति के तहत एक होम-स्टे में अधिकतम 12 सैया की व्यवस्था होगी और संपत्तिधारक अपने आवासीय भवन के अधिकतम दो तिहाई कक्षों को ही किराए पर उपलब्ध करा सकेंगे। डीएम ने बताया कि इच्छुक संपत्तिधारक अपना पंजीकरण व आवेदन यूपी टूरिज्म के ऑनलाइन पोर्टल पर कर सकते हैं। बैठक में सीडीओ अजय कुमार पांडेय, एडीएम नमामिगंगे एमपी वर्मा, उपनिदेशक पर्यटन आरके रावत समेत संबंधित अधिकारी शामिल रहे।

### बेटे के स्कूल गए पिता की हार्ट अटैक से मौत

**बांदा।** बेटे से मिलने स्कूल गए पिता को अचानक दिल का दौरा पड़ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। बता दें कि अतर्रा थाना क्षेत्र के बानबाबा का पुरवा निवासी सुरेश (48) पुत्र रामदीन कमासिन ब्लाक के जाखी गांव में स्थित कंपोजिट विद्यालय में प्रधानाध्यापक था। उसका पुत्र अनूप मटौंध थाना क्षेत्र के दुरेड़ी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में पढता है। शुक्रवार की सुबह सुरेश अपने बड़े पुत्र आदित्य के साथ बेटे से मिलने विद्यालय गया था। पुत्र के शैक्षिक दस्तावेजों में आवश्यक हस्ताक्षर करते समय अचानक अचानक उसके सीने में तेज दर्द शुरू हो गया और वह वहीं अचेत हो गया। विद्यालय प्रशासन ने उसे उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों की सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### खाद किल्लत बुंकियू का अनशन जारी

**बांदा।** खाद किल्लत को लेकर ओरन साधन सहकारी समिति के बाहर बुंदेलखंड किसान यूनियन का क्रमिक अनशन चौथे दिन भी जारी रहा। बुंदेलखंड किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मोतीलाल द्विवेदी ने बताया कि बीती 16 सितंबर को खाद की किल्लत और समिति के सचिव एवं कर्मचारियों द्वारा की जा रही खाद की कालाबाजारी के खिलाफ उप जिलाधिकारी अतर्रा को ज्ञापन देकर उन्हें पूरी जानकारी दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई न होने से आक्रोशित संगठन ने अनशन शुरू कर दिया, जो लगातार जारी है। क्रमिक अनशन के चौथे दिन किसान दिलीप दीक्षित, ममता, दिनेश कुमार, रामलखन, हेमराज, विजयपाल, लखना, बच्चा रैदास, रामकिशोर, विमलेश, कृष्णा, जानकी आदि शामिल रहे।

### बीएलओ ड्यूटी से मुक्त करने की मांग

बांदा। सिंचाई संघ केन नहर प्रखंड की आपात बैठक बुलाई गई। बैठक में तय किया गया कि अधिशाषी अभियंता और अधीक्षण अभियंता की ओर से निर्धारित तिथि के भीतर समस्या का निस्तारण नहीं किया गया तो संगठन के कर्मचारी आगामी 30 सितंबर को नवाब टैंक परिसर में धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध व्यक्त करेंगे। सिंचाई संघ केन नहर प्रखंड के अध्यक्ष कामता प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिशाषी अभियंता कार्यालय से भेजी गई सूची अनुसार सिंचाई कर्मियों की बीएलओ ड्यूटी लगा दी गई है, लेकिन विभागीय दायित्व व बीएलओ की ड्यूटी एक साथ करना संभव नहीं है। इस बारे में संगठन ने पत्र द्वारा अधिशाषी अभियंता केन नहर प्रखंड को अवगत कराते हुए लिखा था कि एक व्यक्ति द्वारा एक ही समय में दो भिन्न-भिन्न स्थानों पर समयबद्ध कार्य करना संभव नहीं है। इस पर उनका मार्गदर्शन चाहा गया था, लेकिन उन्होंने संगठन के मंत्री राशिद खान को संबोधित अपने पत्र में बजाए मार्गदर्शन देने के कटु शब्दों में अपना संबोधन दिया गया जिससे कर्मियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। बताया कि यदि समस्याओं पर संगठन के शिष्ठ मंडल से 24 सितंबर तक वार्ता करके निराकरण नहीं किया गया तो कर्मचारी 30 को धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। बैठक में सभी सदस्यों ने सींचपाल कुंवर बहादुर के पिता के दुखद निधन पर शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी। बैठक में बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# डीएम ने निर्माण कार्यों की धीमी गति पर जताई नाराजगी

» जालौन में अधिकारियों को दिए समय पर काम पूरा करने के निर्देश







**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उरई जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार को जिले की महत्वपूर्ण परियोजनाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन तहसील उरई, आवासीय तहसील भवन चौरसी मोड़ तथा राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में बन रहे 50 शैय्या क्रिटिकल केयर यूनिट ब्लॉक का जायजा लिया। निरीक्षण में निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति देखकर भड़क गए डीएम निरीक्षण में निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति देखकर गहरी नाराजगी जताई और कार्य दाई संस्था के जिम्मेदार अधिकारियों को लगाई फटकार।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने साफ निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए पर्याप्त मजदूर और मशीनरी लगाई जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी परियोजना में समय की बर्बादी अस्वीकार्य है और सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाने चाहिए।

डीएम ने निर्माण कार्यदायी संस्थाओं को चेतावनी दी कि काम की गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं होगा। प्रत्येक कार्य मानकों के अनुरूप होना चाहिए, अन्यथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई तय है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़ी इन परियोजनाओं में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में बन रहे 50 शैय्या क्रिटिकल केयर यूनिट ब्लॉक को लेकर भी जिलाधिकारी ने विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूरा होने से स्वास्थ्य सुविधाओं में बड़ा सुधार होगा और जिले के मरीजों को गंभीर स्थितियों में बेहतर उपचार मिल सकेगा। वहीं, तहसील भवन और आवासीय भवनों के समयबद्ध निर्माण से प्रशासनिक कार्यकुशलता बढ़ेगी और जनता को भी सीधा लाभ मिलेगा।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि विकास कार्यों की रफ्तार तभी तेज होगी, जब परियोजनाएं तय समय सीमा में पूरी हों। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि निर्माण कार्यों में गुणबत्ता में लापरवाही बरती गई तो संबंधित संस्था व अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

औचक निरीक्षण के दौरान डीएम के तेवर देखकर मौके पर मौजूद अधिकारियों में हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी ने मौके पर ही कई सुधारात्मक निर्देश दिए और कहा कि अगली समीक्षा में यदि प्रगति संतोषजनक नहीं मिली तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# चिकित्सा शिविर में मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

» स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार के तहत बिसंडा में लगा स्वास्थ्य शिविर

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** स्वस्थ भारत के निर्माण और महिलाओं व परिवार के स्वास्थ्य संवर्धन के लिए प्रदेश सरकार ने स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान शुरू किया है। शुक्रवार को बिसंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज के चिकित्सकों ने स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

शुक्रवार को बिसंडा कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित चिकित्सा शिविर में रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों



ने जहां ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क परामर्श व उपचार उपलब्ध कराया, वहीं ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं व उनके परिवार को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज के प्रभारी अधिकारी मीडिया डा.अनूप सिंह ने बताया है कि शुक्रवार को सीएचसी बिसंडा में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. पूजा पांडेय, बाल्य विशेषज्ञ डा.संजीव, दंत रोग से डा. साजिद, शल्य चिकित्सा से डा. श्रेया कुशवाहा, मेडिसिन विभाग से डा.प्रशांत कुमार व सामुदायिक चिकित्सा विभाग से डा. कमलकांत शिवहरे समेत कई विशेषज्ञ चिकित्सकों ने प्रतिभाग किया। बताया कि चिकित्सा महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की सक्रिय भागीदारी से ग्रामीण अंचल की आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अभियान के दौरान महिलाओं व बच्चों की स्वास्थ्य जांच, रोगों की समय पर पहचान, उपचार व उचित परामर्श दिया गया। साथ ही प्रसूति सेवाओं, पोषण, परिवार नियोजन, दंत स्वास्थ्य एवं सामान्य बीमारियों की रोकथाम से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई। चिकित्सकों ने महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की नसीहत दी और परिवार के लोगों को स्वस्थ रखने में योगदान देने की नसीहत दी।

# ससुराल में नवविवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** ससुराल में नवविवाहिता की मौत पर मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट व मायकेवालों से तहरीर मिलने पर कार्रवाई की बात कही है।

बता दें कि बबेरू कोतवाली क्षेत्र के मझीवां गांव निवासी गुड़यि (20) पत्नी वीरेंद्र गुरुवार की दोपहर घर पर अकेली थी। उसकी सास सुमन चारा काटने खेत गई थी। उसका पति और ससुर दिल्ली मजदूरी करते है। दोपहर बाद खेत से घर लौटी सास सुमन ने देखा तो दरवाजे बंद थे। उसने कुड़ी खटखटाई लेकिन अंदर से कोई हरकत नही हुई। सास पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़कर जब अंदर दाखिल हुई तो गुड़यि का शव फंदे पर लटक रहा था। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मृतका के जेठ गोरेलाल ने बताया कि गुड़िया की शादी डेढ साल पहले हुई थी। पति के साथ फोन पर उसकी कुछ कहासुनी हो गई। जिसकी वजह से उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। उधर मृतका के भाई दिव्यांश व चाचा बुद्धराज ने बताया कि वह रक्षाबंधन में एक दिन के लिए मायके आई थी। बताया कि गुडिया का देवर से विवाद हो गया था। आरोप है कि इसी विवाद के चलते ससुरालीजनों ने उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी है और आत्महत्या का रूप देने के लिए फांसी पर लटका दिया है।

## बाइक से गिरकर महिला की मौत

**बांदा।** बुदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर बकरी को बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे बाइकसवार महिला की मौत हो गई। बता दें कि बिसंडा थाना क्षेत्र के लखमी थोक निवासी फूलकली (45) पत्नी रामफल अपने पति के साथ बाइक में बैठकर दिव्यांग विश्वविद्यालय चित्रकूट मे पढ़ रहे अपने पुत्र सुमित से मिलने जा रही थी। तभी बुदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर अचानक सामने से बकरी आ गई। बकरी को बचाने में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे फूलकली गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे नाजुक हालत में बिसंडा पीएचसी ले जाया गया। जहां इलाज शुरू होने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मृतका के पति ने बताया कि वह मजदूरी करता है। उसका पुत्र दिव्यांग विश्वविद्यालय चित्रकूट में पढ़ता है। उससे मिलने जाते समय हादसा हो गया और उसकी पत्नी की मौत हो गई।

सीडीओ ने 15वीं केंद्रीय वित्त एवं पंचवर्षीय राज्य वित्त के धनराशि की समीक्षा की

# पारदर्शिता और गुणवत्ता ही योजनाओं के सफलता की कुंजी : सीडीओ

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**प्रतापगढ़।** जनपद में ग्राम पंचायतों के माध्यम से व्यय की जाने वाली 15वीं केंद्रीय वित्त एवं पंचवर्षीय राज्य वित्त की धनराशि की समीक्षा मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता विकास भवन सभागार में की गई। विगत चार माह से इस योजना में जनपद की स्थिति अत्यंत खराब थी और लगातार न्यूनतम अंक प्राप्त हो रहे थे।

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने स्वयं इसकी समीक्षा करने का निर्णय लिया। बैठक में डॉ0 दिव्या मिश्रा ने स्पष्ट रूप से कहा कि पारदर्शिता और गुणवत्ता ही योजनाओं की सफलता की कुंजी है। उन्होंने लक्ष्य निर्धारित करते हुए केंद्रीय वित्त में 95 प्रतिशत तथा राज्य वित्त में 98 प्रतिशत व्यय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कठोर पंचायतवार समीक्षा, सतत अनुश्रवण और अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी के परिणामस्वरूप अब स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। जनपद ने आज की स्थिति में केंद्रीय वित्त में 91 प्रतिशत तथा राज्य वित्त में 98 प्रतिशत से अधिक व्यय दर्ज कर लिया है, जो एक सराहनीय उपलब्धि है।मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि यह प्रगति केवल प्रतिशत बढ़ाने का परिणाम नहीं है, बल्कि यह पंचायत स्तर पर जिम्मेदारी और जवाबदेही के सुदृढ़ होने का भी संकेत है। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं की प्रगति के साथ-साथ उनकी गुणवत्ता और स्थायित्व भी सुनिश्चित किया जाए।

# सिरसा कलार पुलिस पर अवैध कब्जा कराने का आरोप

» थानाध्यक्ष ने दबंगों संग मिल कर जमीन मालिक को पीटा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सिरसा कलार।** जालौन के सिरसा कलार थाने की पुलिस पर गंभीर आरोप लगे हैं। एक पीड़ित परिवार ने थानाध्यक्ष परवेंद सिंह पर दबंगों के साथ मिलकर उनकी जमीन पर अवैध कब्जा कराने और विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। इस मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार से की गई है।

शिकायतकर्ता सोनू शिवहरे और जीते शिवहरे, जो सिरसा कलार के निवासी हैं, ने बताया कि कस्बे में स्थित उनके प्लॉट पर कुछ दबंगों ने रात में जबरन निर्माण कार्य शुरू कर दिया। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ितों का आरोप है कि पुलिस ने न्याय दिलाने के बजाय दबंगों का साथ



दिया और पीड़ित परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट कर उन्हें धमकाया। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि थानाध्यक्ष परवेंद सिंह के संरक्षण में ही दबंगों ने अवैध कब्जे का प्रयास किया। इसके बाद पीड़ित पक्ष उरई पहुंचा और पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार को एक शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दबंगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। परिवार ने अपनी सुरक्षा को लेकर भी चिंता व्यक्त की है, उनका कहना है कि पुलिस और दबंगों की मिलीभगत से उनका जीवन मुश्किल हो गया है। पीड़ितों ने यह भी आरोप लगाया कि सिरसा कलार थाने की पुलिस पहले भी कई बार निष्पक्ष कार्रवाई करने के बजाय दबंगों का समर्थन करती रही है। इस कारण उन्हें आशंका है कि दबंग और पुलिस मिलकर उनके साथ कोई अप्रिय घटना कर सकते हैं। अब देखना होगा कि जालौन के पुलिस अधीक्षक इस गंभीर मामले में क्या कार्रवाई करते हैं और पीड़ित परिवार को न्याय मिल पाता है या नहीं।

# बागवानी व मसाला उत्पादन के लिए किसानों को दिया जाएगा प्रशिक्षण



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** जिलाधिकारी जे.रीभा की अध्यक्षता में आयोजित जिला औद्यानिक मिशन समिति की बैठक में बागवानी व मसाला उत्पादन को बढ़ावा देने की बात पर जोर दिया गया। डीएम ने किसानों को इसके लिए प्रशिक्षण देने और अनुदान उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने प्रधानमंत्री खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण में स्वरोजगार की संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला औद्यानिक मिशन की बैठक में जिलाधिकारी जे. रीभा ने बताया कि बागवानी क्षेत्र के तहत आंवला, करौंदा, पपीता और मसाला क्षेत्र में प्याज, लहसुन आदि की खेती में निर्धारित लागत के सापेक्ष 40 फीसदी अनुदान दिए जाने का प्रावधान है। बताया कि 5 हेक्टेयर में जैविक खेती के लिए लागत का 40 फीसदी और सब्जियों में मचान, तारबाड़ी आदि के लिए निर्धारित लागत का 50 फीसदी अनुदान दिया जाएगा। डीएम श्रीमती रीभा ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य पदार्थ से संबंधित उद्योग स्थापित करने पर 35 फीसदी या अधिकतम 10 लाख रुपए तक की सब्सिडी दिए जाने का प्रावधान है। जिसके अंतर्गत तेल स्पेलर, फ्लोरद मिल, राइस मिल, दाल मिल, दूध डेयरी उत्पाद समेत करीब 45 प्रसंस्करण उद्योग शामिल हैं। जिलाधिकारी ने पर ड्राप मोर क्रॉप माइक्रो इरीग्रेशन के अन्तर्गत ड्रिप एवं मिनी सप्रिंकलर प्राथमिकता के आधार पर किसानों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# विधिक जागरूकता शिविर में महिलाओं को दी कानून की जानकारियां

» वन स्टॉप सेंटर में आयोजित शिविर को अपर जिला जज ने किया संबोधित

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला प्रोबेशन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में वन स्टॉप सेंटर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिलाओं व बालिकाआओं को मिलने वाली मुफ्त कानूनी सेवा और समाज के अतिसंवेदनशील वर्ग के कल्याण के लिए संचालित केंद्र व राज्य सरकारों की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर को संबोधित करते अपर जिला जज ने कामकाजी महिलाओं को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से बचाव औरि नशुल्क कानूनी सहायता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

शुक्रवार को वन स्टॉप सेंटर में आयोजित विधिक जागरूकता शिविर को संबोधित करते हुए विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला जज श्रीपाल सिंह ने कहा कि महिलाओं को अक्सर यौन उत्पीड़न का शिकार होना





पड़ता है, ऐसे उत्पीड़न का शिकार ज्यादातर असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाएं, घरेलू काम करने वाली महिलाएं, छात्राएं और निजी या सरकारी संगठनों में काम करने वाली महिलाएं होती हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं को किसी भी प्रकार घटना या समस्या होने पर विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। बताया कि यौन उत्पीड़न की शिकार या किसी अनिष्ट की संभावना पर पीड़ित महिलाएं प्राधिकरण में स्वयं आकर या डाक के माध्यम से प्रार्थना पत्र दे सकती हैं। जिससे उन्हें समुचित सहयोग और कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जा सके। वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक रमा साहू ने यौन उत्पीड़न की शिकार होने वाली महिलाओं को आगे आकर शिकायत दर्ज कराने और दोषी के खिलाफ कार्रवाई कराने का आह्वान किया। उन्होंने पीड़ति महिलाओं को महिला हेल्पलाइन नंबरों पर शिकायत दर्ज करने की नसीहत दी।

जेंडर विशेषज्ञ कामिनी सिंह ने महिलाओं और बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिए चलाई जा रहीं सरकार की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। वहीं महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए चल रहीं बैंक सखी, उज्जवला योजना, मातृत्व एवं शिशु हित लाभ व शादी अनुदान जैसी योजनाओं के बारे में जागरूक किया। शिविर को जेंडर विशेषज्ञ आकांक्ष सिंह, पराविधिक स्वयं सेवक सुमन शुक्ला आदि ने भी संबोधित किया। सुमन शुक्ला ने संचालन करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर रक्षपाल, ममता देवी, नीलम कुशवाहा, राशिद अहमद समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### आज होगा भाजपा का प्रबुद्धजन संगोष्ठी

**बांदा।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 75वें जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत 20 सितम्बर शनिवार को अपरान्ह 2 बजे डीएवी इंटर कालेज के पास मंडपम मैरिज हाल में एक प्रबुद्धजन संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए कार्यक्रम की जिला संयोजक भाजपा जिला उपाध्यक्ष ममता मिश्रा ने बताया कि प्रबुद्धजन संगोष्ठी में शिक्षकों, चिकित्सकों, अधिवक्ताओं व व्यापारियों के साथ ही जनप्रतिनिधियों व पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है।

### आकाशीय बिजली की चपेट भैंस मरी

**बांदा।** शुक्रवार की दोपहर करीब पौने तीन बजे आकाशीय बिजली गिरने से देहात कोतवाली क्षेत्र के जौरही गांव निवासी अशोक कुमार शर्मा पुत्र गयादीन शर्मा की कीमती भैंस चपेट में आ गयी। पीड़ित पशु पालक ने बताया है कि उसकी भैंस की कीमत करीब अस्सी हजार रुपए से अधिक थी। भैंस की मौत से उसे भारी नुकसान हुआ है।

### आज से शुरू होगा रामलीला का मंचन

**बांदा।** श्रीरामलीला प्रागी तालाब के तत्वावधान में 20 सितंबर शनिवार से मुकुट पूजन के साथ रामलीला का मंचन प्रारंभ हो जाएगा। जानकारी देते हुए प्रबंधक अयोध्या प्रसाद गुप्त व अध्यक्ष विजय कुमार ने बताया है कि 20 सितंबर से शुरू होकर रामलीला का कार्यक्रम 06 अक्टूबर तक चलेगा। वहीं 2 अक्टूबर को विजयदशमी के पर्व पर राम-रावण युद्ध व मेला के साथ 30 सितंबर को डांडिया नृत्य कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेगा।

प्राथमिकता | जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में में पीस कमेटी की बैठक आयोजित

# नवरात्रि व विजयदशमी को लेकर जालौन में पीस कमेटी की बैठक

## सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने का लिया संकल्प, जिलाधिकारी सम्बंधित अधिकरियों को दिए निर्देश

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उरई जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में आगामी नवरात्रि और विजयदशमी पर्व के दृष्टिगत विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में शांति समिति (पीस कमेटी) की बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान साफ-सफाई, पेयजल, बिजली और मार्गों की मरम्मत जैसी व्यवस्थाएं प्राथमिकता से पूरी की जाएं। साथ ही मूर्ति विसर्जन मार्गों पर बैरिकेडिंग, एम्बुलेंस तैनाती सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहार सामाजिक सौहार्द और भाईचारे





का संदेश देते हैं, इसलिए सभी का दायित्व है कि शांति व सद्भाव बनाए रखें।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और सीसीटीवी व ड्रोन से सतर्क निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने आयोजकों से अपील की कि मूर्ति विसर्जन निर्धारित मार्ग और अनुमति शर्तों के अनुसार ही निकाले जाएं तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग शासनादेशों के अनुरूप किया जाए। बैठक में मौजूद धर्मगुरुओं और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि नवरात्रि और विजयदशमी का पर्व परंपरागत ढंग से आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, अपर जिलाधिकारी न्यायिक योगेंद्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, नगर पालिका और नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी सहित जनप्रतिनिधि, धर्मगुरु और व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

# विधान परिषद सदस्यों के चुनाव हेतु मतदाता सूची का पुनरीक्षण 30 से होगा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**प्रतापगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा द्वारा प्रदेश की विधान परिषद के पांच स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों तथा छह शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के सदस्यों का कार्यकाल आगामी वर्ष 6 दिसंबर 2026 को समाप्त होने के कारण इन निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण कराया जा रहा है। अर्हता तिथि 1 नवम्बर 2025 के आधार पर यह पुनरीक्षण कार्यक्रम संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में 30 सितंबर 2025 से प्रारंभ होगा। इस निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 30 दिसंबर 2025 को किया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अगले वर्ष 6 दिसम्बर को विधान परिषद में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की जो 5 सीटें रिक्त हो रही है, उसमें लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ एवं इलाहाबाद-झांसी है। इसी प्रकार शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की जो 6 सीटें रिक्त हो रही है, उसमें लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ, बरेली-मुरादाबाद एवं गोरखपुर-फैजाबाद है। इन सभी निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए 30 सितंबर को सार्वजनिक नोटिस जारी होगा। 15 अक्टूबर को समाचार पत्रों में नोटिस का प्रथम पुनर्प्रकाशन तथा 25 अक्टूबर को इसका द्वितीय पुनर्प्रकाशन होगा। फार्म 18 या 19 में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 6 नवंबर तथा 20 नवंबर को पांडुलिपियों की तैयारी व निर्वाचन नामावलियों का मुद्रण होगा। निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 25 नवंबर को होगा।

## संपादकीय

# मणिपुर में खुला शांति का रास्ता

निस्संदेह, पिछले दो–ढाई वर्षों में हिंसाग्रस्त मणिपुर संकट का कोई हल नजर नहीं आ रहा था। किंतु अब केंद्र सरकार और राज्य के दो प्रमुख कुकी–मैतई समूहों के बीच बीते दिनों हुए हस्ताक्षरित 'ऑपरेशन निलंबन समझौते' से अशांत मणिपुर में शांति बहाली तथा सामान्य स्थिति बनाये रखने के प्रयासों को बल मिलने की उम्मीद जगी है। उम्मीद है कि इस प्रयास से राज्य की क्षेत्रीय अखंडता सुनिश्चित की जा सकेगी। समझौते के बाद निर्दिष्ट शिविरों को संवेदनशील क्षेत्रों से स्थानांतरित करने और राज्य में दीर्घकालिक शांति तथा स्थिरता सुनिश्चित करने की दिशा में भी सहमति बनी है। वहीं यह घटनाक्रम इस कारण से भी महत्वपूर्ण हो गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पिछले दिनों इस पूर्वोत्तर राज्य का दौरा करके आए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मणिपुर दौरे के दरम्यान साफ परिलक्षित हो रहा था कि राज्य के हालात कितने बदल चुके हैं। कुकी और मैतई दोनों समुदायों की ओर से जो प्रतिक्रियाएं दिखीं, वह भरोसा बढ़ाने वाली है। अर्थात राज्य में विकास और स्थिर राजनीतिक प्रक्रिया के फिर से शुरू होने की संभावना काफी बढ़ गई है। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब इम्फाल हवाई अड्डे पर उतरे, तो भारी बारिश के कारण हेलिकॉप्टर से चुराचांदपुर जाना संभव नहीं था। फिर वह सड़क मार्ग से वहां गए। कुछ महीनों पहले जो हालात थे, उसमें सड़क मार्ग से वहां जाने की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। चुराचांदपुर कुकी बहुल इलाका है। इम्फाल और आसपास के क्षेत्रों में मैतई ज्यादा हैं। प्रधानमंत्री के दोनों क्षेत्रों में जाने और विकास परियोजनाएं शुरू करने का संदेश यही है कि सरकार के लिए दोनों समुदाय समान हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आप लोगों के लिए आज हजारों करोड़ों की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया, इससे आप सभी लोगों का जीवन आसान होगा। दरअसल, विपक्ष लंबे समय से सवाल उठाते आ रहा था कि प्रधानमंत्री मणिपुर का दौरा क्यों नहीं करते। मई, 2023 में मैतेई और कूकी समुदाय के बीच जातीय हिंसा भड़कने के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस संवेदनशील राज्य की यह पहली यात्रा थी। विगत में विपक्ष लगातार आरोप लगाता रहा था कि केंद्र ने मणिपुर को उसके हाल पर छोड़ दिया है। विपक्ष ने राज्य में डबल इंजन सरकार के दौरान कुशासन का आरोप भी लगातार लगाता रहा। उनका यह भी आरोप रहा कि सत्तारूढ़ भाजपा ने राज्य की स्थिति के नियंत्रण में अपनी विफलता के बावजूद एन बीरेन सिंह को मुख्यमंत्री के पद पर बनाये रखा था। इससे बढ़कर यह भी कि मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए उन पर तटस्थता न दिखाने और हिंसा के प्रति संवेदनहीन बने रहने के आरोप भी लगाए गए। कालांतर विपक्ष के दबाव के बीच उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। तब से लेकर अब तक मणिपुर राष्ट्रपति शासन के तहत संचालित है। वहीं हाल के महीनों में अपेक्षाकृत शांति का एक मुख्य कारण यह भी है कि कई आतंकवादियों ने राज्य के अधिकारियों की अपील के जवाब में लूटे गए हथियार कानून प्रवर्तन एजेंसियों को लौटाए हैं। निश्चित रूप से हाल ही में हुआ समझौता लंबे समय से अशांत चल रहे मणिपुर के हित में एक स्वागत योग्य कदम ही कहा जाएगा। इसके बावजूद कुछ पेचीदा मुद्दे अभी भी सुलझाने बाकी हैं। इस मुहिम में विभिन्न हितधारकों को शामिल करने की जरूरत है। राज्य में एक प्रभावशाली नागरिक समाज समूह, कुकी–जो काउंसिल ने स्पष्ट किया है कि वह मैतेई और कुकी–जो क्षेत्रों के बीच बफर जोन में अप्रतिबंधित या मुक्त आवाजाही के पक्ष में नहीं। यह भी कि मणिपुर के नागाओं के शीर्ष निकाय ने मुक्त आवागमन व्यवस्था को समाप्त करने और भारत–म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का विरोध किया है। इसके अलावा विरोध में राज्य में समुदाय वाले सभी क्षेत्रों में व्यापार प्रतिबंध लागू करने की चेतावनी भी दी है। उल्लेखनीय है कि राज्य में जातीय संघर्ष की मूल वजह बहुसंख्यक मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा हासिल करने की मांग रही है। इस मांग पर उपजे टकराव को दूर करने तथा कुकी और नागाओं का विश्वास फिर से हासिल करने के प्रयास प्राथमिकता के आधार पर किए जाने की जरूरत है।

## कटाक्ष ▶ हसन जैदी




# वक्त और राजनीति का पहिया


किशन भावनानीं

वैश्विक स्तरपर मानव इतिहास गवाह है कि वक्त कभी किसी का स्थायी साथी नहीं रहा।वक्त हमेशा से मनुष्य की समझ और नियंत्रण से परे रहा है। यह किसी का सगा नहीं होता, यह न रुकता है और न ही किसी के लिए ठहरता है। राजनीति में वक्त का महत्व और भी बढ़ जाता है क्योंकि सत्ता,नेतृत्व और जनमत समय की धाराओं पर ही टिका रहता है।आज जब हम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय राजनीति के हालात देखते हैं, तो साफ प्रतीत होता है कि वक्त ने कई बड़े नेताओं, दलों और विचारधाराओं को शिखर तक पहुँचाया और फिर उसी वक्त ने उन्हें ज़मीन पर ला दिया। यही कारण है कि वक्त का पहिया हमेशा करवट बदलता रहता है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र ने अपने जीवन में देखा हूं कि जो साम्राज्य कभी अजेय माने जाते थे, वे धराशायी हो गए। जो नेता कभी अमर समझे जाते थे, वे इतिहास के पन्नों में फीके पड़ गए। राजनीति और सत्ता का हर खेल वक्त की ही मेहरबानी या बेरुख़ी पर आधारित है। वर्तमान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय राजनीति में यह कहावत और भी सटीक बैठती है कि "वक्त कभी किसी का सगा नहीं होता, यह करवट बदलते ही शिखर को जमीन और जमीन को शिखर बना देता है।" साथियों बात अगर हम वक्त कभी किसी का सगा नहीं किस पर अनुभव का राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय राजनीति का विश्लेषण करें तो (1)भारतीय राजनीति का दृष्टिकोण -भारतीय राजनीति इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। आज़ादी के बाद कांग्रेस का वर्चस्व इतना मजबूत था कि उसे "नेचुरल पार्टी ऑफ गवर्नेंस" कहा जाने लगा। जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी तक, कांग्रेस ने दशकों तक सत्ता पर एकछत्र शासन किया। परंतु वक्त ने करवट ली और 2014 के बाद कांग्रेस सत्ता से दूर होती चली गई।आज वही भारतीय जनता पार्टी,जो 1980-90 के दशक में सीमित सीटों तक सिमटी थी, राष्ट्रीय राजनीति की धुरी बन चुकी है। नरेंद्र मोदी का नेतृत्व आज भारतीय राजनीति की सबसे बड़ी ताकत है। लेकिन यह भी सच है कि वक्त कभी किसी का सगा नहीं होता। जिस तरह कांग्रेस सत्ता से गिर गई,उसी तरह भविष्य में भाजपा को भी यही चुनौती झेलनी पड़ सकती है। (2) अंतरराष्ट्रीय राजनीति-अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप का उदाहरण बेहद प्रासंगिक है। 2016 में उन्होंने सबको चौंकाते हुए राष्ट्रपति पद जीता और खुद को अमेरिका का 'परम नेता' मान बैठे। लेकिन 2020 में वे हार गए और उन्हें सत्ता छोड़नी पड़ी। यही नहीं,6 जनवरी 2021 को कैपिटल हिल पर उनके समर्थकों की हिंसा ने उनकी छवि को और धूमिल कर दिया।लेकिन आज 2025 में ट्रंप फिर से वापसी कर रहे हैं। यही वक्त की असली तस्वीर है -यह न तो स्थायी हार देता है और न स्थायी जीत। (3) रूस-यूक्रेन युद्ध भी इस कथन को चरितार्थ करता है। व्लादिमीर पुतिन ने 2022 में युद्ध छेड़ा था, उम्मीद थी कि कुछ ही दिनों में यूक्रेन रूस के सामने घुटने टेक देगा। लेकिन वक्त ने करवट ली और वही युद्ध रूस के लिए दलदल बन गया। रूस की अर्थव्यवस्था को प्रतिबंधों ने कमजोर किया और पुतिन की छवि पर भी गहरा असर पड़ा।(4) मध्य-पूर्व का परिप्रेक्ष्य- इज़राइल-फ़िलिस्तीन संघर्ष भी दिखाता है कि वक्त कभी किसी का नहीं होता। कभी इज़राइल को अजेय माना जाता था,लेकिन 2023-24 के गाज़ा संघर्ष ने उसकी छवि को धक्का पहुँचाया। वहीं फ़िलिस्तीनी मुद्दा जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दब चुका था,आज फिर से प्रमुख हो गया। साथियों बात कर हम वक्त का पहिया हमेशा एक जैसा नहीं रहता राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय नेताओं से विश्लेषण अनुभव के आधार पर करें तो(1)भारत के नेताओं का उत्थान-पतन-भारत में लाल बहादुर शास्त्री का अचानक प्रधानमंत्री बनना और 'जय जवान जय किसान' के नारे से अमर हो जाना दर्शाता है कि वक्त का पहिया कब किसे उठाए, कहा नहीं जा सकता। वहीं इंदिरा गांधी का 'आयरन लेडी' बनना और फिर आपातकाल में गिरती लोकप्रियता दिखाती है कि सत्ता का समय सदा समान नहीं रहता।नरेंद्र मोदी का वर्तमान वक्त सुनहरा है। वे न केवल भारत बल्कि दुनियाँ के सबसे लोकप्रिय नेताओं में शुमार हैं।अभी उनका हाल ही में 17 सितंबर 2025 को 75वें जन्मदिवस पर दुनिया भर से शुभकामनाएं आईं. आम जनता से लेकर अंतरराष्ट्रीय नेताओं और आध्यात्मिक गुरुओं तक, सभी ने प्रधानमंत्री को दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उनके नेतृत्व की सराहना की है।लेकिन राजनीति में यह स्थायी नहीं। विपक्ष का उभार, जनमत का बदलाव और वैश्विकपरिस्थितियाँ भविष्य में उनकी चुनौती बन सकती हैं।(2)अंतरराष्ट्रीय राजनीति में उदाहरण-बराक ओबामा का दौर 'येस वी कैन' और उम्मीद का प्रतीक था। परंतु उसी अमेरिका ने 2016 में ट्रंप को चुना, जिन्होंने बिल्कुल उलटी नीतियाँ अपनाईं। यह वक्त के पहिए का सटीक उदाहरण है।ब्रिटेन में बोरिस जॉनसन कभी ब्रेक्ज़िट के नायक माने गए, लेकिन कोविड-19 कीअव्यवस्था और पार्टीगेट स्कैंडल ने उनका राजनीतिक करियर खत्म कर दिया।जर्मनी में एंजेला मर्केल का 16 साल का लंबा शासन खत्म हुआ और एक नए युग की शुरुआत हुई। यह दर्शाता है कि सत्ता कितनी भी मज़बूत क्यों न लगे, वक्त का पहिया उसे बदल ही देता है। साथियों बात अगर हम वक्त का पहिया कैसे करवट बदल लेता है,अतीत और वर्तमान का तुलनात्मक विश्लेषण करें तो(1)भारत का बदलाव-1950 -70 के दशक का भारत गरीबी, विदेशी तकनीक और आयात पर निर्भर था। लेकिन 1991 की आर्थिक उदारीकरण की करवट ने भारत को बदल दिया। आज वही भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर है।नेहरू के भारत और मोदी के भारत में फर्क यही वक्त का खेल है। पहले पंचवर्षीय योजनाएँ राजनीति की धुरी थीं, आज डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और मेक इन इंडिया नए भारत की पहचान हैं।(2)विश्व राजनीति का बदलाव-(अ ) सोवियत संघ कभी महाशक्ति था, लेकिन 1991 में उसका विघटन हो गया। अमेरिका, जो वियतनाम युद्ध में हार चुका था, वही शीत युद्ध का विजेता बन गया। चीन, जो 1970 में पिछड़ा हुआ था, आज अमेरिका को चुनौती दे रहा है।(ब)अरब देशों का तेल साम्राज्य भी वक्त के पहिए का शिकार हो रहा है। कभी पेट्रोलियम उनकी शक्ति था, आज नवीकरणीय ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहन उनके प्रभुत्व को चुनौती दे रहे हैं।(स)आधुनिक युग में वक्त की गति-21वीं सदी में वक्त का बदलाव और तेज़ हो गया है। सोशल मीडिया, 24×7 न्यूज़ और कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने राजनीति को पल-पल बदलने वाला खेल बना दिया है।आज एक ट्वीट या वायरल वीडियो किसी नेता का राजनीतिक करियर बना सकता है या बिगाड़ सकता है। 2024-25 के चुनावों में हमने देखा कि डिजिटल कैंपेन और सोशल मीडिया ट्रेंड्स ने नीतियों से बहुत ज्यादा असर डाला। साथियों बात अगर हम वक्त के पहिए का हम खुद अपने पुराने और आज के वक्त का ही विश्लेषण कर ले कि कुछ साल या दशक पूर्व हम क्या थे और अब क्या हैं, तो हमें पता चल ही जाएगा कि वक्त कभी एक सा नहीं रहता, इतना ही नहीं अगर हम अपने ही समाज या पीढ़ियों का विश्लेषण करें तो हमें अंदाज लग जाएगा कि वक्त का पहिया कैसे घूमकर बदलते रहता है इसलिए ही बड़े बुजुर्गों का कहना हैं, समय-समय की बात है आज तुम्हारा समय है कल हमारा समय भी आएगा। हम हमारे शहर जिले राज्य या राष्ट्र की स्थिति देखें, तो हमें ऐसे कई उदाहरण मिल जाएंगे,अपने को बड़े शहंशाह, तीरंदाज कहने मानने वाले लोगों को भी हमने लाचार, तारतार होते देखा होगा, जिनके पास बेशुमार,दौलत पावर था और सबकुछ खरीद सकते थे परंतु वक्त का पहिया ऐसा फिसला कि उनका पैसा, पावर सब कुछ जमींदरोज़ हो गया और पैसे पैसे को मोहताज हो गए,हमने सुना ही नहीं अपनी आंखों से देखा भी जरूर होगा या फिर हमें यह अपने उम्र के बढ़ते चढ़ाव पर देखने को जरूर मिल जाएगा। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे किराजनीति में वक्त ही असली निर्णायक है। वक्त कभी किसी का सगा नहीं होता। यह शिखर को ज़मीन और ज़मीन को शिखर बना देता है। भारत, अमेरिका, रूस, चीन, यूरोप, मध्य-पूर्व—हर जगह यह सिद्धांत समान रूप से लागू होता है।नेताओं और राष्ट्रों को यह समझना चाहिए कि सत्ता और लोकप्रियता क्षणिक हैं। स्थायी केवल परिवर्तन है। इसीलिए यह याद रखना ज़रूरी है कि वक्त का पहिया हमेशा घूमता है और राजनीति का हर समीकरण उसी के हिसाब से बदलता है।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे- vishwavarta.response@gmail.com

# महाशक्ति की आराधना का पर्व शारदीय नवरात्र


मोनिका डागा

**या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता**
**नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ।।**

महाशक्ति राजराजेश्वरी माता दुर्गा भवानी की आराधना का शुभ कालीन अति उत्तम जन प्रचलित पर्व शारदीय नवरात्र है, जहां जगत जननी की उपासना भक्तजन श्रद्धा पूर्वक नौ दिन तक लगातार करते हैं, यह काल वर्षा ऋतु की समाप्ति और शरद ऋतु के आगमन का संधिकाल भी है जब जलवायु और मौसम में परिवर्तन होता है, अतः आध्यात्मिक दृष्टिकोण से ही नहीं अपितु वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी शारदीय नवरात्रों का अपना विशेष महत्व है। संसार का हर प्राणी जब तक उसके शरीर में प्राण है शक्ति की चाह रखता है यह शक्ति तन, मन, धन, आध्यात्मिक, भौतिक, अभौतिक, नैसर्गिक, लौकिक, अलौकिक सुख-सुविधाओं से संबंधित हो सकती हैं। बिना शक्ति के हर जीव निष्प्राण है। इस शक्ति के उचित प्रयोग के लिए बुद्धि की आवश्यकता भी होती है। माता दुर्गा की साधना जीव को ज्ञान, शक्ति, धन-धान्य, वैभव, शांति और स्वास्थ्य से संपन्न कर भोग और मोक्ष प्रदान करती है । संसार में ऐसा कोई भी कार्य नहीं है जो माता की कृपा से संभव न हो सके, भगवती अपने सच्चे भक्तों की हर प्रार्थना स्वीकार कर हर समस्या का समाधान करती है।




शारदीय नवरात्रे अश्वनी माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से लेकर नवमी तिथि तक मनाए जाते हैं। इन दिनों देवी दुर्गा के नौ रूप शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और माता सिद्धिदात्री की पूजा विधि विधान से सम्पन्न की जाती है, माता के यह नौ स्वरूप हमारे शरीर के भीतर स्थित नौ चक्रों का ऊर्जा केंद्र है, जहां हर एक दिन भगवती के एक विशेष रूप का ध्यान, चिंतन, मनन, अर्चन, पूजन, जप, तप किया जाता है, जिससे हमारी इच्छा शक्ति, बौद्धिक शक्ति, कार्मिक शक्ति, शुद्ध होती है और हमें अपने प्रारब्ध कर्मों से मुक्ति भी मिलती है। इस बार माता रानी हाथी पर सवार होकर भक्तों पर अनन्य कृपा अमृत बरसाने आ रही है जिसका ज्योतिषीय संदर्भ में और भी शुभदायक फल स्तुति गान है, साथ ही साथ इस बार नवरात्रि के नौ दिनों में तृतीया तिथि की वृद्धि होने से सभी भक्तजन पूरे दस दिनों तक माता की आराधना कर सकते हैं यह अपने आप में अति विशेष महत्व रखता है । भारत के अलग-अलग प्रांतों में शारदीय नवरात्रों में दुर्गा पूजा की रौनक और छटा अद्भुत होती है, भजन, कीर्तन, जागरण, हवन इस तरह के कई धार्मिक अनुष्ठान घर-घर में श्रद्धा पूर्वक आयोजित किए जाते हैं। अपने भीतर की आत्मिक शक्ति पुंज को प्रज्वलित करने का यह समय अति उत्तम है। साधना से जीवन में कई परिवर्तन होते हैं साथ ही साथ तन-मन का शुद्धिकरण भी होता है, देवी भगवती दुर्गा सच्ची उपासना से अति शीघ्र प्रसन्न होती हैं और अपने भक्त की हर मनोकामना पूर्ण करती हैं। कहते हैं ना यदि मन में आनंद है तो बाहर का संसार भी आनंदकारी लगता है और वहीं अगर मन व्यथित हैं, चिंताग्रस्त है तो हर सुख व्यर्थ, अर्थहीन लगता है, कुछ भी अच्छा नहीं लगता है । जिस भक्त को माता की कृपा पर विश्वास है वह और भी अधिक श्रद्धा और गहरी भक्ति के साथ भगवती की साधना इन नौ दिनों में पूरे विधि-विधान के साथ करता है। भक्त की आस्था परिणाम नहीं भीतर के परिवर्तन का प्रत्यक्ष गुणगान करती हैं और यही असंभव को संभव बना चमत्कारी प्रभाव उत्पन्न करती हैं। नवरात्रि में माता रानी की श्रद्धापूर्वक आराधना कर हर प्रकार के दैहिक, दैविक, भौतिक कष्टों से मुक्ति प्राप्त की जा सकती हैं चाहे वो दुःख प्रत्यक्ष हो या अप्रत्यक्ष। यह कदापि जरूरी नहीं है कि आप दुर्गा सप्तशती का पूरा पाठ स्वयं करें क्योंकि यह हर व्यक्ति के लिए संभव नहीं है, किंतु आप अपनी सामर्थ्य के अनुसार भगवती के नामों का संकीर्तन कर सकते हैं, आप कोई मातारानी के सरल मंत्र का शुद्ध भाव रख जप कर सकते हैं, नौ दिन व्रत उपवास करना संभव न हो तो आप सात्विक भोजन कर इन नौ दिनों में भगवती की आराधना कर सकते हैं। महामाई देवी दुर्गा बहुत दयालु है, माता की कृपा जिस पर होती है वह संसार का सबसे धनवान व्यक्ति है, माता अपने भक्तों की रक्षा करती हैं, उनके सभी अपराधों को क्षमा करती हैं और अनंत कृपा बरसती है। इस बार इन शारदीय नवरात्रों में आप धूमधाम से, प्रसन्नचित्त मन से, सच्ची श्रद्धा भक्ति भाव से, माता रानी की आराधना अवश्य कीजिए और माता से विशेष कृपा प्राप्त कर अपने जीवन को उलझनों से मुक्त कर सुखमय, समृद्धि सम्पन्न, स्नेह आनंद प्रेम से भरपूर आज और मंगलकारी भविष्य का निर्माण स्वयं कीजिए। आप सभी के जीवन में यह शारदीय नवरात्रे शुभता लेकर आएं इसी मंगलमय प्रार्थना के साथ आप सभी को मेरा प्रणाम और शारदीय नवरात्रों की ढेर सारी शुभकामनाएं। सभी का कल्याण करने वाली हे जगजननी जगदम्बा! आपको मेरा प्रणाम हैं, धन्यवाद हैं, मातारानी आप सभी का कल्याण करें, आपको सर्वस्व समर्पित, जय माता दी।

## कविता


प्रतिभा किरण

### खुरचन

लड़कियाँ जिन्होंने लिखनी चाही कविताएँ

जिनके हाथों में कलम–किताब के बजाय

थमा दिया गया झाड़ू और पोछा का कपड़ा

उन्होंने शब्दों में उकेरी सबसे ज्यादा वास्तविकतायें

छी: छी:, एह्हें, कपड़े की तह किसने बिगाड़ी

कलमुहा कहीं का, धत्त तेरी की

लड़कियाँ जिनके हिस्से में आयीं कलम–किताब और आघातें

लिख डाला भर–भर के पन्ना अपना दु:ख

लड़कियाँ जिनके हिस्से में आयीं

केवल आघातें और झाड़ू–पोछा

छौंक दिया दाल जीरा, मिर्च, लहसुन और क्रोध से

पटक दिया एक दिन जमीन पर दाल का बर्तन

सुना दिया महरी को खरी–खोटी

लड़कियों ने उस दिन जले दाल के बर्तन में

महरी को कविता खुरच के दिखाई

# राहुल गांधी का जेन-जेड दांव लोकतंत्र की रक्षा या पड़ोसी देशों जैसी आग का न्योता ?


अजय कुमार

देश की सियासत में इन दिनों हंगामा बरपा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एक ट्वीट ऐसा है, जिसने सबको चौंका दिया। 18 सितंबर 2025 को एक्स पर उन्होंने लिखा, 'देश के युवा, देश के छात्र, देश की जेनरेशन-जी संविधान को बचाएंगे, लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और वोट की चोरी रोकेगी। मैं उनके साथ हमेशा खड़ा हूं। जय हिंद!' यह कोई मामूली बात नहीं थी। इस ट्वीट में पड़ोसी मुल्क नेपाल के हाल के जेन-जी आंदोलन की छाया साफ दिख रही है, जहां नौजवानों ने सड़कों पर उतरकर सरकार को उखाड़ फेंका। सवाल उठ रहे हैं, क्या राहुल गांधी युवाओं को सड़कों पर बुलाने का इशारा दे रहे हैं? क्या वे चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' का इल्जाम लगाकर आग भड़का रहे हैं? कांग्रेस का कहना है कि युवा उनकी ताकत हैं, वहीं भाजपा इसे 'नेपाल जैसी साजिश' बता रही है। ऊपर से सैम पित्रोदा का पाकिस्तान को 'घर जैसा' बताने वाला बयान ने नया बवाल खड़ा कर दिया। आखिर क्या है यह माजरा? क्या राहुल का जेन-जी दांव भारत में नेपाल जैसी आग लगाएगा या लोकतंत्र को और मजबूत करेगा? नेपाल में सितंबर 2025 में जेन-जी आंदोलन ने तहलका मचा दिया। वहां की सरकार को जाना पड़ा। बात शुरू हुई 4 सितंबर से, जब नेपाल सरकार ने फेसबुक, एक्स, यूट्यूब, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया पर पाबंदी लगा दी। वजह बताई गई कि ये कंपनियां नए नियमों में रजिस्टर नहीं हुई थीं। लेकिन यह फैसला 1995 से 2010 के बीच पैदा हुए जेन-जी युवाओं को बिल्कुल रास नहीं आया। उनके लिए सोशल मीडिया सिर्फ टाइमपास नहीं, बल्कि रोजगार, पढ़ाई और दुनिया से जुड़ने का जरिया है। रील्स बनाकर पैसे कमाने वाले, विदेश में बसे रिश्तेदारों से वीडियो कॉल करने वाले, ऑनलाइन बिजनेस चलाने वाले सब गुस्से में आ गए। शुरू में आंदोलन बैन के खिलाफ था, लेकिन जल्दी ही यह भ्रष्टाचार, परिवारवाद और अमीर-गरीब की खाई के खिलाफ उग्र हो गया। काठमांडू से लेकर छोटे शहर तक सड़कों पर हजारों युवा उतर आए। सरकारी दफ्तरों, राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री आवास पर हमले हुए। कम से कम 51 लोग मारे गए, सैकड़ों जख्मी। सेना को सड़कों पर उतारना पड़ा। एक बड़े नेता ने कहा, 'सियासी दलों ने युवाओं की बात नहीं सुनी, इसलिए हिंसा भड़की।' नतीजा? प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को कुर्सी छोड़नी पड़ी। अब नई सरकार की बात हो रही है, जिसमें कुछ नए चेहरों के नाम सामने आ रहे हैं। यह आंदोलन कुछ नौजवानों ने शुरू किया, जो सियासत से दूर थे। बाद में विपक्षी दलों ने इसे हवा दी। भारत पर भी इसका असर पड़ा। उत्तराखंड के सीमाई बाजारों में धंधा ठप है, क्योंकि नेपाली ग्राहक सड़कों पर हैं। नेपाल का यह बवाल भारत के लिए चेतावनी बन रहा है। राहुल गांधी का ट्वीट इस माहौल में आया। उन्होंने नेपाल का नाम नहीं लिया, लेकिन उनकी बातों में वही जोश दिखा। बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' के बाद उनका 'वोट चोर, गद्दी छोड़' वाला नारा वायरल हो गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने चुनाव आयोग पर सीधा निशाना साधा। कर्नाटक में 6018 वोटरों के नाम कटने और महाराष्ट्र में 6180 वोटर जोड़े जाने का हवाला देकर 'वोट चोरी फैक्ट्री' का इल्जाम लगाया। मुख्य चुनाव आयुक्त को 'वोट चोरों का सरगना' तक कह डाला। आयोग ने सफाई दी कि यह रूटीन काम है, लेकिन राहुल नहीं रुके। उन्होंने कहा, 'मैं 100 फीसदी सबूतों के साथ बोल रहा हूं। मुझे अपने देश और संविधान से प्यार है।'कांग्रेस का कहना है कि युवा उनकी ताकत हैं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल ने 'युवा न्याय' की बात की थी। गुजरात दौरे पर फिटनेस पर जोर दिया, जो युवा नजरिए को दिखाता है। लेकिन भाजपा इसे खतरनाक खेल बता रही। सांसद निशिकांत दुबे ने एक्स पर तंज कसा, 'जेन-जी परिवारवाद के खिलाफ है। नेहरू, इंदिरा, राजीव, सोनिया के बाद राहुल को क्यों बर्दाश्त करेगा? भ्रष्टाचार से नफरत करता है, तो यूपीए के घोटाले कैसे भूलेगा?' उनका पोस्ट वायरल हो गया। दुबे ने गृह मंत्रालय और ईडी से सैम पित्रोदा की फंडिंग और राहुल के विदेश दौरों की जांच की मांग की। बोले, 'कांग्रेस विदेशी ताकतों के साथ अराजकता फैलाना चाहती है। देश छोड़ने की तैयारी करो।' कंगना रनौत ने कहा, 'नेपाल में जेन-जी ने परिवारवादी सरकार उखाड़ी। राहुल देश को शर्मिंदा करते हैं।' भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी बोले, 'कांग्रेस की पहचान परिवारवाद और घोटाले हैं।' पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने तो हद कर दी, बोले, 'नेपाल जैसी क्रांति भारत में हुई तो राहुल-अखिलेश के घरों में आग लग जाएगी!' विपक्ष में शिवसेना के संजय राउत ने राहुल का साथ दिया, लेकिन चेताया, 'भारत में भी ऐसा हो सकता है, भाजपा तैयार रहे।' जेडीयू के नीरज कुमार ने जवाब दिया, 'भारत न बांग्लादेश है, न नेपाल। यहां लोकतंत्र मजबूत है।' गृह मंत्री अमित शाह बोले, 'चुनाव आयोग को बदनाम करना कांग्रेस की पुरानी चाल।' अनुराग ठाकुर ने कहा, 'कांग्रेस लोकतंत्र कमजोर कर रही।' प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल के नेताओं से बात की और युवाओं को शांतिपूर्ण रास्ता अपनाने की सलाह दी।इस बवाल में सैम पित्रोदा ने और आग में घी डाला। 19 सितंबर को उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान गया, वहां घर जैसा लगा। बांग्लादेश, नेपाल में भी ऐसा ही।' भाजपा ने इसे 'देशद्रोही' बताया। शहजाद पूनावाला ने एक्स पर लिखा, 'पित्रोदा को पाकिस्तान घर जैसा लगता है? 26/11 पर नरमी, पुलवामा में पाक का साथ कांग्रेस की सोच साफ!' पित्रोदा ने राहुल के जेन-जी बयान का समर्थन किया, लेकिन उनके पुराने बयान याद आ गए 1984 दंगों पर 'हुआ तो हुआ', उत्तर-पूर्व को 'चीनी-अफ्रीकी' कहना, विरासत टैक्स की बात। कांग्रेस ने खुद को अलग किया, लेकिन नुकसान हो चुका।19 सितंबर को दिल्ली यूनिवर्सिटी स्टूडेंट यूनियन (DUSU) चुनाव में नौजवानों ने जवाब दे दिया। अभाविप ने जीत हासिल की, आर्यन मान अध्यक्ष बने। #ABVP4DUSU ट्रेंड किया। पंजाब यूनिवर्सिटी में भी अभाविप जीती। लोग बोले, 'राहुल के बयान के अगले दिन जेन-जी ने भाजपा चुनी।' बिहार चुनाव से पहले यह बवाल बड़ा है। कांग्रेस कहती है, जेन-जी पढ़ाई, नौकरी, बराबरी चाहती है। राहुल बार-बार कहते हैं, लोकतंत्र और संविधान खतरे में हैं। उनकी बात अच्छी लगती है, लेकिन सवाल है क्या वे वोटिंग की बात कर रहे या सड़कों पर बवाल का इशारा दे रहे हैं? एक्स पर #VoteChoriFactory ट्रेंड कर रहा, लेकिन मुंबई में #iPhone17 की लाइन में जेन-जी रात 2 बजे से खड़ी है। एक यूजर ने तंज मारा, 'राहुल की बात सुनी, जागे, मगर iPhone लेने चले गए।' कांग्रेस के जमाने में सिलेंडर की लाइन थी, आज ऐपल फोन की। केंद्र की स्किल इंडिया, विकसित भारत रोजगार योजना युवा-केंद्रित हैं। मोदी ने 2014 में गूगल हैंगआउट पर युवाओं से बात की थी।राहुल का बयान कांग्रेस के लिए दोधारी तलवार है। वे संविधान बचाने की बात करते हैं, लेकिन नेपाल का जिक्र सड़क आंदोलन का संकेत देता है। भारत का लोकतंत्र वोट से चलता है, आग से नहीं। श्रीलंका की तबाही, बांग्लादेश का बवाल, नेपाल का दर्द क्या राहुल भारत को उसी रास्ते ले जाना चाहते हैं? या जागरूकता फैला रहे? पित्रोदा का बयान दिखाता है, कांग्रेस पड़ोसियों से नरम, भारत से सख्त। लेकिन DUSU ने साफ कर दिया जेन-जी तरक्की चाहती है, बवाल नहीं। राहुल जी, नौजवानों को वोट की ताकत सिखाइए। आपके परिवार ने इसी सिस्टम से सत्ता पाई। बिहार चुनाव बताएंगे, जेन-जी राहुल के साथ है या तरक्की के रास्ते पर। लोकतंत्र बचेगा, अगर युवा वोट से बदलाव लाएं। आग से नहीं।



# एसटीएफ के हत्थे चढ़े पशु तस्कर की डायरी बनी पुलिस के गले की फांस

» दो थाना प्रभारियों समेत 25 पुलिस कर्मी हुए लाइन हाजिर

» खंगाली जा रही है दागी पुलिस वालों व पशु तस्करों के नेटवर्क हुई बातचीत की काल डिटेल

**मिथिलेश्वर**

**कुशीनगर।** एसटीएफ के हत्थे चढ़े बिहार के एक बड़े पशु तस्कर की डायरी इस जिले में तैनात पुलिस वालों के गले की फांस बन गयी है। जोन (गोरखपुर) के अपर पलिस महानिदेशक अशोक मुथा जैन के हुक्म पर जिन पच्चीस पुलिस वालों के नाम एवं मोबाइल फोन नंबर उस रहस्यमय डायरी में दर्ज मिले हैं, उन्हें एक मुश्त लाइन हाजिर कर दिया गया है। सूत्रों की माने तो दागी पुलिस वालों व पशु तस्करों के नेटवर्क के बीच मोबाइल फोन पर हुई बातचीत की कॉल डिटेल खंगाली जा रही है। कुछ अन्य पुलिसवालों पर भी गाज गिरने की अटकलें जोरों पर हैं।

बताते चलें कि नीट की तैयारी में जुटे रहे गोरखपुर जिले के पिपराइच निवासी एक छात्र की हाल ही में पशु तस्करो ने हत्या कर दी थी। इस पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताने से पुलिस प्रशासन में मची खलबली के क्रम में गोवंशीय मवेशियों की तस्करी के धंधे पर लगाम लगाने में विफल रहे। पुलिस कप्तान संतोष कुमार मिश्र को स्थानांतरित कर पुलिस महानिदेशक के कार्यालय से सम्बद्ध किये जाने का फरमान कल सबेरे ही यहां पहुंच गया था। अभी वे नए तैनाती स्थल के लिए रवाना होने की तैयारी ही कर रहे थे कि कल सायं जोन के अपर पुलिस महानिदेशक श्री जैन अचानक इस जिले में आ धमके थे। उन्होंने पशु तस्करी का मुख्या मार्ग समझे जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 28 पर स्थित हाटा, कसया, पटहेरवा और तमकुहीराज थानों एवं इस मार्ग पर स्थित सभी पुलिस चौकियों पर पहुंचकर गोवंशीय मवेशियों की तस्करी की रोकथाम के क्रम में की गयी कार्यवाही की जानकारी हासिल की और मुठभेड़ के नाम पर पकडे जाने वाले पशु तस्करो के पैर में गोली मारकर सख्त कार्रवाई किये जाने का तमाशा लगातार जारी रहने के वावजूद पशु तस्करी पर लगाम न लग पाने की स्थिति पर नाराजगी जताई और पुलिस अधीक्षक को तत्काल विभिन्न थानों पर तैनात दागी पुलिस वालो को पुलिस लाइन की राह दिखाने का हुक्म दे दिया। रात में ही पुलिस अधीक्षक ने फरमान जारी कर दिया। लाइनहाजिर किये गए पुलिस वालो में से कुछ ने बीती रात ही जिला मुख्यालय पहुंच कर पुलिस लाइन में अपनी आमद करा ली थी और शेष ने आज सबेरे अपनी हाजिरी लगा दी है।

मिली जानकारी के अनुसार एसटीएफ द्वारा पकड़े गये बिहार के एक पशु तस्कर की गोपनीय डायरी में राष्ट्रीय राजमार्ग, 28 पर स्थित थानों एवं पुलिस चौकियों पर कल तक और इससे पहले तैनात रहे पुलिसकर्मियों के नाम व मोबाइल नंबरों के दर्ज होने की जानकारी मिलते ही जोनल अपर पुलिस महानिदेशक श्री जैन ने सम्बंधित थानों व पुलिस चौकियों का दौरा किये जाने के बाद हुई इस कार्रवाई की वजह से पूरे जिले में हड़कंप मचा हुआ है। लाइन हाजिर किये गए पुलिसवालो में कसया थाने के प्रभारी निरीक्षक अमित शर्मा, कुशीनगर पुलिस चौकी के प्रभारी दरोगा गौरव शुक्ला, हवलदार राजेश कुमार सिंह, सिपाही राहुल कुमार पांडेय, तरया सुजान थाने के दरोगा अनुराग शर्मा, अरविंद कुमार, सिपाही नवनीत कुमार शुक्ल, विशाल सिंह, हाटा कोतवाली के दरोगा मंगेश मिश्र, हवलदार सतीश चंद, सिपाही सुधीर कुमार यादव, डब्लू कुमार, बृजेश यादव, अजय तिवारी, तमकुहीराज थाने के प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार शुक्ला, दरोगा अर्सलाम अहमद व सिपाही मोहित कुमार उपाध्याय, चौराखास थाने के हवलदार दिलीप कुमार व सिपाही विकास प्रजापति, खड्डा थाने के सिपाही शशिकेश गोस्वामी, पटहेरवा थाने के दरोगा पवन कुमार सिंह, हवलदार फूलचंद चौधरी, श्याम सिंह यादव व सिपाही अर्जुन खबरवार तथा एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल में तैनात हवलदार विनोद कुमार यादव शामिल हैं।

इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार ने बताया कि एडीजी गोरखपुर के निर्देश पर बीती रात ही इन पुलिसवालो को लाइन हाजिर कर दिया गया था।

# भारतवासियों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए कार्य कर रहे हैं पीएम मोदी : रमेश सिंह

## भाजपा का प्रबुद्ध संवाद कार्यक्रम




विश्ववार्ता संवाददाता

कुशीनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीति और राजनीति में नीति को प्राथमिकता देते हैं। नरेंद्र मोदी का व्यक्तित्व एक कर्मठ, दूरदर्शी, राष्ट्रनिष्ठ एवं जनसेवा को समर्पित नेता का है, जो करोड़ों लोगों को प्रेरणा देता है।भारतीय जनता पार्टी के आदर्श प्रभु श्री राम हैं और प्रधानमंत्री मोदी भगवान राम के आदर्श तथा उनकी नीति एवं तपस्या को आत्मसात कर 140 करोड़ भारतवासियों का जीवन में खुशहाली लाने एवं भारत को विकसित बनाने के मिशन पर काम कर रहे हैं। यह विचार भारतीय जनता पार्टी के पंचायत प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक रमेश सिंह ने पड़रौना स्थित हनुमान इण्टर कालेज में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत आयोजित प्रबुद्ध संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति में जातिवाद, क्षेत्रवाद और परिवारवाद की जगह विकास, राष्ट्रवाद और सुशासन को प्राथमिकता दी है। वे बार-बार कहते हैं कि उनका कोई परिवार नहीं है। एक सौ चालीस करोड़ भारतीय ही उनका परिवार है। यह भावना उनके कार्यों में भी परिलक्षित होती है। वे सभी वर्गों, जातियों और धर्मों के लिए समान रूप से कार्य करते हैं। उनके लिए भारत एक परिवार है और हर नागरिक की सुरक्षा व खुशहाली उनकी जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का व्यक्तित्व और उनका नेतृत्व भारत में एक प्रेरणा का स्रोत बन चुका है। मोदी जी ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि वे देशहित को सर्वोपरि मानते हैं और राष्ट्र की सुरक्षा, विकास और सम्मान के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष लल्लन मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। एक साधारण परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च पद तक पहुँचना, यह दिखाता है कि वे दृढ़ निश्चयी, मेहनती और दूरदर्शी है।

पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच हो या भारत के भीतर कोई चुनौती, मोदी जी ने हमेशा भारत की गरिमा और स्वाभिमान को सर्वोपरि रखा है। उनके नेतृत्व में भारत ने वैश्विक राजनीति में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। आज भारत को विश्व में एक मजबूत, आत्मनिर्भर और सम्मानित राष्ट्र के रूप में देखा जाता है, जिसका श्रेय काफी हद तक मोदी जी की नीतियों और नेतृत्व को जाता है। राष्ट्र की सुरक्षा के लिए उनका दृष्टिकोण भी अत्यंत स्पष्ट और कठोर है। मोदी जी के नेतृत्व में देशवासियों को यह विश्वास हुआ है कि भारत की सीमाएं सुरक्षित हाथों में हैं।

संचालन कार्यक्रम संयोजक शैलेन्द्र दत्त शुक्ल तथा जिला महामंत्री एवं अभियान संयोजक सुदर्शन पाल ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल, सुरेंद्र सिंह, बंका सिंह, मनोज सारस्वत, विवेकानंद शुक्ल, विश्वरंजन कुमार आनन्द, नमो नारायण मौर्य, भुवनेश्वर त्रिपाठी, बच्चा सिंह, किन्नरेश चौबे,संजय राय, पप्पू सिंह, भीखम प्रसाद, नवनीत तिवारी, गौरव तिवारी मीनू जिंदल, पूनम जायसवाल, रितिक सिंह, अरुण राय आदि उपस्थित रहे।

# झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से मरीज की तबीयत गंभीर

» क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार सिंह ने कोतवाल संतोष कुमार सिंह को मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने के दिये निर्देश



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** कोतवाली जलालपुर क्षेत्र में एक झोलाछाप डॉक्टर की कथित लापरवाही से एक मरीज की हालत गंभीर हो गई। इलाज के दौरान लगाए गए इंजेक्शन और दवा के कारण मरीज की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद परिजनों ने क्षेत्राधिकारी जलालपुर को तहरीर सौंपकर आरोपी डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए निर्देश जारी करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, जलालपुर थाना क्षेत्र के गोलपुर ग्राम सभा निवासी भारत को मामूली बीमारी के कारण स्थानीय झोलाछाप डॉक्टर के पास इलाज के लिए ले जाया गया था। डॉक्टर ने मरीज को इंजेक्शन लगाया और दवा दी, लेकिन कुछ ही देर बाद पैरालाइसिस की स्थिति हो गई। परिजनों ने बताया कि इंजेक्शन लगाने के कुछ ही देर बाद कमर के नीचे का हिस्सा निष्क्रिय होने लगा।

मरीज के परिजनों ने झोलाछाप डॉक्टर पर गैर-पेशेवर इलाज और गलत दवा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने क्षेत्राधिकारी जलालपुर को एक विस्तृत तहरीर सौंपी, जिसमें आरोपी डॉक्टर के क्लिनिक का विवरण, घटना का समय और मरीज की स्थिति का जिक्र किया गया है। तहरीर में स्पष्ट रूप से मांग की गई है कि संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया जाए। परिजनों का कहना है कि यदि समय पर कार्रवाई न हुई तो वे उच्च अधिकारियों तक मामला ले जाएंगे। क्षेत्राधिकारी जलालपुर ने बताया कि तहरीर प्राप्त होने पर मामले की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है। परिजनों की शिकायत पर हमने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। डॉक्टर की योग्यता और क्लिनिक की वैधता की जांच की जा रही है। यदि लापरवाही साबित हुई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर एड्स को लेकर किया गया जागरूक

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**कप्तानगंज (कुशीनगर)।** विकास खण्ड के ग्राम पंचायत पटखौली में स्थित दादी राजमती देवी महिला महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर एचआईवी एड्स विषय पर जागरूकता कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें स्वस्थ नारी सशक्त परिवार विषय पर चिकित्सको व सामाजिक जनों में अपने विचार व्यक्त किये।

कप्तानगंज के पटखौली में स्थित दादी राजमती देवी महिला महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय खेतान ने अपने सम्बोधन में कहाकि केंद्र व प्रदेश की सरकार युवाओं विशेषकर महिलाओ को सशक्त बनाने के लिए फोकस कर रही है।

महिलाओ व छात्राओं की सुरक्षा को लेकर हर सम्भव आवश्यक उपाय किये गए है।महिला चिकित्सक रश्मि सिंह ने कहाकि महिलाओ में सबसे अहम समस्या खून की कमी की होती है।इन्हें अपने खान पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए।उन्होंने एचआईबी रोग होने के कारण की जानकारी दी।

महिला चिकित्सक हाजरा खातून ने महिलाओ को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने सुझाव देते हुए एड्स से बचाव इलाज की जानकारी दी।।कार्यक्रम को डॉ नितेन्द्र कुमार,मंडल अध्यक्ष आनंद मिश्रा स्पैरो वर्ल्ड स्कूल के प्रवन्धक कर्मजीत सिंह राधेश्याम पासवान आदि ने सम्बोधित किया।अंत मे विद्यालय के संरक्षक रणजीत सिंह प्रवन्धक भीषमजीत सिंह ने आगन्तुको के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर मनीष मिश्रा मुरारी सिंह कृष्ण मुरारी मिश्रा दुर्गेश दीक्षित गौरव आनन्द लक्ष्मण सिंह शैलेन्द्र कुमार लवकुश पाण्डेय मीना सिंह अंजली सिंह शोभा चौरसिया कविता सिंह खुशबू साहनी आदि मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई आईजीआरएस पोर्टल की गहन समीक्षा बैठक

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता, समयबद्धता एवं शिकायतकर्ता के फीडबैक की स्थिति की गहन समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में विभागवार शिकायतों की समीक्षा की गई और विशेष रूप से असंतुष्ट फीडबैक वाले प्रकरणों की विस्तृत चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से सीधे कारण पूछे और कई मामलों में नाराजगी भी व्यक्त की तथा आवश्यक निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कड़े शब्दों में निर्देशित करते हुए कहा, शासन की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान है। किसी भी स्थिति में शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही या औपचारिकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयसीमा के भीतर गुणवत्ता परक ढंग से किया जाए, ताकि शिकायतकर्ता पूर्ण रूप से संतुष्ट हो। उन्होंने निर्देशित किया कि आईजीआरएस पोर्टल पर अपलोड होने वाली आख्या तथ्यों व साक्ष्यों पर आधारित होनी चाहिए।

# जिम्मेदारों की लापरवाही से बारिश में एनएच सर्विस लेन पर लग रहा पानी

## अतिक्रमण और जाम नालियों के चलते नहीं हो पा रहा जल निकासी

विश्ववार्ता संवाददाता

कसया (कुशीनगर)। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण 28 पर कुशीनगर पुलिस चौकी से लेकर टीवीएस एजेंसी तक सर्विस लेन की दक्षिणी पटरी पर बरसात होने के बाद लबालब पानी भर जाने के चलते जहाँ राहगीरों को आवा गमन में काफ़ी दिक्क़तो का सामना करना पड़ता है।



शुक्रवार को हुई बारिश ने सर्विस लेन की दक्षिणी पटरी पर जल निकास की पोल खोल दी और लोगों को आने जाने में दिक्कत उठानी पड़ी। जिम्मेदारो के लापरवाही का आलम यह है कि हाईवे पर जल निकास के लिए बनी नालियां जाम हो गई हैं अतिक्रमण की।शिकार हैं। जिससे आने जाने वाले दो पहिया व चार पहिया वाहनों के बिच में आने जाने के चलते लोगों को दुर्घटना का भी खतरा बना रहता है।

मालूम हो कि राष्ट्रीय राजमार्ग 28 के निर्माण के समय ही रिहायासी क्षेत्रों में पैदल व व छोटे वाहनों से यात्रा करने वाले लोगो के लिये जगह- जगह सर्विस लेन का निर्माण कराया गया था। जिससे कि लोग सुगमता पूर्वक सुरक्षित यात्रा कर सके लेकिन जिम्मेदारो के समुचित रखरखाव व लापरवाही के चलते आलम यह है कि सर्विस लेन अतिक्रमण की शिकार हो गयी है तथा बारिश होने पर मुख्य सड़क का पानी इकट्ठा होकर राहगीरों के लिये जानलेवा साबित हो रही है, जिसके चलते राहगीर गिर कर चोटिल हो जाते है या उनके कपड़े गंदे पानी के छींटे से खराब हो जाते हैं।

इसी मार्ग से होते हुये स्थानीय लोग व बच्चे स्कूल, कालेज व बाजार जाते है तो वहीं देशी विदेशी पर्यटको के वाहन भी इसी मार्ग से गुजरते है। मजे की बात तो यह है कि हाइवे की पेट्रोलिंग गाडी से अधिकारी, कर्मचारी रोज गुजरते भी है लेकिन किसी जिम्मेदार की नजर आखिर क्यों नहीं पड़ती यह एक यक्ष प्रश्न है।

देखा जाय कबतक जिम्मेदार इस समस्या का समाधान करते हैं। इस संदर्भ में परियोजना निदेशक ललित पल का कहना था कि जानकारी नही थी दिखवा कर जल्द ही समस्या का निस्तारण करवाते है।

## एक नजर

### संयुक्त मोबाइल कोर्ट का आयोजन



**अंबेडकरनगर।** शुक्रवार को आयुक्त दिव्यांगजन, भारत सरकार तथा राज्य आयुक्त दिव्यांगजन, उत्तर प्रदेश ने दिव्यांगजन की समस्याओं के निराकरण हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में संयुक्त मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया। इस अवसर पर कोर्ट में पंजीकृत दिव्यांगजनों समस्याओं को एक एक कर गंभीरता के साथ सुना जा रहा है। कोर्ट अपराह्न 02 बजे तक कुल आ 168 दिव्यागजनों की समस्याओं को सुना गया। जिसमें कोर्ट के निर्देश पर कलेक्ट्रेट सभागार में हो मेडिकल बोर्ड द्वारा 02 बजे तक तात्कालिक रूप से 16 दिव्यागजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया जा चुका है। इस अवसर पर मोबाइल कोर्ट द्वारा कोर्ट में आवास, शौचालय, पेंशन, ट्राई साइकिल, राशन कार्ड आदि से संबंधित प्रकरणों को पात्रता एवं उपलब्धता के अनुसार त्वरित एवं निर्धारित समयावधि में निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया। मोबाइल कोर्ट में देर शाम तक निरंतर सुनवाई जारी रही।

### आल इन्डिया शिया समाज ने मौलाना नय्यर बहिष्ति को पूर्वांचल का सिक्रेटरी चयन किया



**जलालपुर अम्बेडकर नगर।** आल इन्डिया शिया समाज के नेशनल प्रिसेंडट सय्यद क़सीम हैदर रिज़वी ने मौलाना नय्यर बहिश्ती :-( मुमताज़ उल फ़ाज़लि को 5 साल के लिये पूर्वांचल के सिक्रेटरी बनाया गया। शोशल मिडीया से ख़बर प्राप्त हुई तो पूरे प्रदेश में ख़ुशी की लहर दौड़ पड़ी अम्बेडकर नगर पहुंचने पर मौलाना नय्यर बहिश्ती का भव्य सवागत किया गया। आल इन्डिया शिया समाज के सिक्रेटरी मौलाना ज़फ़रुल हसन ने बताया मौलाना नय्यर बहिश्ती एक कर्मठ ईमानदार और संघर्षशील व्यक्ति है, जिनके कंधे पर शिया समाज की एक अहम ज़म्मिदारी सौपी गयी है। उन्होंने कहा कि मौलाना मौसूफ़ अपनी ज़म्मिदारी को समझते हुये शिया समाज के लिये बेहतर से बेहतर कार्य करने की पूरी कोशिश करेंगे। इस मैके पर बनारस से अम्बर तुराबी अकबरपुर से हुसैनी अबकपुरी मिर्ज़ापुरी से आदिल आजमगढ़ से मैकश नक़वी किछौछा शरीफ़ से तालिब अली आँसू इब्ने अली जाफरी, मोहम्मद शारिब आदि ने उज्वल भविष्य के लिये मुबारकबाद दिया।

# तीन माह से उखड़ी सड़क की मरम्मत न होने से भड़के ग्रामीण

» नाली का पाइपलाइन व चेंबर सतह पर होने से चारपहिया वाहनों का प्रवेश बंद

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**तमकुहीराज (कुशीनगर)।** दुदही विकास खंड के ग्राम पंचायत मठिया भोकरिया के बाजार टोला में शुक्रवार को ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। नाली निर्माण के नाम पर करीब तीन माह पूर्व डेढ़ सौ मीटर खड़ंजा और पचास मीटर इंटरलाकिंग मार्ग उखाड़ दिया गया था, लेकिन उसके बाद से सड़क की मरम्मत अधर में लटकी हुई है। इससे आवागमन की स्थिति बद से बदतर हो गई है।



ग्रामीणों ने बताया कि बनाई गई नाली की पाइपलाइन जमीन की सतह पर है। चेंबर व ढक्कन तक सतह से ऊपर निकल आए हैं, जिससे सड़क पर चलना बेहद जोखिम भरा हो गया है। चारपहिया वाहनों का रास्ता पूरी तरह बंद है, वहीं मोटरसाइकिल सवारों को हर दिन चेंबर से टकराकर वाहन क्षतिग्रस्त होने की समस्या झेलनी पड़ रही है। आक्रोशित ग्रामीणों का कहना था कि जिम्मेदारों ने आधा-अधूरा काम पूरा कर पल्ला झाड़ लिया। बरसात के दिनों में स्थिति और भयावह हो गई है। सड़क पर कीचड़ और गड्ढे भरने से लोग फिसलकर घायल हो रहे हैं। पैदल चलना तक मुश्किल हो चुका है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। प्रदर्शन के दौरान उपस्थित ग्रामीणों में बेचू गोंड, बाबूलाल गुप्ता, बाबूराम गुप्ता, सुखलाल प्रसाद, रमाशंकर गोंड, अंगद कुशवाहा, छट्ठू प्रजापति, नीरज प्रजापति, एडवोकेट अमरनाथ पटेल उर्फ मंत्री, दुर्गेश गोंड, प्रमोद मद्देशिया, भोला प्रजापति, मोहन गुप्ता आदि शामिल रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सड़क मरम्मत का कार्य तत्काल शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा और जिम्मेदारों को कटघरे में खड़ा किया जाएगा।

# नगरपालिका अध्यक्ष ने साथियों संग देखी योगी आदित्यनाथ के जीवन पर बनी फिल्म अजेय

**कुशीनगर।** आज पड़रौना नगर स्थित मॉल के सिनेमाघर में पूज्य योगी आदित्यनाथ जी के जीवन पर आधारित बहुप्रतीक्षित बॉलीवुड फिल्म अजेय प्रदर्शित की गयी। इस अवसर पर पड़रौना नगरपालिका के अध्यक्ष विनय जायसवाल ने सिनेमा हॉल बुक कर अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ यह प्रेरणादायक फिल्म देखी। फिल्म में पूज्य योगी जी के सन्यास से लेकर राजनैतिक जीवन तक की संघर्षपूर्ण यात्रा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। उनके आदर्श, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण को देखने के बाद उपस्थित दर्शक भावविभोर हो उठे।

श्री जायसवाल ने इस अवसर पर कहा कि यह फिल्म न केवल योगी जी के जीवन का दर्शन कराती है, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरक भी है। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने फिल्म की सराहना करते हुए योगी जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। नपा अध्यक्ष के साथ यह फिल्म देखने वालों में उनके प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल, सभासद - प्रमोद श्रीवास्तव, भोली जायसवाल, सौरभ सिंह, चंदन जायसवाल, रामाश्रय गौतम, अनिल जायसवाल, सोनू कुशवाहा, बबलू शर्मा आदि युवजन शामिल रहे।

# पूर्वांचल के मालवीय थे बाबू राधेश्याम सिंह : कप्तान सिंह

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** 15अगस्त 1947 को स्वाधीनता का प्रथम तिरंगा बाराबंकी के परेड ग्राउंड पर बतौर एक स्काउट फहराने वाले तथा जीवनभर बालिकाओं की शिक्षा और शैक्षिक संस्थानों के लिए फिक्रमंद गांधी स्मारक इंटर कॉलेज, राजेसुलतानपुर के पूर्व प्रबंधक बाबू राधेश्याम सिंह न केवल एक विधिवेत्ता अपितु शिक्षाक्षेत्र में आधुनिक मालवीय थे।ये उद्गार गांधी स्मारक इंटर कॉलेज, राजेसुलतानपुर के प्रधानाचार्य डॉ.कप्तान सिंह ने व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रतिनिधि डॉ.उदयराज मिश्र ने किया।



ज्ञातव्य है कि उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एंड गाइडस से लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्राप्त और जीवनपर्यंत मुख्यालय आयुक्त रहे उक्त श्री राधेश्याम सिंह वर्ष 1956 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से विज्ञान में स्नातक और वकालत की पढ़ाई करने के बाद केंद्र सरकार की प्रशासनिक सेवा में न जाकर वकालत और समाजसेवा को चयनित किया। उन्हें मालपुर माधोपुर ग्रामसभा का कई कार्यकाल निर्विरोध ग्राम प्रधान और गांधी स्मारक इंटर कॉलेज, राजेसुलतानपुर का प्रबंधक पद भी प्राप्त रहा। जिस पर वे आजीवन पदस्थ थे।वर्ष 1995 के दौर में जबकि राम मनोहर लोहिया विश्विद्यालय से संबद्ध केवल तीन निजी महाविद्यालय थे और छात्राओं को उच्चतर शिक्षा से वंचित होना पड़ता था,ऐसी स्थिति में उन्होंने श्री लल्लन जी ब्रह्मचारी महाविद्यालय की स्थापना का संकल्प लेते हुए पूर्वांचल में शिक्षा की दिव्य ज्योति जलाई। यह महाविद्यालय आज अवध की शान माना जाता है।

इस निमित्त आज उनकी नौवीं पुण्यतिथि पर मुख्य कार्यक्रम गांधी स्मारक इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारिणी के अध्यक्ष बाबू प्रेम नारायण सिंह ने की जबकि मुख्य अतिथि बाबू राधेश्याम सिंह जी के पौत्र और वर्तमान में प्रबंधक सर्वेंद्र वीर विक्रम सिंह रहे। कार्यक्रम को शिक्षक श्यामकेतु सिंह, राजेश मिश्र सहित दर्जनों शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने संबोधित करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।

**परीक्षा** दुदही ब्लाक के 61 व सेवरही के 49 सहित 110 विद्यालयों में आयोजित हुई परीक्षा

# प्रतियोगिता से बढ़ेगी बच्चों की गणितीय अवधारणाओं की समझ : बीईओ

» विद्यालय स्तरीय गणित ओलंपियाड परीक्षा संपन्न, कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों ने दी परीक्षा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**तमकुहीराज (कुशीनगर)।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में गणित विषय को व्यवहारिक और रोचक बनाने के उद्देश्य से बीईओ डा. प्रभातचंद राय के निर्देशन में दुदही विकास खंड के 61 व सेवरही के 49 उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों में विद्यालय स्तरीय गणित ओलंपियाड परीक्षा आयोजित हुई। प्रतियोगिता में कक्षा 6, 7 व 8 के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय स्तर पर चयनित छात्र ब्लाक स्तर की परीक्षा में सम्मिलित होंगे।



परीक्षा के निरीक्षण के दौरान बीईओ डा. प्रभातचंद राय ने कहा कि गणित ओलंपियाड बच्चों में गणित की विभिन्न अवधारणाओं को समझने और उन्हें दैनिक जीवन में प्रयोग करने की क्षमता विकसित करता है। इससे विद्यार्थियों में तार्किक सोच और समस्या समाधान की योग्यता मजबूत होती है। उन्होंने बताया कि विद्यालय स्तर पर प्रत्येक विद्यालय से दो प्रतिभागी चुने जाएंगे और फिर ब्लॉक स्तर पर प्रतियोगिता में 10 छात्रों का चयन किया जाएगा। ब्लाक स्तर से चयनित प्रतिभागी जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे, जहां अंततः पांच प्रतिभागियों का अंतिम चयन किया जाएगा।

इस क्रम में पीएमश्री विद्यालय पडरौन मंडुरही मे निरीक्षण के दौरान एआरपी गणित धर्मेंद्र यादव ने कहा कि यह प्रतियोगिता बच्चों की गणित विषय के प्रति रूचि बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि जब बच्चे गणित को खेल और प्रयोग की तरह लेंगे तो यह विषय कठिन न होकर रोचक प्रतीत होगा।

इस दौरान प्राशिसं के अध्यक्ष अरुणेंद्र राय, सुनील कुमार, शिवशंकर तिवारी, रंजीत सिंह, मोहन वर्मा, संध्या यादव, माधुरी यादव आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए दो दिवसीय बीएलओ प्रशिक्षण सम्पन्न





**विश्ववार्ता संवाददाता**

**जलालपुर अंबेडकर नगर।** आगामी पंचायती चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर जलालपुर तहसील सभागार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण हेतु दो दिवसीय बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। यह प्रशिक्षण एसडीएम जलालपुर राहुल गुप्ता और तहसीलदार गरिमा भार्गव के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान एसडीएम राहुल गुप्ता ने बीएलओ को मतदाता सूची के अद्यतन, नाम विलोपन, और नए नाम जोड़ने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 364 के तहत चुनाव आयोग को प्राप्त मतदाता सूची में संशोधन के अधिकारों पर भी प्रकाश डाला। एसडीएम ने सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि वे मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को तत्काल प्रभाव से पूर्ण निष्ठा और विधिसम्मत तरीके से पूरा करें।

तहसीलदार गरिमा भार्गव ने भी बीएलओ को प्रक्रिया की बारीकियों से अवगत कराते हुए पारदर्शिता और सटीकता के साथ कार्य करने पर जोर दिया। इस प्रशिक्षण में बीएलओ को मतदाता सूची को अद्यतन करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश और प्रपत्रों के उपयोग की जानकारी भी प्रदान की गई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी पंचायती चुनाव के लिए स्वच्छ और सटीक मतदाता सूची तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रशिक्षण के समापन पर सभी बीएलओ ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पूरा करने का संकल्प लिया।

## एक नजर

### अज्ञात कारणों से लगी आग, लाखों का नुकसान

**जरवल,बहराइच।** जरवल नगर में हाईवे पर स्थित एक मिठाई की दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। यह घटना बीती रात लगभग 2 से 2:30 बजे के बीच हुई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और कई अन्य दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि, स्थानीय लोगों और पुलिस प्रशासन की सूझबूझ से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया। आग की शुरुआत अनवर की मिठाई की दुकान से हुई, जहां सबसे अधिक नुकसान हुआ है। इस दुकान में फ्रीजर, दो ए सी काउंटर सहित सारा सामान जलकर राख हो गया। आग की चपेट में अनवर की दुकान के बगल में स्थित सलमान की फल की दुकान और शाकिर की दुकान भी आग की चपेट में आ गई। इसके अतिरिक्त, एक पान की गुमटी और एक अन्य मिठाई की दुकान तक भी आग फैल गई थी। मौके पर मौजूद लोगों और पुलिस प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग को फैलने से रोका और उस पर काबू पाया। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंच गई, लेकिन उससे पहले ही आग बुझाई जा चुकी थी। इस संबंध में चौकी इंचार्ज शिवम कुमार कनौजिया ने बताया कि आग लगने का कारण अभी अज्ञात है, लेकिन पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में सहयोग किया।

### दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की हुई काउंसलिंग

**जरवल,बहराइच।** शुक्रवार को ब्लाक सभागार में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा के निर्देश पर खण्ड शिक्षा अधिकारी जरवल की अध्यक्षता में दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के लिए पैरेंट्स काउंसलिंग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर जरवल शिक्षा क्षेत्र के करीब 50 अभिभावकों ने प्रतिभाग किया।



विशेष शिक्षक अनिल पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांग छात्रों के पैरेंट्स काउंसिलिंग में अभिभावकों का रजिस्ट्रेशन करके उन्हें स्टेशनरी उपलब्ध करायी गई। बैठक में अभिभावकों का परिचय रिसोर्स पर्सन और माडल पर्सन से कराया गया। अभिभावकों को दिव्यांगता के कारणों व बचाव, दिव्यांगता के प्रकार और दिव्यांगता की पहचान आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई। माडल पर्सन बलवीर सिंह ने अपने जीवन संघर्षों व सफलता के बारे में अभिभावकों को रूबरू कराया। रिसोर्स पर्सन अश्रुतानंद मिश्र, व रामानंद शर्मा ने अभिभावकों को बताया कि जागरूकता से ही बचाव हो सकता है और जानकारी से दिव्यांग बच्चों के अधिकारों का संरक्षण व सरकारी सुविधाओं का लाभ प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में संतोष वर्मा प्रधानाध्यापक, समस्त स्पेशल एडुकेटर्स उपस्थित रहे।

### विकास एवं राजस्व कार्यों में सीएम डैश बोर्ड में खराब रैंकिंग वाले विभागों को डीएम ने लगाई फटकार

**बलरामपुर।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों एवं राजस्व वसूली की प्रगति एवं रैंकिंग की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड पर खराब रैंकिंग वाले विभागों के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए सुधार लाने की हिदायत दी, निरंतर खराब रैंकिंग वाले विभाग के अधिकारियों के



विरुद्ध कार्यवाही हेतु शासन में पत्र लिखे जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग निरंतर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहें और डाटा फीड करते समय अच्छी तरह चेक कर लें तथा समय से डाटा फीड करें। डाटा फीडिंग में कोई लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागों की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्राम स्तर पर योजनाओं के कैंप लगाए जाने के निर्देश दिए। राजस्व कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने संबंधित विभाग द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति की समीक्षा की एवं वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत राजस्व वसूली का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया।

### ड्रोन उड़ने और चोर के घुसने की अफवाहों से पुलिस बनी चकरघिन्नी, जनता में दहशत

**बहराइच।** जिला पुलिस एवं प्रशासन लगातार जनपद में किसी तरह के ड्रोन उड़ने और चोर गिरोह के सक्रिय न होने का दावा कर जनता को लगातार जागरूक कर रहा है। परंतु शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में अभी भी आसमान में ड्रोन उड़ते देखे जाने और चोरों के आने की अफवाहों का दौर जारी है। यह अफवाहें थमने का नाम तक नहीं ले रही है।



जिससे शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अभी भी इन अफवाहों से भयभीत है। इनमें सबसे अधिक महिलाएं और युवा पीढ़ी के लोग इन अफवाहों पर अधिक विश्वास कर रहे हैं। जिसको लेकर गांव के लोग रात्रि में जगा कर पहरा दे रहे हैं। किसी भी व्यक्ति को संदिग्ध समझकर उन्हें पीटने तक में देर नहीं लगा रहे हैं। इसके कारण कानून व्यवस्था को बिगड़ने देने से बचाने के लिए पुलिस की नींद उड़ी हुई है कि कहीं अफवाहों के कारण भीड़ किसी निर्दोष को निशाना न बना दे। जिसको लेकर हर छोटी बड़ी सूचना पर पुलिस बल न सिर्फ दिन बल्कि रात में भी दौड़ लगाने को मजबूर है। थाना नवाबगंज के पुलिस वरिष्ठ उप निरीक्षक चंद्रिका प्रसाद ने बताया कि थाना क्षेत्र में प्रतिदिन इन अफवाहों की सूचनाएं पुलिस को रात दिन प्राप्त हो रही है। जिसके कारण पुलिस बल को मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालना पड़ रहा है। हालांकि, पुलिस बल के मौके पर पहुंचने पर यह सूचनाएं सिर्फ अफवाहें साबित हो रही है। जिसमें सिर्फ लोगों के मन के डर और भय या फिर राह चलने वालों को चोर समझ लेने की गलती निकल रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रतिदिन एक थाने पर 112 या फिर सीयूजी नंबर पर कम से कम 3 से 4 काल ऐसी आती है। जिसमें कालर द्वारा बताया जाता है कि उनके घर के गेट खटखटाई जा रही है। गांव में संदिग्ध घूम रहे है। या फिर रात्रि में आसमान से ड्रोन उड़ रहे है। इन सूचनाओं पर कालर की संतुष्टि एवं जागरूकता के लिए मौके पर पहुंचना पड़ता है। यह काल सबसे अधिक शाम ढलने के बाद से सुबह तड़के तक आती है। लेकिन जनपद में अभी तक ड्रोन एवं भीड़ द्वारा पकड़े गए संदिग्ध महिला पुरुषों के संबद्ध में कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं निकला। जिससे कि उसका चोर या लुटेरे गिरोह आदि से संबद्ध रहा हो। फिर भी लोग जागरूक नहीं बन रहे हैं और इंटरनेट मीडिया पर चल रही अफवाहों से डर व भय मान रहे हैं।

# एलबीएस में छात्राओं को दी गयी विधिक एवं स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी

## महिला कल्याण विभाग ने लगाया कानूनी सहायता शिविर, छात्राओं को दी स्वास्थ्य एवं योजनाओं की जानकारी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोण्डा।** नगर मुख्यालय स्थित श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं एवं महिलाओं को हिंसा से बचाव, कानूनी सहायता और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करना था।




इस अवसर पर हिंसा से पीड़ित महिलाओं के लिए कानूनी सहायता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बृजलाल तिवारी ने उपस्थित छात्राओं को महिलाओं के अधिकारों और उन्हें मिलने वाली निःशुल्क विधिक सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी भी प्रकार की हिंसा का सामना करने पर बिना संकोच सहायता प्राप्त कर सकती हैं। वन स्टॉप सेंटर की सेंटर मैनेजर चेतना सिंह ने कहा कि केंद्र महिलाओं को एक ही छत के नीचे परामर्श, आश्रय, पुलिस, चिकित्सीय तथा विधिक सहायता उपलब्ध कराता है। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे खुद भी जागरूक रहें और दूसरों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि छात्राओं को चाहिए कि वे किसी भी समस्या को दबाने के बजाय खुलकर उसकी जानकारी दें। उन्होंने सभी से अपील की कि वे समाज की अन्य महिलाओं तक भी इस जानकारी को पहुँचाएँ। वहीं डॉ. अभिलाषा मिश्रा ने छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य के महत्व पर जागरूक किया। उन्होंने स्वच्छता का पालन न करने से होने वाली बीमारियों की जानकारी दी और सुरक्षित जीवनशैली अपनाने की सलाह दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य नियंता डॉ. चमन कौर ने की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान निधि त्रिपाठी, कंचन, डॉ. चमन कौर सहित बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

# रेल संरक्षण आयुक्त ने किया नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन का निरीक्षण



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रुपईडीहा, बहराइच।** शुक्रवार की दोपहर बाबागंज से नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन तक कमीशन आफ रेलवे सेफ्टी अपने सम्पूर्ण अधीनस्थों के साथ पुल पुलियों व रेल पटरियों का बारीकी से निरीक्षण किया। रेल संरक्षा आयुक्त प्रणजीव सक्सेना के साथ गौरव अग्रवाल मंडल रेल प्रबंधक लखनऊ, आर के चैधरी मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, अभय कुमार गुप्त प्रसाशनिक अधिकारी दर्जनों विभागीय अधिकारी व कर्मचारी डीजल इंजन की ट्रेन से ये लोग आए। इन्होंने रेल पटरियों का बाबागंज से रुपईडीहा के बीच ट्रेन रोककर निरीक्षण किया। नेपालगंज रोड से 1 सौ 40 किमी प्रतिघंटे गति से रेल लाइन की उपादेयता का परीक्षण किया।

उन्होंने सदलबल फुट ब्रिज पर चढ़कर इसकी गुणवत्ता परखी। रेलवे स्टेशन के टिकट घर, कंप्यूटर रूम, रिले रूम, सिग्नल रूम व प्लेटफार्म पर पैदल घूमकर बारीकी से निरीक्षण किया। वाटर सप्लाई व पानी की टंकी का भी निरीक्षण किया।

# रूपईडीहा रेंज ने ग्रीन चैपाल का किया आयोजन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रुपईडीहा, बहराइच।** नेपाल सीमा से सटे रुपईडीहा रेंज की सभी बख्शी गांव, अंटाहवा, करिंगा गांव व सुकई गांव के गांवों में ग्रीन चैपाल का आयोजन किया गया। बीटों के कुर्मियान मिर्जापुर चहलवा, माधवपुर निदौना व हथियाबोझी में यह आयोजन किया गया।



ग्रीन चैपाल के सदस्यों द्वारा सेवा पर्व के अवसर पर वृक्षारोपण कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जानकारी देते हुए प्रभागीय वनाधिकारी अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि इस अवसर पर पटना कालोनी के वेट लैंड पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। वन व वन्यजीवों के विषय में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर उप क्षेत्रीय वनाधिकारी अतुल श्रीवास्तव, विनय कुमार, मो. अरशद, हरिओम गौतम, अनंतराम, वन दरोगा विमल कुमार, वन रक्षक रविकांत, श्रीमती शमा प्रवीन प्रधान मिर्जापुर चहलवा, ग्रीन चैपाल के सदस्य कंदे लाल वर्मा, अर्जुन सोनकर, राम सूरत यादव, संगीता देवी प्रधान माधवपुर निदौना, गीता देवी प्रधान हथियाबोझी, रिंकी वर्मा, रेखा देवी व मतलूब हुसैन आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# उतरौला तहसील का ऐतिहासिक मुख्य द्वार बदहाली का शिकार, नागरिक सुविधाएं प्रभावित

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उतरौला (बलरामपुर)।** कभी उतरौला तहसील की पहचान रहा मुख्य द्वार आज अतिक्रमण, गंदगी और प्रशासनिक उपेक्षा का प्रतीक बन गया है। जिस रास्ते से कभी सैकड़ों लोग रोज़ाना तहसील परिसर में बिना रुकावट प्रवेश करते थे, वहां अब कचरे के ढेर, टूटी रेलिंग और जंगली झाड़-झंखाड़ नजर आते हैं।



स्थानीय बुजुर्ग बताते हैं कि निर्माण काल में यह गेट इतना चौड़ा था कि दो वाहन एक साथ निकल सकते थे। आज स्थिति यह है कि गेट जर्जर दीवारों और काई से ढका पड़ा है। गेट के चारों ओर अवैध कब्जा फैल चुका है और भीतर विशाल पेड़ की डालियां रास्ता रोक रही हैं। नीचे प्लास्टिक, टूटी ईंटें और मलबे का अंबार माहौल को और बदतर बना रहा है। वर्तमान में तहसील में प्रवेश के लिए जो वैकल्पिक द्वार उपयोग में है, वह न सिर्फ अत्यधिक संकरा है बल्कि रोजाना भारी भीड़ का सामना करता है। वकील, फरियादी और दस्तावेज़ी काम से आने वाले लोग लगातार जाम की समस्या से परेशान हैं। कई बार वाहनों के टकराव और आपसी विवाद की नौबत तक आ चुकी है। नगरवासियों का कहना है कि यदि पुराने मुख्य द्वार को पुनः खोला और व्यवस्थित कर दिया जाए तो न केवल जाम की समस्या कम होगी, बल्कि तहसील की गरिमा भी लौट आएगी। लोग मांग कर रहे हैं कि अतिक्रमण हटाया जाए, कचरा साफ किया जाए और दीवारों व रेलिंग की तत्काल मरम्मत कराई जाए।

अब सवाल यह उठता है कि प्रशासन इस बदहाली को कब तक अनदेखा करेगा। तहसील का यह द्वार सिर्फ ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं, बल्कि न्याय और सार्वजनिक सुविधा का प्रतीक है। इसकी उपेक्षा प्रशासनिक प्राथमिकताओं पर गंभीर सवाल खड़े करती है। नागरिकों का कहना है कि समय रहते कार्रवाई न हुई तो तहसील की ऐतिहासिक पहचान पूरी तरह मिट सकती है।

# खनिज परिवहन वाहनों के लिए अनिवार्य हुआ VTS पंजीयन

**गोंडा।** जनपद में खनिज परिवहन करने वाले सभी वाहनों के लिए वाहन ट्रैकिंग सिस्टम (VTS) का पंजीयन अनिवार्य कर दिया गया है। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार ने जानकारी दी है कि भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के आदेश के अनुसार 22 अगस्त 2025 से यह व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत उपखनिज के परिवहन में लगे प्रत्येक वाहन का पंजीयन http://registration.vtsdgm.up.in/register पोर्टल पर कराना आवश्यक होगा।

एडीएम ने सभी ट्रांसपोर्टरों से अपील की है कि वे निर्धारित समयसीमा का पालन करें और एक सप्ताह के भीतर अपने वाहनों का पंजीयन उक्त पोर्टल पर अनिवार्य रूप से करा लें। उन्होंने कहा कि समयसीमा में पंजीकरण न कराने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कोतवाली प्रांगण में पीस कमेटी मीटिंग आयोजित

**कैसरगंज,बहराइच।** कोतवाली में बृहस्पतिवार के दिन दुर्गा पूजा के मद्देनजर शांति समिति की मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता तहसीलदार कैसरगंज ने की।तहसीलदार ने बताया कि सभी लोग दुर्गा पूजा का आयोजन शांतिपूर्वक तरीके से मनाए एवं आपसी भाईचारे प्यार मोहब्बत का भी ख्याल रखें। पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर ने अपने संबोधन में कहा कि सभी लोग शांति प्रिय वातावरण में दुर्गा पूजा का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाए तथा कानून को अपने हाथ में कतई ना ले सभी लोग आपस में मिलजुल कर रहे हैं। शांति व्यवस्था बनाए रखें किसी भी व्यक्ति द्वारा माहौल को खराब करने की कोशिश की तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। शांत कमेटी की मीटिंग में कैसरगंज इलाके के सैकड़ो लोग भारी संख्या में मौजूद रहे।

# पांच दिवसीय रोजगारपरक मशरूम उत्पादन तकनीक प्रशिक्षण का समापन

» प्रशिक्षण में दी गई प्रतिभागियों को सफेद बटन एवं ढींगरी मशरूम की खेती की संपूर्ण जानकारी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बलरामपुर।** सहादुल्ला नगर आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज अयोध्या से संबद्ध कृषि विज्ञान केंद्र पचपेड़वा बलरामपुर द्वारा ग्राम मध्य नगर विकासखंड रेहरा में आयोजित पांच दिवसीय रोजगारपरक मशरूम उत्पादन तकनीक प्रशिक्षण का समापन शुक्रवार को किया गया। इसमें कंपोस्ट तैयार करना, ढेर बनाना, पलटाई करना, बीजाई अथवा स्पानिंग करना, पॉलिथीन थैलों में बिजित खाद भरकर रखना, केसिंग मिश्रण तैयार करना, तुड़ाई व भंडारण आदि की तकनीक विस्तार से समझाई गई।

कार्यक्रम का संचालन केंद्र के पादप रोग विज्ञानी डॉ. गिरिजेश कुमार जायसवाल ने किया। उन्होंने मशरूम उत्पादन की बारीकियों जैसे कमरे की स्वच्छता, कम्पोस्ट बनाने एवं बीजाई के समय बरती जाने वाली सावधानियों पर प्रकाश डाला। वहीं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सियाराम ने युवाओं को रोजगार के अवसर बढ़ाने हेतु बटन एवं ढींगरी मशरूम उत्पादन अपनाने के लिए प्रेरित किया। विशेषज्ञों ने बताया कि मशरूम उच्चकोटि के प्रोटीन, विटामिन, लवण और खनिज तत्वों से भरपूर होता है। इसमें 30–35 प्रतिशत तक प्रोटीन पाया जाता है जिसकी पाचन क्षमता 60–70 प्रतिशत होती है, जो वनस्पति आधारित प्रोटीन से अधिक प्रभावी है।

# जल श्रोतों पर बढ़ रहे अवैध कब्जों को लेकर रूल ऑफ लॉ सोसाइटी ने डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बहराइच।** पदाधिकारियों ने आज उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बहराईच आगमन पर उन्हें सामूहिक ज्ञापन देकर जनपद में जल स्रोतों पर बढ़ रहे अवैध अतिक्रमण पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने की मांग की। रूल ऑफ लॉ सोसाइटी (अवध क्षेत्र) संयोजक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने उप मुख्यमंत्री को हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन देकर अवगत कराया कि जनपद के अधिकांश ग्राम समाज व सरकारी जमीन में स्थित तालाब,पोखरा, जलाशय व झीलों पर अतिक्रमण कर भू माफियायों द्वारा अवैध निर्माण लगातार कराया जा रहा है या फिर खेती किसानी की जा रही है जिसके चलते तराई का जल स्तर घट रहा है और खेती किसानी में भी बाधा पहुच रही है।



सोसाइटी से जुड़े पदाधिकारियों ने उप मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि जलाशयो पर हो रहे लगातार अतिक्रमण में राजस्व विभाग व प्रशासनिक कर्मियों, अधिकारियों की भी मिलीभगत रहती है ऐसे में यदि अतिक्रमण रोकने हेतु प्रभावी कदम न उठाया गया तो हालात भयावह होंगे और कृषि उत्पादकता पर भी इसका असर पड़ेगा।

उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने वाले लोगो मे प्रमुख रूप से किसान परिषद संयोजक महेंद्र प्रताप सिंह सेंगर ,सोसाइटी उपाध्यक्ष डॉ पंकज श्रीवास्तव एडवोकेट ,संविधान विशेषयज्ञ अनिल त्रिपाठी, संयोजक प्रमोद सिंह चौहान, मंत्री आलोक शुक्ल,पर्यावरणविद संजय श्रीवास्तव,शशांक सिन्हा, जयचंद सोनी ,समाज सेवी सौरभ तिवारी,पर्यावरणविद शिव पूजन सिंह समेत तमाम लोग उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को जल स्रोतों को अवैध कब्जाधारियों से कब्जा मुक्त कराए जाने हेतु प्रभावी प्रशासनिक कार्यवाही हेतु आश्वस्त किया।

# युगल किशोर शुक्ल ने उठाया राप्ती नदी से कटान रोकवाने का मुद्दा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बलरामपुर।** जिले में पिछले सप्ताह से लगातार बारिश से बाढ़ का माहौल बन गया है वहीं राप्ती नदी लगातार किसानों की उपजाऊ जमीन को निगल रही है चौकाकला, मधवापुर, साखीरेत समेत दर्जनों गांव में राप्ती नदी की कटान ने किसानों की नीद उड़ा रखी है कई किसान भूमि हीन हो चुके हैं कई किसान गांव छोड़कर अलग जाकर बस रहे हैं वहीं चौकाकला गांव का पंचायत भवन कटान के जद में आ गया है।



प्रशासन रोकथाम में लगी है लेकिन आग लगने पर कुआं खोदने वाली कहावत चरितार्थ हो रही है हरिहर गंज ललिया मेन रोड पर लौकहवा डिप पर हेंगहा, गौरैय्या, डुडवा आदि पहाड़ी नाले का नेपाल से आने वाला पानी बह रहा है जिससे जिला मुख्यालय बलरामपुर से आवागमन में समस्या बनी हुई है बाढ़ खत्म होने के बाद पुल निर्माण होने से ही समस्या का समाधान संभव है बाढ़ प्रभावित रास्ते पर सरकारी नाव लगाने की मांग किया गया,इन्हीं मांगों का प्रार्थनापत्र अपर जिला अधिकारी सुश्री ज्योति राय को सौंपा गया जिसका नेतृत्व समाजसेवी युगल किशोर शुक्ल ने किया साथ में आशीष पटेल, पप्पू वर्मा, संदीप मौर्य, पवन, जगन्नाथ दूबे,अमृत लाल तिवारी,अभय तिवारी समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# टाइनी टाट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अर्धवार्षिक परीक्षा का शुभारंभ

## विद्यार्थियों को मिली महत्वपूर्ण सीख

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला बाजार स्थित टाइनी टाट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को अर्धवार्षिक परीक्षा का शुभारंभ हुआ। परीक्षा के पहले दिन विद्यार्थियों में उत्साह और आत्मविश्वास स्पष्ट दिखा। विद्यालय परिसर में सुबह से ही परीक्षार्थियों की चहल-पहल रही और सभी निर्धारित समय पर अपनी-अपनी कक्षाओं में पहुँच गए।

परीक्षा शुरू होने से पहले विद्यालय के अध्यापक अनिल कुमार गुप्ता ने छात्रों को परीक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। उन्होंने कहा कि"परीक्षा केवल ज्ञान का आकलन नहीं बल्कि अनुशासन और समय प्रबंधन का अभ्यास भी है। विद्यार्थी प्रश्नपत्र पढ़ने से पहले गहरी साँस लें, सभी प्रश्नों को ध्यान से समझें और आसान प्रश्नों से शुरुआत करें। तैयारी के दौरान मुख्य बिंदुओं को दोहराना तथा समय का सदुपयोग सबसे आवश्यक है।"



इसके बाद अध्यापक राशिद रिजवी ने परीक्षा कक्ष में बरती जाने वाली सावधानियों पर जोर देते हुए कहा कि"उत्तर पुस्तिका पर रोल नंबर और अन्य विवरण सही-सही लिखना अनिवार्य है। प्रश्नपत्र मिलने पर पहले पाँच मिनट पूरे पेपर को ध्यान से पढ़ें और जिस प्रश्न में अधिक अंक मिल सकते हैं, उसे प्राथमिकता दें। लिखावट साफ और क्रमबद्ध होनी चाहिए ताकि परीक्षक को उत्तर पढ़ने में आसानी हो।"

विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि"नियमित अध्ययन और ईमानदारी से दिया गया प्रत्येक उत्तर सफलता की नींव रखता है। परीक्षा के दौरान घबराहट छोड़कर आत्मविश्वास बनाए रखना सबसे बड़ी कुंजी है।"

डायरेक्टर सैफ अली ने परीक्षा को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का अवसर बताते हुए कहा कि"यह मूल्यांकन का समय है, इसलिए परिश्रम पर भरोसा रखें और अपनी पूरी क्षमता के साथ उत्तर दें। विद्यालय हमेशा विद्यार्थियों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और उत्कृष्ट शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है।"

पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। विद्यालय प्रबंधन ने सभी कक्षाओं में साफ-सफाई, उचित बैठने की व्यवस्था और समय पर प्रश्नपत्र वितरण सुनिश्चित किया। विद्यार्थियों ने बताया कि उन्हें परीक्षा का वातावरण सकारात्मक और अनुशासित लगा, जिससे उनका आत्मविश्वास और बढ़ा।

# मार्ग दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**बहराइच।** रामगांव थाना क्षेत्र में एक ही व्यक्ति का शव और मोटरसाइकिल एक तालाब से आज शुक्रवार को पाई गई। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने परिजनों और पुलिस को दी। इसकी सूचना लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना रामगांव क्षेत्र के दशरथपुर आढीपुर निवासी राम लखन पुत्र श्यामलाल 40 वर्ष किसी काम से कर बृहस्पतिवार की शाम मोटरसाइकिल से घर से बाहर गया था लेकिन पूरी रात अपने घर नहीं लौटा सुबह पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। कुछ लोग गांव से थोड़ी दूरी पर स्थित तालाब के पास से जा रहे थे तभी उन लोगों ने राम लखन की तालाब में देखी। इसकी सूचना परिजनों और पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटनास्थल में पहुंचकर सबको तरस से बाहर निकलवाया और मोटरसाइकिल भी बाहर निकली गई।

**वारदात** चोर को हकीकत में पकड़ने का लोग कर रहे हैं भरसक प्रयास, अफवाहों का बाजार गर्म पुलिस की नाक में दम

# लोगों के दिल और दिमाग में छिपकर बैठा है अफवाह वाला चोर

**नदीम सिद्दीकी**

**गोंडा।** शहर गांव के लोग पूरी रात जाग कर अफवाह वाले चोर को ढूंढ रहे हैं मगर हर बार वह चकमा देकर निकल जाता है। चोर को ढूंढने के लिए पुलिस के साथ ही जनप्रतिनिधि भी चोर को ढूंढने में लग गए हैं।

दरअसल अफवाह वाला चोर लोगों के दिलों और दिमाग में छिपकर बैठा हुआ है शहर और ग्रामीण इलाके के लोग इसे हकीकत में पकड़ने के लिए रातों की नींद सुख चैन खराब कर एक दूसरे के घरों में ढूंढ रहे हैं।

**सीन 1:** बहराइच रोड तिवारी पुरवा गिर्द गोंडा में रात्रि 1, बजकर 50 मिनट पर अचानक कुछ लोग घरों से बाहर निकल कर चोर आने की गुहार लगाते हैं और कुछ ही देर लोग लाठी डंडा लेकर घरों से निकलकर बदहवास होकर आसपास के घरों मे चोर की तलाश करने लगते हैं इसी भीड़ में कुछ लोग दो चोर आए हैं हाते की तरफ भागे हैं इतना सुनते ही सारी भीड़ बिना कुछ सोचे समझे हाते में पहुंच जाती है और झाड़ियां को डंडे से पीटने लगती है तभी अचानक आवाज आती है उधर भागा है और भीड़ आवाज आने की दिशा की ओर दौड़ पड़ती है। कुछ ही देर में पूरा मोहल्ला इकट्ठा हो जाता है और मौके पर पुलिस भी आ जाती है चोर की ढूंढाइ शुरू होती है जो घंटे तक चलती है मगर चोर का कुछ आता पता नहीं चलता है।




**सींन 2:** शहर के मोहल्ला मेवतियांन में रिजा क्लिनिक डॉक्टर मिनहाज की क्लीनिक के सामने रहने वाले अचानक घरों से निकलकर दो चोर घर की छत पर दिखाई देने की बात कहते हैं और इतने में ही पूरा मोहल्ला लाठी डंडा भाला हाथों में सरिया लेकर घरों से निकलकर चोर को ढूंढने लगता है। भोर होने तक चोर की तलाश जारी रहती है कुछ लोग बताते हैं गली के रास्ते से निकल गया तो कुछ लोग बताते हैं आज रेकी करने आया था बाद में चोरी करने आएंगे भीड़ में मौजूद लोग स्पष्ट रूप से यह नहीं बता पाए चोर किसके घर में आया था और किधर गया है।

**सीन 3:** मोहल्ला राधा कुंड गांधी स्कूल के पास स्थित आर्य समाज मंदिर में शाम को 7:30 बजे एक महिला ने मंदिर के भीतर लगे पेड़ पर चोर के बैठे होने की बात कही और कुछ ही मिनट में पूरा मोहल्ला आर्य समाज मंदिर के भीतर टॉर्च लाठी डंडा लेकर घुस गया मगर चोर का कुछ पता नहीं चला भारी भीड़ देखते हुए मौके पर पुलिस भी पहुंच गई और चोर को ढूंढने लगी मगर चोर का कुछ आता पता नहीं चला भीड़ में ही कुछ लोग हंस कर मजा ले रहे थे और कह रहे थे अब चोर शाम को ही पेड़ पर चढ़कर बैठ जाते हैं।

**सीन 4:** फैजाबाद रोड पर स्थित नवीगंज सड़क के किनारे बनिया मोहल्ले में कुछ लड़के हाथों में डंडा लेकर दौड़ते हुए आते हैं और चिल्लाते हैं दो चोर आए हैं और भागते हुए अपने घर के पीछे पहुंचते हैं कुछ भी मिनट में पूरा मोहल्ला चोर चोर चिल्लाते हुए सड़क पर आ जाता है और पुलिस भी मौके पहुंच जाती है चोर की तलाश शुरू होती है मगर चोर कहीं भी नहीं मिलता है थक हारकर पुलिस कर्मी मोहल्ले वालों से अपने-अपने घर में जाने की बात चले जाते हैं। मगर भीड़ में खुसर फुसर जारी रहती है।

# विक्षिप्त महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**बहराइच।** रानीपुर थाना क्षेत्र एक महिला ने छत की कुंडी में फंदा डालकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना रानीपुर क्षेत्र के ग्राम पिपरिया महिपाल सिंह के निवासी उस्मान पुत्र उमर अली ने पुलिस को सूचना दी कि उनकी बहु निशाबुल पुत्री स्व० सुलेमान निवासी सदियाबाद थाना रानीपुर जनपद बहराइच ने अपने ही घर मे छत की कुडी से दुपट्टे से फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। उस्मान ने बताया कि वह विछिप्त थी। सूचना पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते मौके पर पहुंचकर मृतका के शव को पुलिस कब्जे में लेकर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए शव के पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु शव को मार्चरी हाउस भेजवाया गया। मौके पर पुलिस बल मौजूद है।

## एक नजर

### पिंक शिविर में 93 अभ्यर्थियों का चयन

**फतेहपुर।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि शासन एवं सेवायोजन विभाग के संकल्प हर हाथ हर परिवार को रोजगार उपलब्ध कराकर उसे आत्मनिर्भर बनाने हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से शुक्रवार को प्रातः ग्यारह बजे स्व. जगन्नाथ पटेल मेवालाल पटेल महाविद्यालय रसूलपुर बहुआ में पिंक प्लेसमेन्ट शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 150 प्रतिभागी अभ्यर्थिनियों की कैरियर काउंसलिंग की गयी। शिविर में प्रतिभागी कंपनी कैरियर ब्रिज स्किल सोल्यू. द्वारा 23, भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा 17, पुखराज हेल्थकेयर प्रा.लि. द्वारा 43 एवं फाइनेन्सियल एडवाइजरी सर्विसेज कानपुर द्वारा 10 कुल 93 योग्य अभ्यर्थियों की 8500 से 30000 तक प्रतिमाह वेतन पर चयन संबंधी कार्यवाही की गई। कार्यक्रम अधोहस्ताक्षरी के दिशा-निर्देशन में प्रभारी रोजगार मेला शशांक पाण्डेय एवं महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज सिंह द्वारा सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सेवायोजन कार्यालय से कंपनी के एचआर संगीता भारती, घनश्याम पटेल, विकास पटेल, सचिन वर्मा व महाविद्यालय परिवार से मोहित कुमार वर्मा, अनिल कुमार, नीता मिश्रा, माया सिंह ने सहयोग प्रदान किया। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि कल (आज) प्रातः ग्यारह बजे से कार्यालय परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।

### सीएम पर अभद्र टिप्पड़ी करने वाला गिरफ्तार

**खागा, फतेहपुर।** कोतवाली क्षेत्र के मंझिलगांव चौकी अंतर्गत आने वाले पुरइन गांव में एक युवक द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने का मामला सामने आया है। युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई और आरोपी को पकड़कर कार्यवाही शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुरइन गांव निवासी गोलू पुत्र वहीद उर्फ लल्लू अपनी दुकान में बैठा हुआ था। इसी दौरान उसने मुख्यमंत्री के खिलाफ अपमानजनक और आपत्तिजनक टिप्पणी की। दुकान जैसे सार्वजनिक स्थल पर की गई इस हरकत को किसी ने वीडियो बनाकर सोशल साइट पर वायरल कर दिया। वीडियो सामने आने के बाद मामला पुलिस तक पहुंच गया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही स्थानीय लोगों ने कड़ी नाराजगी जताई। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के प्रति इस तरह की अभद्र भाषा का प्रयोग न केवल अनुचित है बल्कि कानूनन अपराध भी है। सूचना मिलते ही मंझिलगांव चौकी इंचार्ज संजय सिंह परिहार त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ व अशोभनीय सामग्री डालने या सार्वजनिक स्थल पर इस तरह की अभद्र भाषा का प्रयोग करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। लोग इसे कानून व्यवस्था के प्रति पुलिस की सख्ती का उदाहरण बता रहे है और सोशल मीडिया पर भी आरोपी की हरकत की निंदा की जा रही है।

### लेखपाल पर रिश्वत लेकर कब्जा दिलाने का आरोप



**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के रावतपुर गांव के रहने वाले एक पीड़ित ने राज्यपाल को भेजे गए शिकायती पत्र में लेखपाल पर रिश्वत लेकर भूमिहरी जमीन पर कब्जा दिलाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज किए जाने की अनुमति दिए जाने की मांग की। राज्यपाल को भेजे गए शिकायती पत्र में रावतपुर गांव निवासी भोला व मोतीलाल पुत्रगण स्व. दशरथ ने बताया कि उसकी भूमिहरी गाटा सं. 730 रकबा 0.7803 हे. स्थित मौजा रावतपुर की आबादी गाटा सं. 732 रकबा 0.0869 हे. से सटा हुआ गाटा है। 03 मार्च को राजस्व विभाग के आदेश के परिप्रेक्ष्य में आबादी की गाटा सं. 732 का आवंटन करके गांव के लोगों को गलत ढंग से क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा सांठगांठ करके रूपया का लेन-देन करके अपात्रों को फर्जी तरीके से कब्जा कराया गया है। इसी तरह भूमि गाटा सं. 730 में भी उपरोक्त लोगों से रिश्वतखोरी करके कब्जा दे दिया गया। जब भूमिहरी जमीन से कब्जा हटवाने को कहा तो लेखपाल ने कहा कि जहां शिकायत करना हो करो जिनको कब्जा दिलाया है अब उन्हें कोई हटा नहीं सकता। बताया कि इसकी शिकायत चार मार्च को तहसीलदार सदर से की। जिस पर लेखपाल ने फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। दो जून को डीएम को शिकायती पत्र दिया। आईजीआरएस में भी शिकायत की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने मांग किया कि लेखपाल पर मुकदमा दर्ज किए जाने का आदेश दिया जाए।

### 16 महिलाओं ने अपनाया परिवार नियोजन

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय क्षेत्र के उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शुक्रवार को परिवार नियोजन के लिए महिलाओं के बंध्याकरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे परिवार नियोजन के लिए कुल 16 महिलाओं ने अपने क्षेत्र के आशा कार्यकर्त्ताओं के माध्यम से पंजीकरण कराया। जिला मुख्यालय से आए सर्जन डॉक्टर संत लाल कि टीम ने परिवार नियोजन के लिए पंजीकरण कराने वाली महिलाओं का सफलता पूर्वक बंध्याकरण किया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की स्वास्थ्य केंद्र परिसर में परिवार नियोजन के तहत बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया था जिसमे कुल 16 महिलाओं ने परिवार नियोजन के लिए अपने क्षेत्र के आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से शिविर में पंजीकरण कराया। जिला मुख्यालय से आए सर्जन डॉक्टर संत लाल द्वारा महिलाओं का बंधाकरण किया गया है। इस दौरान डॉक्टर निर्मल, एआरओ संतोष गौतम, बीसीपीएम अनिल कुमार, एलटी अनिल पटेल, अखिलेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

### बाइक के धक्के से साइकिल सवार छात्रा घायल

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के नदिहार बाजार में बाइक के धक्के से साइकिल सवार छात्रा घायल रेफर। जानकारी के अनुसार लक्ष्मीना 16 वर्षीय पुत्री वंश राज निवासी कोनभरुहवा किसान इंटर कॉलेज में कक्षा 9 की छात्रा है। स्कूल से छुट्टी होने पर घर जा रही थी की बाइक सवार अभय कुमार 22 वर्षीय पुत्र विजेंद्र निवासी धनसीरिया की टक्कर हो गई जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को राजगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य के लिए एवं जहां प्राथमिक उपचार के बाद लक्ष्मीना को बेहतर इलाज के लिए मिर्जापुर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया और डॉक्टर ने अभय कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया।

### जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शीघ्र



**फतेहपुर।** राष्ट्रीय बाल्मीकि न्याय पंचायत की आवश्यक बैठक खागा में दिनेश बाल्मीकि के आवास में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष लवकेश ने किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सभासद धीरज कुमार ने शिरकत की। बैठक में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष धीरज कुमार ने कहा कि जिले की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह जल्द होगा। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित तिसावड़ की मुख्य अतिथि होंगे। संगठन प्रत्येक जिले में बनाया जाएगा। आने वाले दिनों में राष्ट्रीय बाल्मीकि न्याय पंचायत समाज की धुरी बनेगा। बैठक में दिनेश बाल्मीकि ने कहा कि हमारी ओर से जो भी संगठन की मदद होगी वह हम लोग करेंगे। बैठक में जिलाध्यक्ष लवकेश ने कहा कि जिले के प्रत्येक विधानसभा, ब्लॉक, गांव में गठन किया जाएगा। बैठक में राकेश कुमार, लवकेश कुमार, संजय कुमार, दिनेश कुमार बाल्मीकि, धन्नू लाल, सनी कुमार आदि मौजूद रहे।

### ग्राइंडर मशीन से युवक घायल

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के पीरनपुर मोहल्ले में घर में गेरेंडर मशीन से काम करते समय 32 वर्षीय युवक घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जानकारी के अनुसार बांदा जनपद के थाना काला चौकी कुंआ गांव पारूपराम तालाब निवासी मुन्ना का पुत्र सद्दाम विगत ढाई महीनों से पीरनपुर में रह रहा है। बताते हैं कि आज सुबह गेरेंडर मशीन से घर में काम कर रहा था तभी राड टूट जाने से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# भाईचारे के साथ मनाएं नवरात्रि दशहरा व दीपावली पर्व: डीएम

## त्योहारों पर जनमानस को दी जाएगी बेहतर सुरक्षा व्यवस्था : एसपी



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** आगामी त्योहारों नवरात्रि, दशहरा व दीपावली के पर्व को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में पीस कमेटी की जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में पण्डाल संचालकों के साथ-साथ व्यापारियों व गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। बैठक में डीएम ने सभी पर्वों को आपसी भाईचारे के बीच मनाने का आहवान किया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने कहा कि नवरात्रि के साथ-साथ आगामी पर्व दशहरा व दीपावली का त्योहार नजदीक है। त्योहारों में सभी विभागों को आमजनमानस को अच्छी व बेहतर सुविधाएं देने के लिए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आदेशित किया। उन्होने कहा कि पण्डालों में भक्ति गीत ही बजाए जाएं। किसी भी तरह की अश्लीलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बिना अनुमति के नए पण्डाल न लगाए जाएं। परंपरा के अनुसार ही पर्व को मनाया जाए। उन्होने कहा कि पर्वों पर बिजली व पानी की समुचित व्यवस्था के बीच संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उधर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने कहा कि त्योहारों में पुलिस प्रशासन आमजनमानस को बेहतर सुरक्षा प्रदान करेगा। कोई भी अराजकता फैलाएगा तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र ने मांग किया कि खागा-नौबस्ता रोड को नवरात्रि में गड्ढामुक्त किया जाए।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र पाल सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी राजीव नयन गिरि, खागा उपजिलाधिकारी अभिनीत कुमार के अलावा सभी उपजिलाधिकारी, सदर क्षेत्राधिकारी गौरव शर्मा, खागा क्षेत्राधिकारी बृजमोहन राय, बिंदकी सीओ प्रगति यादव, थरियांव वीर सिंह के अलावा विहिप के प्रांतीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र पाण्डेय, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल, पप्पन रस्तोगी, प्रदीप गर्ग, प्रशांत श्रीवास्तव, जितेंद्र सिंह यादव उर्फ सोनू, ब्रजेश मिश्र, राजीव सिंह, सुनील कुमार गुप्त सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बीज मिनी किट के लिए कृषक करें आवेदन

**फतेहपुर।** जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि अगामी रबी हेतु दलहनी एवं तिहलनी फसलों को बढ़ावा देने की योजना के अन्तर्गत कृषकों को चना, मटर, मसूर, राई, सरसों के बीज मिनी किट किसानों को निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। इसका लाभ लेने के लिए किसानों को वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। पोर्टल पर बुकिंग शुरू हो गयी है, जिसकी अन्तिम तिथि 25 सितंबर है। लक्ष्य से अधिक बुकिंग होने की दशा में लाभार्थियों का चयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति के माध्यम से ई-लाटरी के माध्यम से चयन किया जायेगा। जनपद में चने की कुल 1375 मिनीकिट, मटर की 200, मसूर की 100, राई व सरसों की 5400 मिनीकिट का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। चने के 01 मिनीकिट की मात्रा 16 किग्रा, मटर की 20 किग्रा, मसूर की 08 किग्रा व राई तथा सरसों की मात्रा दो किग्रा है। किसानों से आहवान किया कि निःशुल्क मिनीकिट प्राप्त करने हेतु अतिशीघ्र पोर्टल से बुकिंग करा लें।

## ड्राइवर की सूझबूझ से स्कूल बस पलटने से बची, टला बड़ा हादसा

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**खागा, फतेहपुर।** हुसैनगंज-हथगाम मार्ग पर आकाश पब्लिक स्कूल की एक बस दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बची। नहर के पास सड़क की खराब हालत के कारण बस गड्ढे में जा घुसी, लेकिन ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया और बच्चों से भरी बस पलटने से बच गई।

जानकारी के अनुसार बस बच्चों को लेकर छिवलहा की ओर जा रही थी। तभी सड़क पर अचानक एक अन्य वाहन और भैंस आ जाने से ड्राइवर को बस मोड़नी पड़ी, जिससे बस सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हुसैनगंज से हथगांव जाने वाले इस मार्ग पर नहर के पास सड़क की हालत लंबे समय से खस्ता है। इस विषय में कई बार खबरें प्रकाशित होने और शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद सड़क किनारे के गड्ढों की मरम्मत नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क विभाग इस गंभीर समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। महीनों से गड्ढे होने के कारण इस मार्ग पर यातायात में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

## बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राजपुर सोनगढ़ा गांव के बार्डर पर गुरुवार की रात्रि में बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर घायल हो गया। मौके पर पहुंचे को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जहां पर युवक का उपचार चल रहा है। थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी प्रवेश कुमार बाइक से बड़ा गांव की तरफ से घर की तरफ लौट रहा था कि जैसे ही राजपूर सोनगढ़ा गांव के बॉर्डर पर पहुंचा के भाई का नियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ी जिससे बाइक सवार युवक गिरकर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। पहुंचे ग्रामीणों ने बाइक सवार युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार द्वारा उपचार किया जा रहा है।

# छात्रों को मिले टैबलेट, खिले चेहरे

» टेबलेट से किसी भी क्षेत्र में तैयारी आसानी से कर सकते



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** शहर के जीटी रोड बाईपास स्थित श्री राम मनोहर यादव (पीजी) महाविद्यालय में टेबलेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला समाज कल्याण अधिकारी अविनाश यादव ने हिस्सा लिया। विद्यालय के प्रबंधक जगनायक सिंह यादव व मुख्य अतिथि अविनाश यादव ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय की छात्राओं ने वंदना गीत, स्वागत गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रबंधक जगनायक सिंह यादव ने मुख्य अतिथि का अंग वस्त्र भेंटकर माल्यार्पण कर व प्रतीक चिन्ह देखकर स्वागत किया।

विद्यालय के संचालक मंजुल यादव ने प्रबंधक जगनायक सिंह यादव का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र भेंट कर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। विद्यालय के 252 छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि व प्रबंधक द्वारा टेबलेट वितरित किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी अविनाश यादव ने कहा कि टेबलेट से छात्र-छात्राएं किसी भी क्षेत्र की तैयारी आसानी से कर सकते हैं। प्रबंधक जगनायक सिंह यादव ने कहा कि टेबलेट से पूरी दुनिया मुट्ठी में की जा सकती है। टेबलेट ज्ञान का सागर है और नई टेक्नोलॉजी के तहत यह टेबलेट तमाम छात्र-छात्राओं को उनकी पढ़ाई में मदद करेगा। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक मंजुल यादव, प्रभारी विजय करन सिंह ने आए हुए तमाम अतिथियों व अभिभावकों का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया।

# बीआर अंबेडकर राजकीय महिला महाविद्यालय में लगा रक्तदान शिविर

**विश्ववार्ता संवाददाता**



» सात छात्राओं ने किए रक्तदान, पचास ने कराया रजिस्ट्रेशन

**फतेहपुर।** सेवा पखवाड़ा में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के संयोजकत्व व चेयरमैन एवं कार्यकारिणी सदस्य इंडियन रेडक्रास उत्तर प्रदेश डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में बीआर अंबेडकर राजकीय महिला महाविद्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ राजीव नयन गिरि मुख्य चिकित्साधिकारी उपस्थित रहें। शिविर का शुभारंभ मुख्य चिकित्साधिकारी व महाविद्यालय प्राचार्य राजेश कुमार यादव द्वारा फीता काटकर किया गया। कुल सात रक्तदान हुए। पचास लोगों ने अगली बार रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित शिविर में रक्तदान हेतु रजिस्ट्रेशन कराया। शिविर में 30 बच्चों का हीमोग्लोबिन कम होने के कारण रक्तदान नहीं हो पाया। मुख्य चिकित्साधिकारी, प्राचार्य व रेडक्रॉस चेयरमैन ने सभी रक्तदानियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रक्तदानियों में श्वेता, मानसी सिंह, प्रियांशी सैनी, सेजल देवी, अंजली प्रजापति, सुमित्रा देवी, सुरेश कुमार प्रसाद ने मानवता के हितार्थ रक्तदान किया।

महाविद्यालय प्राचार्य ने रेडक्रास सोसाइटी द्वारा किये जा रहे कार्यों का उत्साहवर्धन किया। डॉ अनुराग ने महाविद्यालय के सभी अध्यापकों व बच्चों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ प्रशांत द्विवेदी, डॉ शकुंतला, डॉ लक्ष्मीना भारती, शरद रॉय, डॉ चारु मिश्र, रमेश सिंह, डॉ चंद्रभूषण सिंह, डॉ जिया तसनीम, बृजेश पाल, डॉ अनुष्का, डॉ राजकुमार, आनन्दनाथ सहित जिला अस्पताल रक्तकेन्द्र से डॉ डीके वर्मा, बृजकिशोर, संतोष कुमार, अखिलेश, पूजा तिवारी, दिव्या वर्मा उपस्थित रहे।

## सड़क हादसा में मासूम सहित चार घायल

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के नई तहसील के समीप चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे दम्पत्ति व पुत्र सहित चार लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के देहुली गांव निवासी राजेश का 33 वर्षीय पुत्र फूलचन्द्र अपनी 30 वर्षीय पत्नी ननकी एवं 3 वर्षीय पुत्री नन्दनी व रिश्तेदार रामदयाल पुत्र भदई 55 के साथ बाइक से रिश्तेदारी में जा रहे थे बताते है कि शहर के नई तहसील के समीप पीछे से तेज रफ्तार आ रही चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे चारो घायल हो गये सूचना पाकर घटना स्थल पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। घटना की जानकारी सदर अस्पताल में घायल का भतीजा ननका ने दिया।

## विधायक ने बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**फतेहपुर।** गंगा तटीय क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में बाढ़ प्रभावित लोगों को लगातार राहत सामग्री का वितरण किया जा रहा है। शुक्रवार को जहानाबाद विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल ने आशापुर ग्राम पंचायत भवन पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार पीड़ितों के साथ खड़ी है।

जहानाबाद विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल अपने समर्थकों व पार्टी पदाधिकारियों के साथ आशापुर ग्राम पंचायत भवन पहुंचे। जहां बड़ी संख्या में बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया। उन्होंने दो सैकड़ा पीड़ितों को राहत समाग्री देकर कहा कि प्रदेश सरकार पीड़ितों के साथ खड़ी है। बाढ पीड़तिों व गरीब कल्याण के लिए सरकार सदैव तत्पर है। जिला प्रशासन लगातार बाढ़ प्रभावित इलाकों में नजर रखे हुए हैं। किसी भी पीड़ति को कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। इस मौके पर सेक्टर अध्यक्ष गंगचौली, अरविंद कुमार पांडेय, सेक्टर अध्यक्ष बलबीर सिंह, संतोष गुप्ता, पूर्व मंडल महामंत्री भारत सिंह चौहान, रामकुमार सिंह फौजी, नरसिंह बहादुर सिंह रहे।

## श्री श्री 1008 श्री स्वामी कृपानंद महाराज ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**जमालपुर (मिर्जापुर)।** विकासखंड अंतर्गत स्थित बाजार में श्याम उत्सव वाटिका में पूर्वांचल साहू समाज समिति पंजी उत्तरप्रदेश द्वारा 12 अक्टूबर को आयोजित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी महोत्सव स्नेह मिलन व सम्मान समारोह के वाहन को महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री स्वामी कृपानंद महराज जी ने शुक्रवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम सफल बनाने को लेकर बैठक कर रणनीति बनाई गई। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र कुमार गुप्ता युवा उत्तर प्रदेश प्रभारी पूर्वांचल साहू समाज समिति ने किया। उक्त बैठक की अध्यक्षता रामनरेश गुप्ता पूर्व प्रधान परोरवां रहे। इस मौके पर रतन गुप्ता, दिलीप गुप्ता, भोला गुप्ता, दिनेश गुप्ता, संतोष गुप्ता, रविशरण गुप्ता, नन्दलाल गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार, राजनारायन कैमी, रविशंकर गुप्ता, नीरज गुप्ता, विकास गुप्ता, विमल गुप्ता, शिवा जी, लालब्रत गुप्ता, सदानंद, गोवर्धन गुप्ता, गोपालदास गुप्ता, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## पुरानी रंजिश में युवक को पीटा, घायल

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौकियापुर में शुक्रवार की सुबह खेत गये 55 वर्षीय अधेड़ को पुरानी रंजिश को लेकर दो लोगो ने लाठी डन्डो से पीट-पीटकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से फरार हो गये। घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार लौकियापुर गांव बदर पासवान का पुत्र दुखी पासवान आज सुबह लगभग 6:30 बजे खेत गया था। तभी पुरानी रंजिश को लेकर पहले से घात लगाये बैठे फूलन सिंह पुत्र विजय सिंह एवं गुर्री पुत्र उमेश ने उसे घेर कर लाठी डन्डो से पीट-पीटकर घायल कर दिया और उसका एक पैर तोड़ दिया। घटना को अंजाम देने के बाद जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से फरार हो गये। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजते हुये मुकदमा पंजीकृत करते हुये कार्यवाही शुरू कर दी।

# साधन सहकारी समिति भटवारी दिघिया पर यूरिया खाद नहीं मिलने से महिलाओ का हंगामा

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**हलिया (मिर्जापुर)।** साधन सहकारी समिति भटवारी दिघिया पर सचिव द्वारा किसानों को टोकन जारी करने के बाद भी खाद नहीं मिलने पर नाराज महिला किसानों ने समिति के सामने हंगामा करते हुए सड़क को जाम कर दिया। जाम कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुँचे बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी व चौकी प्रभारी मतवार कन्हैया राय ने महिलाओ को समझाते हुए खाद दिलाने का आश्वासन देते हुए जाम कर रहे महिलाओ को समिति के सामने कतार में लगवाया है।

डीएम पवन कुमार गंगवार के निर्देश पर पहुँचे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व एसडीएम लालगंज महेंद्र सिंह समिति पर पहुंचकर हंगामा कर रहे महिला किसानों को आश्वासन दिया है कि यूरिया खाद एक ट्रक समिति पर आ रही है और नियमानुसार खाद का वितरण कराया जायेगा। जिन किसानों को यूरिया खाद के लिए टोकन जारी किया गया है। उन्हें प्राथमिकता के आधार पर खाद का वितरण किया जायेगा तब जाकर किसान शांत हुए किसानों का आरोप है की समिति के सचिव व चौकीदार द्वारा खाद वितरण में अनियमिता किया जा रहा है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेटध्एसडीएम ने खाद वितरण को सुचारु रूप से करने के लिए राजस्व निरीक्षक की तैनाती किया है।

इस संबंध में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह ने बताया की समिति पर खाद नहीं मिलने पर महिलाओ द्वारा सड़क पर उतरकर हंगामा की सूचना पर पहुंचकर किसानों को खाद दिलाने का आश्वासन देते हुए शांत कराया गया है।

**पुनरीक्षण** सपा ने मांगी विशेष गहन पुनरीक्षण 2003 की एवं 7 जनवरी 2025 को प्रकाशन की तिथि तारीख के बीच की सूची

# मतदाता सूची की शुद्धता व विश्वसनीयता लोकतंत्र के लिये जरूरी

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में जिला निर्वाचन अधिकारी के प्रतिनिधि अपर निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह को मांग पत्र सौंपा। जिसमे मांग की गई कि जनपद मीरजापुर के पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में करीब दो हजार एक सौ तिरालिस पोलिंग स्टेशन में करीब 18 लाख 95 हजार 893 मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में दर्ज है। विशेष पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सूची को शून्य (मतव) करके बी0एल0ओ0 घर-घर जाकर एक-एक मतदाता का सत्यापन करेंगे और गणना प्रपत्र फार्म (एनूमरेशन फार्म) भरंगे। सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन के दौरान कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध, दुरूस्त बनाने के लिए बी0एल0ओ0 के साथ समाजवादी पार्टी के बी0एल0ए0 (बूथ लेवल एजेन्ट) सहयोग करेंगे, सत्यापन में मृतक, स्थाई रूप से स्थानान्तरित, बहुस्थानीय प्रविष्टियों और लापता मतदाता आदि मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काट दिये जायेंगे।

2003 के बाद कई बार पोलिंग स्टेशनों का सम्भाजन एवं पुर्नगठन हुआ है, जिसमें बड़ी संख्या में मतदाताओं के बूथ (पोलिंग स्टेशन) व मतदान केन्द्र (पोलिंग सेन्टर) बदल गये है, जिन्हें चिन्हित करना बहुत जरूरी है।

बी0एल0ओ0 के साथ सत्यापन कार्य में सहयोगी बी0एल0ए0 (बूथ लेवल एजेन्ट) के पास उस बूथ (पोलिंग स्टेशन) की मतदाता सूची उपलब्ध कराना बहुत जरूरी है।

समाजवादी पार्टी मांग करती है कि जनपद मीरजापुर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (ण्ण्ण्त्) के लिये समाजवादी पार्टी को 2003 की मतदाता सूची व 07 जनवरी 2025 को अन्तिम प्रकाशन के बाद से पुनरीक्षण शुरू करने की तारीख के बीच की मतदाता सूची निःशुल्क उपलब्ध कराई जाये जिससे कि मतदाता सूची को शुद्ध, दुरूस्त कराने में बी0एल0ओ0 को बी0एल0ए0 पूर्ण रूप से सहयोग प्रदान किया जा सकें।मतदाता सूची की शुद्धता व विश्वसनीयता लोकतंत्र के लिये जरूरी है।

इस मौके पर सत्यप्रकाश यादव, झल्लू यादव, राणा प्रताप सिंह, सोकिम अहमद, विमल पटेल, शिवकुमार यादव, आदर्श यादव, राजेश भारती, शिवम मौर्या, प्रिन्स राव, रामजी बिन्द, मनोज पाण्डेय आदि मौजूद रहें।

## एक नजर

### मोहम्मद नबी ने लगातार 5 छक्के लगाए

**दुबई।** एशिया कप के 11वें मैच में श्रीलंका ने अफगानिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया। इस नतीजे से श्रीलंका के साथ बांग्लादेश ने भी सुपर-4 स्टेज में जगह बना ली। गुरुवार को अबू धाबी में मोहम्मद नबी ने दुनिथ वेल्लालागे के खिलाफ लगातार 5 छक्के लगाए। वहीं कुसल परेरा ने बाउंड्री पर बेहतरीन जगलिंग कैच पकड़ा।श्रीलंका से नई बॉल लेकर आए तेज गेंदबाज नुवान थुषारा ने पारी के तीसरे ओवर में 2 विकेट झटक लिए। उन्होंने ओवर की पहली गेंद पर रहमानुल्लाह गुरबाज को कुसल परेरा के हाथों कैच कराया। फिर आखिरी बॉल पर करीम जनत को बोल्ड कर दिया। थुषारा ने मैच में 4 विकेट लिए।

### दुनिथ विल्लालागे के पिता का निधन

श्रीलंकाई ऑलराउंडर दुनिथ विल्लालागे के पिता सुरंगा विल्लालागे का गुरुवार, 18 सितंबर को निधन हो गया। उसी दिन दुनिथ अबू धाबी में अफगानिस्तान के खिलाफ एशिया कप ग्रुप-बी का मैच में खेले थे। 22 साल विल्लालागे को अपने पिता के निधन की खबर मैच के बाद ही पता चली। यह मैच श्रीलंका ने छह विकेट से जीतकर टूर्नामेंट के सुपर-4 राउंड के लिए क्वालिफाई किया। मैच खत्म होने के तुरंत बाद वे घर के लिए रवाना हो गए। ऐसे में उनके आगे के मुकाबलों में खेलने पर संदेह पैदा कर दिया है।

### लखनऊ में देवदत्त पडिक्कल 150 रन बनाकर आउट

लखनऊ में भारत-ए और ऑस्ट्रेलिया-ए के बीच खेले गए मैच के अंतिम दिन भारत ने 531 रन 141.1 ओवर में बनाकर पारी घोषित कर दी। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम ने 16 ओवर में 56 रन बनाए। मैच में ऑस्ट्रेलिया को 57 रनों की बढ़त मिली। इस दौरान देवदत्त पडिक्कल को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के सैम कोंटास ने 49 बाल पर 27 रन बनाए। उन्होंने पारी में 3 चौके लगाए। कैंपबेल केल्लावे ने 47 बाल पर 24 रन बनाए। पारी में 3 चौके लगाए। इस दौरान प्रसिद्ध कृष्णा, तनुष कोटियान, हर्ष दुबे और खलील अहमद ने बॉलिंग की। लेकिन दूसरी पारी में कोई विकेट नहीं ले सके। भारत की पहली पारी में देवदत्त पडिक्कल ने 150 रन बनाए। उन्होंने 281 गेंदों पर यह स्कोर बनाया। पारी में 14 चौके और 1 छक्का लगाया है। वह टीम के 520 रन के स्कोर पर आउट हुए। उनका विकेट कोरी रॉकी चार्ली ने लिया। वह जोश फिलिप के हाथों कैच आउट हुए।

### पी.वी. सिंधु क्वार्टर फाइनल में हारीं



भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिंधु का वर्ल्ड नंबर-1 एन से यंग के खिलाफ हार का सिलसिला जारी रहा। शुक्रवार को चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के विमेंस सिंगल्स क्वार्टर फाइनल में सिंधु को कोरिया की इस खिलाड़ी ने सीधे गेमों में 21-14, 21-13 से हराया। यह मुकाबला मात्र 38 मिनट तक चला। दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट सिंधु का एन से यंग के खिलाफ यह लगातार आठवीं हार थी। 23 साल की कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ सिंधु अब तक एक भी मैच नहीं जीत पाई हैं। एन से यंग पेरिस ओलिंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट हैं।

# एशिया कप सुपर-4 की सभी टीमें फाइनल

## अफगानिस्तान बाहर, श्रीलंका-बांग्लादेश क्वालिफाई, पाकिस्तान के बाद BAN से भिड़ेगी टीम इंडिया



एजेंसी

**दुबई।** एशिया कप में ग्रुप स्टेज के 11 मैच खत्म होने के बाद सुपर-4 स्टेज की चारों टीमें तय हो चुकी हैं। गुरुवार को ग्रुप-बी में श्रीलंका ने अफगानिस्तान को हराकर उन्हें बाहर कर दिया। इस नतीजे से बांग्लादेश टीम भी श्रीलंका के साथ अगले राउंड में पहुंच गई। ग्रुप-ए से भारत और पाकिस्तान ने क्वालिफाई किया।

**श्रीलंका ने बांग्लादेश को क्वालिफाई करवाया**

गुरुवार को श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच अबू धाबी में मैच खेला गया। अफगानिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए 169 रन बनाए। श्रीलंका को क्वालिफाई करने के लिए 101 रन की जरूरत थी। टीम ने न सिर्फ इस स्कोर को पार किया, बल्कि 19वें ओवर में मुकाबला भी जीत लिया।

ग्रुप-बी में श्रीलंका ने लगातार तीसरा मैच जीता और 6 पॉइंट्स लेकर अगले राउंड में जगह बनाई। अगर श्रीलंका टीम 101 रन बनाने के बाद मैच हार जाती तो बेहतर रन रेट के कारण अफगानिस्तान क्वालिफाई कर जाती और बांग्लादेश बाहर हो जाती। हालांकि, श्रीलंका ने मैच जीता और अपने साथ बांग्लादेश को भी अगले राउंड में एंट्री दिलवा दी।

**भारत का पहला मैच पाकिस्तान से**

बुधवार को ग्रुप-ए से पाकिस्तान ने सुपर-4 राउंड में एंट्री की थी। इसी के साथ तय हो गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच अगला मैच 21 सितंबर को दुबई में होगा। इस राउंड में भारत 24 सितंबर को बांग्लादेश और 26 सितंबर को श्रीलंका से भिड़ेगा। सुपर-4 के पॉइंट्स टेबल में टॉप-2 पोजिशन पर रहने वाली टीमों के बीच 28 सितंबर को दुबई में फाइनल खेला जाएगा।

**ग्रुप स्टेज का एक मैच बाकी**

ग्रुप स्टेज में भारत और ओमान का एक मैच बाकी है। यह मुकाबला आज अबू धाबी में खेला जाएगा। टीम इंडिया ने अगले राउंड में एंट्री कर ली है, टीम अगर आज हार भी गई तो शेड्यूल में कोई बदलाव नहीं होगा। ऐसे में भारतीय टीम आज प्लेइंग-11 में नए प्लेयर्स को मौका दे सकती है।

# अंतिम पंघाल का वर्ल्ड चैंपियनशिप में दूसरा ब्रॉन्ज मेडल

### विनेश के बाद दो मेडल जीतने वाली दूसरी भारतीय महिला



भारतीय महिला पहलवान अंतिम पंघाल ने गुरुवार को वर्ल्ड कुश्ती चैंपियनशिप में महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया।

उन्होंने स्वीडन की U-23 वर्ल्ड चैंपियन एम्मा जोन्ना डेनिस मालमग्रेन को 9-1 से हराया। यह भारत का इस टूर्नामेंट में पहला और एकमात्र मेडल रहा।

**ओलिंपिक हार के बाद दमदार वापसी**

अंतिम का यह वर्ल्ड चैंपियनशिप में दूसरा मेडल है। इससे पहले 2023 में भी उन्होंने ब्रॉन्ज जीता था। हालांकि, 2024 पेरिस ओलिंपिक में वह पहले दौर में हारकर बाहर हो गई थीं। इस बार के मेडल से उन्होंने न केवल शानदार वापसी की है, बल्कि भारतीय कुश्ती में अपनी मजबूत स्थिति भी साबित की।

**विनेश फोगाट के बाद बनीं दूसरी भारतीय**

अंतिम पंघाल विनेश फोगाट के बाद दूसरी भारतीय महिला पहलवान बन गई हैं, जिन्होंने वर्ल्ड चैंपियनशिप में एक से अधिक मेडल जीते हैं। अन्य भारतीय महिला पहलवानों जैसे अल्का तोमर, गीता फोगाट, बबीता फोगाट, पूजा ढांडा, सरिता मोर और अंशु मलिक के नाम केवल एक-एक वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडल है।

इस चैंपियनशिप में भारतीय ग्रीको-रोमन पहलवानों का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। गुरुवार को मैदान में उतरे चारों पहलवान न तो कोई मुकाबला जीत सके और न ही अंक हासिल कर पाए।

सबसे चौंकाने वाली हार 55 किग्रा वर्ग में अनिल मोर की रही, जिन्हें वर्ल्ड नंबर-1 अजरबैजान के एल्डानिज अजीजली ने केवल 13 सेकंड में तकनीकी श्रेष्ठता से हरा दिया। अजीजली ने अनिल को हेडलॉक में फंसाकर कई फ्लिप्स किए और मुकाबला समाप्त कर दिया। अजीजली के सेमीफाइनल में हार जाने के बाद अनिल को रेपेचेज का मौका भी नहीं मिला।

# EPFO पासबुक-क्लेम की सुविधा अब एक ही पोर्टल पर

### पहले अलग-अलग वेबसाइट पर जाना पड़ता था, जानें इसे इस्तेमाल करने की प्रोसेस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ईपीएफओ ने अपने 2.7 करोड़ से ज्यादा एक्टिव मेंबर्स के लिए 3 बड़े बदलाव किए हैं। पहला है 'पासबुक लाइट' का लॉन्च, जो पीएफ कॉन्ट्रीब्यूशन को तेजी से चेक करने में मदद करेगा। दूसरा, जॉब चेंज करने वालों के लिए ट्रांसफर सर्टिफिकेट को ऑनलाइन डाउनलोड करने की सुविधा। ये बदलाव पीएफ पोर्टल को और यूजर-फ्रेंडली बनाने के लिए हैं।



तीसरा, पीएफ विड्रॉल क्लेम्स को तेजी से सेटल करने के लिए क्लेम सेटलमेंट प्रोसेस में भी बदलाव किया गया है। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने इन बदलाव की जानकारी दी। अभी तक पीएफ कॉन्ट्रीब्यूशन, विड्रॉल और बैलेंस की डिटेल्स चेक करने के लिए एक अलग पासबुक पोर्टल पर जाना पड़ता था। लेकिन अब पासबुक लाइट के साथ सब कुछ ईपीएफओ के मेंबर पोर्टल पर ही उपलब्ध हो जाएगा। यानी एक ही लॉगिन से सारी जानकारी मिल जाएगी।

**इसके तीन फायदे होंगे:**

**सिंगल लॉगिन:** अब अलग पोर्टल स्विच करने की जरूरत नहीं।

**फास्ट व्यू:** कंट्रीब्यूशन, विड्रॉल और बैलेंस का सरल ओवरव्यू।

**कम डिले:** पुराने सिस्टम की तुलना में तेज लोडिंग, खासकर पीक टाइम में।

ये बदलाव शिकायतें कम करने और पीएफ डिटेल्स तक आसान एक्सेस के लिए हैं।

**पासबुक लाइट कैसे एक्सेस करें? स्टेप-बाय-स्टेप गाइड**

अपने मौजूदा क्रेडेंशियल्स से ईपीएफओ मेंबर पोर्टल पर लॉगिन करें।

दूसरे नंबर पर मौजूद व्यू टैब में जाकर पासबुक लाइट पर क्लिक करें । यहां पर लेटेस्ट 5 महीने के कॉन्ट्रीब्यूशन दिखाई देंगे। डिटेल्ड व्यू के लिए अभी भी पासबुक पोर्टल पर ही जाना होगा।

एनेक्सर K के ऑनलाइन एक्सेस से क्या होगा?- ये एक ट्रांसफर सर्टिफिकेट है, जिसे ईपीएफओ जॉब चेंज करने वाले कर्मचारियों के लिए जनरेट करता है। यह दस्तावेज पुराने एम्प्लॉयर से नए एम्प्लॉयर के पास पीएफ अकाउंट ट्रांसफर की जानकारी देता है।

# सेंसेक्स 388 अंक गिरकर 82,626 पर बंद :निफ्टी 97 अंक लुढ़का

एजेंसी

**मुंबई।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार, 19 सितंबर को सेंसेक्स 388 अंक गिरकर 82,626 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 97 अंक की गिरावट रही, ये 25,327 के स्तर पर बंद हुआ।

आज के कारोबार में सरकारी बैंक, फार्मा और रियल्टी शेयरों में ज्यादा खरीदारी रही। वहीं, ऑटो, FMCG, मीडिया और IT शेयरों में बिकवाली रही।

**ग्लोबल मार्केट में मिलाजुला कारोबार-** एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.57% गिरकर 45,046 पर और कोरिया का कोस्पी 0.46% नीचे 3,445 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स फ्लैट 26,545 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.30% नीचे 3,820 पर बंद हुआ।



18 सितंबर को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.27% ऊपर 46,142 पर बंद हुआ। नैस्डेक कंपोजिट में 0.94% और S&P 500 में 0.48% तेजी रही।

**18 सितंबर को घरेलू निवेशकों ने 3,326 करोड़ के शेयर्स खरीदे**

18 सितंबर को विदेशी निवेशकों (FIIs) ने कैश सेगमेंट में 366 करोड़ के शेयर खरीदे। घरेलू निवेशकों (DIIs) ने 3,326 करोड़ रुपए की नेट खरीदारी की। इस महीने अब तक विदेशी निवेशकों ने 10,962 करोड़ के शेयर्स बेचे हैं। वहीं, घरेलू निवेशकों ने इस दौरान 36,219 करोड़ की नेट खरीदारी की है।

# रिलायंस इंफ्रा ने CBI मामले से खुद को अलग किया

### कहा- चार्जशीट का हमारे बिजनेस पर कोई असर नहीं पड़ेगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर ने कहा कि CBI की रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस (RCFL), रिलायंस होम फाइनेंस (RHFL) और कंपनी के चेयरमैन अनिल अंबानी के खिलाफ दायर चार्जशीट का उनके बिजनेस पर कोई असर नहीं पड़ेगा। कंपनी ने शुक्रवार को (19 सितंबर) BSE फाइलिंग में इसकी जानकारी दी।

रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर ने कहा, 'CBI की इस कार्रवाई से कंपनी के रोजमर्रा के मैनेजमेंट, गवर्नेंस, बिजनेस, वित्तीय स्थिति, शेयरधारकों, कर्मचारियों या किसी अन्य स्टेकहोल्डर पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।'




**CBI की चार्जशीट में बताए गए लेन-देन 10 साल से ज्यादा पुराने**

कंपनी ने सफाई दी कि CBI की चार्जशीट में बताए गए लेन-देन 10 साल से ज्यादा पुराने हैं। कंपनी ने कहा कि RCFL और RHFL के मामले सुप्रीम कोर्ट के 2022 और 2023 के फैसलों के बाद पूरी तरह सुलझा लिए गए हैं।

इन कंपनियों का प्रबंधन बदल दिया गया है और बैंक ऑफ बड़ौदा की अगुआई में RBI के नियमों के तहत लेनदारों की एक व्यवस्था के जरिए प्रक्रिया पूरी की गई है। कंपनी ने यह भी बताया कि अनिल अंबानी कभी भी RCFL या RHFL के बोर्ड में नहीं रहे और पिछले साढ़े तीन साल से रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के बोर्ड में भी नहीं हैं।

**18 सितंबर को CBI ने अनिल अंबानी पर चार्जशीट दाखिल की**

गुरुवार, 18 सितंबर को यस बैंक के साथ फ्रॉड मामले में CBI ने अनिल अंबानी और अन्य लोगों के खिलाफ दो अलग-अलग चार्जशीट दाखिल की है। इन पर आरोप है कि अंबानी की ग्रुप कंपनियों और यस बैंक के पूर्व CEO राणा कपूर के परिवार की कंपनियों के बीच कथित तौर पर फर्जी लेन-देन हुए, जिससे बैंक को 2,796 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। CBI का कहना है कि राणा कपूर ने अपनी पोजिशन का गलत इस्तेमाल करके यस बैंक के फंड्स को अंबानी की फाइनेंशियली कमजोर कंपनियों- RCFL और RHFL में डाला।

# बॉलीवुड सिंगर जुबीन गर्ग का निधन

### सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग करते वक्त दम तोड़ा इमरान हाशमी के या अली सॉन्ग से फेम मिला



बॉलीवुड सिंगर जुबीन गर्ग की सिंगापुर में मौत हो गई। एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार स्कूबा डाइविंग करते वक्त उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई थी। उन्हें गार्ड्स ने समुद्र से निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी मौत हो गई। जुबीन गर्ग को 2006 में आई इमरान हाशमी स्टारर फिल्म गैंगस्टर के सॉन्ग या अली से फेम मिला था। 52 साल के जुबीन सिंगापुर में नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल में शामिल होने गए थे। नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के प्रतिनिधि अनुज कुमार बोरूआ ने एनडीटीवी को बताया- 'हमें बहुत दुख के साथ ज़ुबीन गर्ग के निधन की खबर बतानी पड़ रही है। स्कूबा डाइविंग के दौरान उन्हें सांस लेने में तकलीफ हुई और उन्हें तुरंत सीपीआर दिया गया, जिसके बाद उन्हें सिंगापुर जनरल अस्पताल ले जाया गया। उन्हें बचाने की कोशिशों के बावजूद, उन्हें आईसीयू में दोपहर 2.30 बजे मृत घोषित कर दिया गया।' वहीं, असम के कैबिनेट मंत्री अशोक सिंघल ने भी सोशल मीडिया पर सिंगर के निधन की पुष्टि की है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा- 'हमारे प्रिय ज़ुबीन गर्ग के असामयिक निधन से गहरा दु:ख हुआ। असम ने न केवल एक आवाज, बल्कि एक धड़कन भी खो दी है। ज़ुबीन दा एक गायक से कहीं बढ़कर थे, वे असम और राष्ट्र के गौरव थे, जिनके गीतों ने हमारी संस्कृति, हमारी भावनाओं और हमारी आत्मा को दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचाया। उनके म्यूजिक में पीढ़ियों ने आनंद, सांत्वना और पहचान पाई। उनके निधन से एक ऐसा शून्य पैदा हुआ है जो कभी नहीं भरेगा। असम ने अपना सबसे प्रिय सपूत खो दिया है, और भारत ने अपने सबसे बेहतरीन सांस्कृतिक प्रतीकों में से एक खो दिया है। उनके परिवार, दोस्तों और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनकी विरासत सदैव प्रेरणा देती रहे। ॐ शांति'



# अनन्या पांडे को देख यूजर्स का खटका दिमाग

### 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' के प्रीमियर के वीडियो पर लोग बोले- ये क्या हो गया?

आर्यन खान की बतौर निर्देशक पहली फिल्म 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' के प्रीमियर पर मानो सितारे जमीन पर उतर आए। शाहरुख खान की पूरी फैमिली ने तो महफिल लूटी ही, इनके अलावा तमन्ना भाटिया से लेकर रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, काजोल, अजय देवगन, बॉबी देओल और एटली सहित कई स्टार्स एक छत के नीचे नजर आए। अनन्या पांडे ने भी शिरकत की, जो शाहरुख की बेटी सुहाना खान की बेस्ट फ्रेंड हैं। पर अनन्या को देखकर कई यूजर्स मुंह बिचका रहे हैं। इससे पहले भी जब अनन्या को 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' के सेट पर कार्तिक आर्यन के साथ शूट करते हुए देखा गया था, तब भी वो कुछ इसी तरह टैन दिख रही थीं। तब भी यूजर्स को उनका लुक पसंद नहीं आया था।अनन्या पांडे ने इस खास मौके के लिए व्हाइट कलर का गाउन पहना। चेहरा तो ठीक था, लेकिन शरीर पहले की तुलना में काला लग रहा था, जिस पर लोगों ने तुरंत रिएक्ट करना शुरू कर दिया। कुछ इसे मेकअप बताने लगे तो किसी ने बोला कि वो वेकेशन के लिए आइलैंड गई थीं तो टैन हो गई हैं।



# पवन सिंह ने 'राइज एंड फॉल' को कहा अलविदा:14 दिन बाद ही रियलिटी शो से हुए बाहर, बोले- मैं कभी इसका हिस्सा था ही नहीं



भोजपुरी सिंगर पवन सिंह अमेजन एमएक्स प्लेयर के शो 'राइज एंड फॉल' से बाहर हो गए हैं। इस खबर से पवन सिंह के फैंस हैरान हैं। शो में धनश्री और नयनदीप रक्षित के साथ उनका बॉन्ड खूब पसंद किया जा रहा था। लेकिन खबरों की माने तो शो शुरू होने के महज 14 दिन बाद ही भोजपुरी सिंगर ने 'राइज एंड फॉल' को अलविदा कह दिया है। एग्जिट के समय उनका परिवार उन्हें सेट पर रिसीव करने पहुंचा था। न्यूज एजेंसी आईएएनएस के मुताबिक, शो से बाहर जाते समय पवन सिंह ने बाकी कंटेस्टेंट से कहा कि वो भी कभी शो का हिस्सा ही नहीं थे। वो बस कुछ समय के लिए शो में आए थे। बता दें कि रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' भोजपुरी सिंगर पवन सिंह की वजह से सुर्खियों में था। पावर स्टार पवन सिंह की वजह से शो पसंद किया जा रहा था। इसके अलावा शो में पवन सिंह और कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा की केमिस्ट्री फैंस को पसंद आ रहा था। एक एपिसोड में दोनों एक-दूसरे के साथ फ्लर्ट करते दिखे थे। ये भी बता दें कि ये पहली बार था, जब भोजपुरी सिंगर किसी रियलिटी शो में नजर आए थे। शो में आने से पहले वो हरियाणवी सिंगर अंजलि राघव को गलत तरीके से छूने को लेकर विवादों में थे। इसके अलावा उन पर बिजनेसमैन से धोखाधड़ी का केस भी दर्ज हुआ था।

# 75वें बर्थडे पर जमकर थिरकीं शबाना आजमी

### पति जावेद अख्तर संग प्रिटी लिटिल बेबी पर किया डांस, सेलिब्रेशन में उमड़ा बॉलीवुड





वेटरन एक्ट्रेस शबाना आजमी 18 सितंबर को 75 साल की हो गईं। इस मौके पर एक ग्रैंड बर्थडे पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें बॉलीवुड के कई नामी चेहरों ने शिरकत की। इस वक्त सोशल मीडिया पर सेलिब्रेशन की कई तस्वीरें और वीडियो छाए हुए हैं। एक्ट्रेस ने अपना 75वां बर्थडे डांस और गानों के बीच सेलिब्रेट किया है। इन वीडियो में एक्ट्रेस दिल खोलकर नाचते दिख रही हैं। पार्टी में शबाना कभी सौतेले बेटे फरहान अख्तर के साथ उनकी फिल्म 'जिंदगी मिलेगी ना दोबारा' के गाने पर डांस करते नजर आ रही हैं, तो कभी पति जावेद अख्तर के साथ सालसा कर रहीं। एक और वीडियो में वो रेखा, माधुरी दीक्षित, विद्या बालन और उर्मिला मातोंडकर के साथ 'परिणीता' फिल्म के गाने 'कैसी पहेली' पर भी थिरकते दिखीं। हालांकि, माहौल तब और स्पेशल हो गया, जब शबाना अपने गीतकार पति जावेद अख्तर के साथ डांस फ्लोर पर आईं। दोनों मैचिंग रंग के कपड़ों में नजर आए। शबाना और जावेद अख्तर अमेरिकी सिंगर कोनी फ्रांसिस के टाइमलेस क्लासिक गाने प्रिटी लिटिल बेबी पर डांस करते दिखे। दोनों के इस रोमांटिक ने डांस वहां मौजूद सभी सितारों का दिल जीत लिया। वहां मौजूद सभी लोगों ने इस पल को अपने कैमरे में कैद भी किया। जावेद अख्तर के साथ शबाना के डांस को फैंस को खूब पसंद कर रहे हैं।

# आठवें वेतन आयोग को लेकर रेल कर्मियों ने दिया जंक्शन पर धरना



» सरकार से आयोग गठन और रिपोर्ट लागू करने की उठी मांग

विश्ववार्ता संवाददाता

**सुलतानपुर।** आठवें वेतन आयोग के गठन में हो रही देरी और शर्तों को लेकर शुक्रवार को रेलवे कर्मचारियों ने सुलतानपुर जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर धरना एवं प्रदर्शन किया।

धरने को संबोधित करते हुए शाखा मंत्री कामरेड आसिम सज्जाद ने कहा कि आठवां वेतन आयोग 1 जनवरी 2026 से लागू होना है, लेकिन सरकार ने अभी तक पूरी कमेटी का गठन तक नहीं किया है। उन्होंने मांग की कि आयोग का गठन शीघ्र किया जाए और उसकी रिपोर्ट 1 जनवरी 2026 से लागू की जाए।

कार्यक्रम को पूर्व शाखा अध्यक्ष कामरेड महावीर प्रसाद यादव, काम अनिल श्रीवास्तव, काम जे.ए. फारुकी, काम के.सी. मीणा, काम अमरेंद्र यादव और काम रविंद्र यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व शाखा मंत्री काम एस.सी. द्विवेदी ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार रनिंग कर्मचारियों का 25 प्रतिशत माइलेज का भुगतान करे और 56 लोको पायलटों का नियम विरुद्ध किया गया स्थानांतरण तत्काल रद्द किया जाए।

धरना कार्यक्रम में सहायक शाखा मंत्री केशव गुप्ता, काम भूर सिंह मीणा, काम कपिल देव तिवारी, काम ज्योति श्रीवास्तव, काम यशवंत सिंह, कोषाध्यक्ष काम काली प्रसाद, कामरेड नीतीश कुमार सिंह, रमेश कुमार, विपिन कुमार, संजय पांडे, शीतला दुबे, कामरेड जयप्रकाश मीणा, काम फागु राम समेत सैकड़ों रेलवे कर्मचारी मौजूद रहे।

# लिगसी वेस्ट निस्तारण कार्य में लापरवाही उजागर

## 10 हजार टन कूड़ा अब भी शेष, उपनिदेशक ने दी कठोर कार्रवाई की चेतावनी



विश्ववार्ता संवाददाता

**सुलतानपुर।** नगर पालिका परिषद सुलतानपुर में लिगसी बेस्ड निस्तारण कार्य की बड़ी लापरवाही सामने आई है। नगरीय निदेशालय के उपनिदेशक अजय कुमार त्रिपाठी और सहायक कोऑर्डिनेटर डॉ. सीमा सिंह ने 19 सितंबर 2025 को अलहदादपुर स्थित लिगसी साइट पर निरीक्षण किया। इस दौरान सीएनडीएस द्वारा किए जा रहे कार्यों की जांच में गंभीर खामियां पाई गईं।

जांच में 10 हजार टन कूड़ा अब भी अवशेष पाया गया साथ ही तय समय सीमा बीत जाने के बावजूद भारी मात्रा में कचरा निस्तारित नहीं हुआ है। मौके पर लगा धर्म कांटा चालू नहीं पाया गया, जिससे कूड़ा ढोने वाली गाड़ियों की सही निगरानी नहीं हो सकी। कुछ स्थानों पर कूड़े को खुले में निस्तारित करने के बजाय वहीं दबा दिया गया है, जिससे प्रक्रिया पर सवाल उठे हैं।

निरीक्षण के बाद उपनिदेशक अजय कुमार त्रिपाठी ने सीएनडीएस को फटकार लगाते हुए कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने तत्काल आख्या (स्पष्टीकरण रिपोर्ट) प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। आगे की कार्रवाई के लिए विस्तृत जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

निरीक्षण के समय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के अधिशासी अधिकारी लालचंद सरोज और जिला कार्यक्रम प्रबंधक सौरभ मिश्र भी मौजूद रहे।

# कूरेभार में जर्जर सड़क बनी हादसों का सबब, डीएम से की मरम्मत की मांग

## स्टेशन का मुख्य मार्ग गड्ढों से भर गया



विश्ववार्ता संवाददाता

**कूरेभार-सुलतानपुर।** अयोध्या–प्रयागराज हाइवे से कूरेभार रेलवे स्टेशन तक जाने वाली पीडब्ल्यूडी विभाग की सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढों में बरसात का पानी भरा रहने से राहगीरों व स्कूली बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग से होकर कौड़ियावा, गजाधरगंज, बीकापुर, सईया समेत कई गांवों के लोग और दो विद्यालयों के हजारों छात्र-छात्राएं आवागमन करते हैं। लेकिन खस्ताहाल सड़क की सुध लेने वाला कोई नहीं है। खराब सड़क के कारण आए दिन छात्र-छात्राएं और ग्रामीण गिरकर घायल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्थानीय जनप्रतिनिधि इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे। इस सड़क को जल्द दुरुस्त कराने के लिए बीडीसी मुराद अली, पिंटू गुप्ता, आरिफ अली, असलम अहमद, सिराज अहमद समेत दर्जनों लोगों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि गड्ढा युक्त सड़क की शीघ्र मरम्मत कराई जाए।

# मां पर एफआईआर के सवाल पर अर्पणा यादव ने साधी चुप्पी, राहुल पर कसा तंज



विश्ववार्ता संवाददाता

**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव शुक्रवार को जिले के दौरे पर पहुंचीं। उन्होंने जिला जेल का निरीक्षण कर महिला बंदियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि जेल परिसर में पुस्तकालय का निर्माण हो रहा है और वह उसमें पुस्तकें उपलब्ध कराएंगी। मीडिया से बातचीत में जब उनसे उनकी मां पर दर्ज एफआईआर को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कुछ कहने से इन्कार करते हुए केवल इतना कहा, नो कमेंट।

हालांकि, अपर्णा यादव ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। बोफोर्स घोटाले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वोट चोरी करना न करना एक विषय है, लेकिन कांग्रेस से ज़्यादा वोट चोरी किसने की है? बोफोर्स क्या है, गूगल कर लीजिए, कांग्रेस की पोल खुल जाएगी। पीएम मोदी की तारीफ करते हुए अपर्णा यादव ने कहा कि पीएम ने आतंकवाद फैलाने वालों की नींद उड़ा दी है। आज राष्ट्रविरोधियों की नींद खराब हो चुकी है। राहुल गांधी के हाइड्रोजन बम वाले बयान पर उन्होंने कहा कि अनाप-शनाप बोलने से राजनीति नहीं चमकती। वो इतने बड़े परिवार से हैं, राजनीति में इतने समय से हैं, फिर भी ऐसी बातें क्यों करते हैं, यह समझ से परे है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व अधिकारी मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत मामले में मुकदमा

**सुलतानपुर।** जिले के गोसाईगंज थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने लापरवाही से बाइक चलाने वाले अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना 13 जुलाई दोपहर करीब 3 बजे की है। जानकारी के अनुसार, रामदासपुर गांव निवासी 60 वर्षीय शंभूनाथ पुत्र राम अजोर बाबूगंज बाजार से सामान खरीदकर साइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह खेती डोडापुर गांव के पास अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से उन्हें टक्कर मार दी।

टक्कर से शंभूनाथ गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें तत्काल जिला मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के भाई बजरंगी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बाइक सवार की लापरवाही से उनके भाई की जान गई।

पुलिस ने बाइक के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपी की तलाश की जा रही है और आगे की कार्रवाई जारी है।

# सीओ लंभुआ अब्दुस सलाम खान को दी गई भावभीनी विदाई



विश्ववार्ता संवाददाता

**सुलतानपुर।** जिले के लंभुआ सर्किल में ढाई वर्ष से अधिक समय तक अपनी सेवाएं देने वाले क्षेत्राधिकारी अब्दुस सलाम खान का गैर जनपद प्रयागराज स्थानांतरण हो गया है। उनके स्थानांतरण की खबर लगते ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं पुलिसकर्मियों में भावुकता का माहौल देखने को मिला।

गुरुवार को आयोजित विदाई समारोह में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान वक्ताओं ने सीओ अब्दुस सलाम खान के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने लंभुआ में शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें भावभीनी विदाई दी।

उनके कार्यकाल की खास उपलब्धियां रहीं, जिनमें उन्होंने ढाई वर्ष से अधिक समय तक बिना किसी विवाद के सफल कार्यकाल पूरा किया। आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और निष्पक्ष कार्यशैली के लिए क्षेत्र में खास पहचान बनी। वह जनता से सहज संवाद और समस्याओं के त्वरित निस्तारण में अग्रणी रहे।

विदाई के दौरान कई वक्ताओं ने कहा कि सीओ अब्दुस सलाम खान की ईमानदारी, सादगी और सहज व्यक्तित्व हमेशा याद रहेगा। उनके प्रयागराज स्थानांतरण को क्षेत्र के लिए एक बड़ी कमी बताया गया। उपस्थित लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य और उच्च पदों पर सफलता की कामना की।

## एक नजर

### साहित्यकार मथुरा प्रसाद सिंह 'जटायु' को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय सम्मान



**कादीपुर-सुलतानपुर।** क्षेत्र के वरिष्ठ साहित्यकार एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिलाध्यक्ष मथुरा प्रसाद सिंह 'जटायु' को अंतरराष्ट्रीय सम्मान से नवाजा जाएगा। यह सम्मान श्रीसिंहराय अवधी साहित्य विकास संस्थान, हलियापुर के तृतीय वार्षिकोत्सव पर आगामी 21 सितंबर को प्रदान किया जाएगा। संस्थान के संस्थापक कुंवर इन्द्रजीत सिंह अर्चक ने कवि जटायु को पत्र भेजकर सम्मान समारोह की जानकारी दी है। आयोजन रविवार सुबह 10:30 बजे हलियापुर बाजार के कूरेभार मोड़ स्थित स्थल पर होगा। इस अवसर पर कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया है, जिसमें नेपाल से चार और भारत से पांच कवि भाग लेकर काव्यपाठ करेंगे। कवि जटायु को अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिलने की सूचना पर स्थानीय साहित्यकारों और शुभचिंतकों में हर्ष की लहर है।

### 2011 पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्ति दिलाने की मांग

**सुलतानपुर।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ, नई दिल्ली के आह्वान पर शुक्रवार 19 सितम्बर को जिलेभर के शिक्षक तिकोनिया पार्क सुलतानपुर में धरना-प्रदर्शन करेंगे। यह आंदोलन माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय के संदर्भ में 2011 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी परीक्षा से मुक्त कराने की मांग को लेकर आयोजित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, सुलतानपुर की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में अपराह्न 2:30 बजे से धरना दिया जाएगा। इसके बाद प्रधानमंत्री व केंद्रीय शिक्षा मंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा जाएगा। ज्ञापन में संशोधन अथवा रिव्यू याचिका दायर किए जाने की मांग की जाएगी। संघ के नेताओं ने बताया कि यह संघर्ष शिक्षकों के अस्तित्व और अधिकारों की रक्षा का प्रतीक है। प्रदेश अध्यक्ष विनय तिवारी व प्रदेश महामंत्री उमाशंकर सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष वासबराज गुरिकर और राष्ट्रीय महासचिव कमलाकांत त्रिपाठी के साथ निरंतर इस दिशा में प्रयासरत हैं। धरना आयोजन की जानकारी देते हुए जिला पदाधिकारियों रमेश तिवारी अध्यक्ष दूबेपुर जिलाउपाध्यक्ष, राधेश्याम मौर्य जिलाउपाध्यक्ष, फिरोज अहमद मंत्री/जिला संगठन मंत्री, मंजू सिंह जिला संगठन मंत्री, श्रीपाल यादव जिला संगठन मंत्री, सोहन कुमार जिला संगठन मंत्री व आसिफ जमाल सोशल मीडिया प्रभारी ने सभी शिक्षकों से इस ऐतिहासिक आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### कादीपुर में किशोरी अगवा, युवक पर केस दर्ज

**कादीपुर-सुलतानपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को झांसा देकर अगवा कर लिया गया। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ नामजद केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, 17 वर्षीय किशोरी गुरुवार सुबह नौ बजे घर से कॉलेज जाने के लिए निकली थी, लेकिन कॉलेज नहीं पहुंची। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। आरोप है कि बिहार निवासी अरविंद यादव, जो कादीपुर कस्बे में किराए का कमरा लेकर रहता है और राजमिस्त्री का काम करता है, ने किशोरी को बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अरविंद यादव के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### प्राधिकरण का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्य जारी

**सुलतानपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लोगों को त्वरित, सस्ता और सुलभ न्याय दिलाने के लिए दीवानी में पैरालीगल वायलेन्टियर का दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्राधिकरण के सचिव विजय कुमार गुप्ता, सिविल जज भाव्या श्रीवास्तव, सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष आरपी शुक्ला, डीएलसी तारकेश्वर सिंह एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी वी.वी. वर्मा ने उपस्थित पीएलवी को प्रशिक्षित किया। उधर जिला जेल में लीगल एड डिफेंस काउन्सिल अंजली ने प्रशिक्षण दिया।

### अभियंता हत्याकांड में नहीं हो सकी गवाही

**सुलतानपुर।** बीते साल अधिशाषी अभियंता सन्तोष कुमार के चर्चित हत्याकांड में एससी – एसटी की विशेष कोर्ट की जज के अवकाश पर होने के कारण शुक्रवार को गवाही नहीं हो सकी। बचाव पक्ष के वकील सन्तोष पाण्डेय ने बताया कि सुनवाई 29 सितम्बर को फिर नियत की गई है। जल निगम ग्रामीण के अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार की कोतवाली नगर के विनोवापुरी मोहल्ले में बीते साल 17 अगस्त को हत्या कर दी गई थी। मुकदमें में जल निगम के सहायक अभियंता अमित कुमार शाह व साथी प्रदीप राम के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल हुआ, दोनों आरोपी जेल में बन्द हैं।

### कूरेभार में कोटेदार पर घटतौली व कालाबाजारी का आरोप

**सुलतानपुर।** जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के कूरेभार विकास खंड के रामनाथपुर गांव में कोटेदार पर घटतौली और राशन की कालाबाजारी का गंभीर आरोप लगा है। ग्रामीणों की शिकायत पर उपजिलाधिकारी प्रभात सिंह ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। सोमवार को ग्रामीणों ने एसडीएम से मिलकर आरोप लगाया कि कोटेदार फूलपति उचित मूल्य की दुकान से निर्धारित मात्रा से कम राशन देती हैं। प्रत्येक कार्डधारक को 3 से 4 किलो तक कम राशन मिलने की शिकायत दर्ज कराई गई। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि विरोध करने पर उनकी शिकायतों को नजरअंदाज कर दिया जाता है। आरोप है कि कोटेदार राशन की कालाबाजारी करती हैं, जिससे पात्र लाभार्थियों को सरकार की योजना का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम प्रभात सिंह ने पूर्ति निरीक्षक कूरेभार मयंक चतुर्वेदी को मौके पर जांच करने का निर्देश दिया। गुरुवार शाम को पूर्ति निरीक्षक गांव पहुंचे और शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज किए। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के बयान और जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर जांच रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी।

# कन्या जन्मोत्सव : उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने नवजात संग काटा केक

## बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत परिजनों को दिए बेबी किट व पौधे




विश्ववार्ता संवाददाता

**सुलतानपुर।** सेवा पखवाड़ा-2025 अभियान के तहत "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" योजनान्तर्गत शुक्रवार को जिला महिला चिकित्सालय व स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने की। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती यादव ने जिला महिला चिकित्सालय में जन्मी नवजात बालिकाओं के परिजनों संग केक काटकर उत्सव मनाया। इस मौके पर उन्हें उपहार स्वरूप बेबी किट, कपड़े और फलदार पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया।

उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। समाज में बालिकाओं के जन्म को उत्सव की तरह मनाने की परंपरा से सकारात्मक बदलाव आएगा। साथ ही उन्होंने कन्या सुमंगला योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी और पात्र लोगों को योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया।

जिला प्रोबेशन अधिकारी वीपी वर्मा ने बताया कि जनपद में समय-समय पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला महिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव मनाए जाते हैं। उन्होंने सेवा पखवाड़ा अन्तर्गत ₹न दहेज लेंगे, न दहेज देंगे₹ शपथ कार्यक्रम व जागरूकता रैली की जानकारी भी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सलिल श्रीवास्तव ने कहा कि कन्या जन्म को लेकर परिवारों में उत्सव की भावना जाग्रत करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने अपील की कि बेटियों को बोझ न समझा जाए और लड़का-लड़की के बीच समान व्यवहार हो। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरके यादव, डॉ. आरके मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार त्रिपाठी, डॉ. जेसी सरोज, डॉ. आरिफ मो. खान, जिला मिशन समन्वयक रेखा गुप्ता, नीलम वर्मा, जेंडर स्पेशलिस्ट संतोष पाल व सरोज यादव समेत चिकित्सालय का समस्त स्टाफ, नवजात बालिकाओं के परिजन और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# बाबूगंज में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की इकाई का गठन

विश्ववार्ता संवाददाता

**सुलतानपुर।** भदैया विकास खंड के बाबूगंज बाजार में शुक्रवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की नई इकाई का गठन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री रविन्द्र त्रिपाठी शामिल हुए, जबकि बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रमेश अग्रहरि ने की। नई कार्यकारिणी में दीपक अग्रहरि को अध्यक्ष, मोहम्मद सुफियान को महामंत्री, यमुना प्रसाद गुप्ता को कोषाध्यक्ष तथा फूलचन्द सोनी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया।

वहीं संगठन महामंत्री पद पर वसीम खान, उपाध्यक्ष पद पर दुर्वेश नारायण तिवारी, रजनीश पांडे, अनाम अग्रहरि, मकबूल खान, संतोष गुप्ता और अशोक अग्रहरि को जिम्मेदारी दी गई। मीडिया प्रभारी प्रिंस विश्वकर्मा होंगे। इसके अलावा आत्मा पाल, राकेश वर्मा, वीरेंद्र प्रजापति, पवन मोदनवाल, शिवम सरोज और संतोष सरोज को सदस्य चुना गया।

संरक्षक मंडल में राजकुमार सरोज, प्रमोद मौर्या और सोनू को शामिल किया गया। प्रदेश महामंत्री रविन्द्र त्रिपाठी ने सभी नवचयनित पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर बाजार के सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे और नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया।



**कार्यक्रम** क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बोले 11वर्षों में 25 करोड़ लोग निकले गरीबी रेखा के बाहर

# प्रबुद्ध वर्ग हमारे समाज के गौरव व नायक : दिलीप पटेल

» सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित हुआ प्रबुद्ध संवाद



विश्ववार्ता संवाददाता

**सुलतानपुर।** प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज भारत दुनिया में सशक्त और गौरवशाली राष्ट्र के रुप में स्थापित हुआ है। 2014 के बाद इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, रक्षा, स्वास्थ्य समेत हर क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन दिखाई पड़ता है। मेक इन इंडिया मेड इन इंडिया से भारत मजबूत हो रहा है।

उन्होंने कहा मजबूत व आगे बढ़ते भारत को देखकर घबराया विपक्ष घुसपैठियों व अराजकता की राजनीति पर उतर आया है। कहा स्वदेशी व आत्मनिर्भर के मूलमंत्र से विकसित भारत का सपना साकार होगा।

उन्होंने कहा जनधन, आवास, आयुष्मान, मुफ्त अनाज जैसी तमाम योजनाओं से गरीबों के जीवन में बदलाव आया है। 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं।बताया जीएसटी स्लैब के बदलाव का फायदा आम आदमी को जल्द मिलेगा।

यह बातें शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय पर सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित प्रबुद्ध संवाद कार्यक्रम को क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा प्रबुद्ध वर्ग हमारे समाज के गौरव व नायक हैं। यह वर्ग अपने विचार व व्यवहार से समाज को सही दिशा देता है। जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने स्वागत भाषण देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ सुधाकर सिंह ने कहा पीएम के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है।

विशीष्ट अतिथि प्रोफेसर आरके पाण्डेय, प्राचार्य गोविन्द बल्लभ पन्त महाविद्यालय,जौनपुर ने कहा पीएम के नेतृत्व में आज भारत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी ने बताया कि प्रबुद्ध संवाद के पहले सभी ने पीएम मोदी के जीवन पर आधारित 20 मिनट की डाक्यूमेंट्री देखी।

संचालन जिला उपाध्यक्ष डॉ प्रीति प्रकाश व समापन प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ अनुराग पाण्डेय ने किया।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा,डॉ आरआर मिश्रा, डॉ वीपी पाण्डेय, डॉ प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ राजरतन मिश्रा, डॉ शीलभद्र सिंह, कृपा शंकर मिश्रा, राजमणि द्विवेदी, योगेंद्र प्रताप सिंह, डॉ केपी सिंह, घनश्याम चौहान, मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी, विजय त्रिपाठी, संदीप सिंह, बबिता तिवारी, जया सिंह, चन्दन नारायन सिंह, सुधा सिंह, सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध वर्ग व महिलाएं मौजूद रहीं।

# सराफा डकैती के 12 आरोपियों का ट्रायल जारी

**सुलतानपुर।** शहर के चौक में हुए सराफा डकैती कांड के 12 आरोपियों के खिलाफ न्यायाधीश निशा सिंह की कोर्ट में ट्रायल जारी है। शुक्रवार को वादी भरत की गवाही दर्ज हुई जिससे वकील अरविन्द सिंह राजा ने जिरह की।

पीड़ित के वकील दीपांशु निगम ने बताया कि अगली पेशी पर भी जिरह जारी रहेगी। चौक ठठेरी बाजार में भरत जी सोनी की ज्वैलरी की दुकान में बीते साल 28 अगस्त को आरोपियों ने दिनदहाड़े डकैती डाली थी। दुकान से सोना, चांदी व नकदी लूटकर डकैत फरार हो गए थे। मामले में शुक्रवार को पीड़ित भरत से वकील अरविन्द सिंह राजा ने जिरह की। डकैती काण्ड में पुलिस की विवेचना में अमेठी जिले के मोहनगंज थाने के भवानी नगर गांव के गैंगस्टर विपिन सिंह का नाम मास्टरमाइंड के रूप में सामने आया। पुलिस ने मास्टरमाइंड व अन्य से डकैती का सोना, चांदी व नगदी बरामद किया था। रायबरेली जेल में निरुद्ध विपिन सिंह और अमहट स्थित जिला जेल में निरुद्ध विनय शुक्ल, अरविंद यादव, विवेक सिंह, दुर्गेश प्रताप सिंह, सचिन सिंह, पुष्पेंद्र, त्रिभुवन कोरी, अंकित यादव और अजय यादव पर नगर कोतवाल नारद मुनि सिंह ने आरोप पत्र दाखिल किया था।

## एक नजर

### संघ प्रचारक मनुभाई कुलकर्णी का निधन



**मुम्बई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सीनियर प्रचारक माधव विनायक कुलकर्णी का महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में निधन हो गया। वह 88 साल के थे। लोगों के बीच वे मधुभाई के नाम से भी जाने जाते थे। उनका शरीर छत्रपति संभाजीनगर के एक निजी मेडिकल कॉलेज को पहले ही दान कर दिया गया था। सूत्रों ने बताया कि कुलकर्णी ने दोपहर 12 :30 बजे अंतिम सांसें लीं। कुछ दिन पहले, जब वह अस्पताल में भर्ती थे, तब आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने उनसे मुलाकात की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली थी। कुलकर्णी का जन्म 15 मई, 1938 को कोल्हापुर में हुआ था। मुंबई से स्नातक की डिग्री पूरी करने के बाद, उन्होंने सेल्स टैक्स डिपार्टमेंट में काम किया और फिर सोलापुर के दयानंद कॉलेज से बी.एड. की पढ़ाई पूरी की। वह 1962 में संघ प्रचारक बने। इसके बाद पुणे महानगर प्रचारक, गुजरात प्रांत प्रचारक और अखिल भारतीय बौद्ध प्रमुख (भाग्यनगर) के रूप में काम किया। कुलकर्णी 2015 तक आरएसएस की कार्यकारी समिति के सदस्य रहे।

### तालिबान ने ब्रिटिश जोड़े को किया रिहा

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान ने ब्रिटिश जोड़े पीटर और बार्बी रेनॉल्ड्स को रिहा कर दिया है। कतर और ब्रिटिश सरकार के सहयोग से यह रिहाई हुई। 79 साल के पीटर और 75 साल की बार्बी को 1 फरवरी 2025 को तालिबान ने पकड़ा था। यह जोड़ा 18 साल से अफगानिस्तान में लड़कियों की पढ़ाई और माता-बच्चों के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम चला रहा था। तालिबान ने कहा कि उन्होंने अफगान नियम तोड़े। तालिबान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल काहार बल्खी ने बताया कि पीटर और बार्बी को कानूनी प्रक्रिया के बाद आज छोड़ दिया गया है। कतर ने कई महीनों तक तालिबान से बात की और ब्रिटिश सरकार के साथ मिलकर इन्हें रिहा करवाया। इस जोड़े को 13 मार्च को कोर्ट में जाना था, लेकिन आखिरी समय पर सुनवाई टल गई थी।

### रूस के कामचटका में 7.8 तीव्रता का भूकंप

**मास्को।** रूस के कामचटका के पूर्वी तट पर शुक्रवार सुबह 7 .8 तीव्रता का जोरदार भूकंप आया। इसके बाद 5 आफ्टरशॉक महसूस किए गए, जिनकी तीव्रता 5 .8 मापी गई। इसके बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई। तट पर 30 से 62 सेंटीमीटर ऊंची लहरें देखी गईं। कामचटका के गवर्नर व्लादिमीर सोलोदोव ने बताया कि सभी आपातकालीन सेवाएं हाई अलर्ट पर हैं, लेकिन अभी तक किसी नुकसान की खबर नहीं है। इस क्षेत्र में आज आए भूकंप समेत 4 बड़े भूकंप 7 .0 या उससे अधिक तीव्रता के दर्ज किए गए हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए भूकंप के वीडियो में घरों में फर्नीचर और लाइटें हिलती हुई दिखाई दीं। झटके इतने तेज थे कि सड़कों पर खड़ी गाड़ियां भी हिलती नजर आईं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप रूसी शहर पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से 128 किलोमीटर दूर, जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। रूस की स्टेट जियोफिजिकल सर्विस ने बताया कि बाद में तीव्रता घटकर 7 .4 हो गई।

### अमेरिका में बीएपीएस के खिलाफ जांच बंद

**अहमदाबाद।** यूएस डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस और द डिस्ट्रिक्ट ऑफ न्यू जर्सी ने बीएपीएस के न्यू जर्सी स्थित मंदिर के खिलाफ जांच बंद कर दी है। मंदिर पर श्रमिकों के शोषण और मानव तस्करी के आरोप लगे थे। यह भी आरोप था कि मंदिर निर्माण के दौरान श्रमिकों को प्रति घंटे मात्र 1.20 डॉलर का ही भुगतान किया गया था। इन आरोपों की जांच साल 2021 में शुरू हुई थी। यूएस डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस की जांच में उन दावों की भी बात गलत निकली कि मंदिर के निर्माण के लिए श्रमिकों को भारत से बहला-फुसलाकर लाया गया था। जांच में भी साबित हुआ कि मंदिर निर्माण स्वयंसेवकों ने किया था। जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि बीएपीएस द्वारा किसी भी गलत कार्य करने के दावों का समर्थन करने वाला कोई सबूत नहीं मिला। इसलिए गुरुवार को जांच बंद कर दी गई।

### दिल्ली में नाबालिग लुटेरा हिरासत में

**नयी दिल्ली।** नेताजी सुभाष प्लेस में एक 16 वर्षीय नाबालिग को सशस्त्र लूट के मामले में हिरासत में लिया गया है। 8 सितंबर को एनएसपी मार्केट सबवे के पास चार हमलावर जितेंदर नामक व्यक्ति पर हमला कर उसका सामान लूट ले गए थे। जब पीड़ित ने अपने बैग को छीनने का विरोध किया तो आरोपियों ने उस पर कई बार चाकू से हमला किया। हमलावर 2 लाख रुपए नकद, लैपटॉप और महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। गुरुवार को इंदरलोक मेट्रो स्टेशन के पास सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई की। शाम 4 .35 बजे आरोपी को पकड़ा गया। पूछताछ में नाबालिग ने अपराध कबूल किया और तीन साथियों – लव, अमित और काकू के नाम बताए, जो फरार हैं। पुलिस ने बताया है कि जांच जारी है।

### अहमदाबाद प्लेन क्रैश की जांच को याचिका

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को अहमदाबाद प्लेन क्रैश की स्वतंत्र और कोर्ट-निगरानी में जांच की मांग को लेकर याचिका दायर की गई है। सेफ्टी मैटर्स फाउंडेशन नाम की एविएशन से जुड़ी एनजीओ की याचिका में कहा गया है कि एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो की रिपोर्ट में जरूरी सबूत छिपाए गए हैं और केवल पायलट की गलती बताई गई, जो अंतरराष्ट्रीय नियम शिकागो कन्वेंशन के खिलाफ है। अहमदाबाद प्लेन हादसा 12 जून को एयर इंडिया फ्लाइट एआई-171 हादसे का शिकार हो गई थी। इसमें कुल 260 लोगों की मौत हुई थी।

### कुख्यात आतंकवादी रफीक शेख गिरफ्तार

**श्रीनगर।** सीआईडी काउंटर इंटेलिजेंस जम्मू ने लंबे समय से फरार चल रहे आतंकी आरोपी मोहम्मद रफीक शेख को गिरफ्तार कर लिया है। वह डोडा जिले के भद्रवाह के चक्रभाटी का रहने वाला है और आतंकवाद से जुड़े एक मामले में वॉन्टेड था। खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, फ्यूजीटिव ट्रैकिंग टीम ने एक अभियान शुरू किया और उसे जम्मू बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया। रफीक को ज्यूडीशियल कस्टडी में भेज दिया गया है।

### महाराष्ट्र के ठाणे में 37.8 लाख की ठगी

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के कॉपरी में रहने वाले 45 साल के व्यक्ति के साथ 37 .8 लाख की ठगी हुई। उसने इसकी शिकायत पुलिस में कराई है। पीड़ित के मुताबिक उसे टेलीग्राम एप पर किसी ग्रुप में जोड़ा गया था, जहां शेयर बाजार में इनसाइडर टिप्स का लालच दिया गया। उसने 4 अगस्त से 25 अगस्त के बीच 37 .8 लाख इन्वेस्ट किए। ठगों ने मेरा विश्वास जीतने के लिए स्टैंडर्ड चार्टर्ड सिक्योरिटीज (इंडिया) लिमिटेड के नाम से फर्जी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट भी शेयर किया था। जब मैंने अपना पैसा वापस मांगा तो ठगी का पता चला।

### केमिकल फैक्ट्री में विस्फोट, एक की मौत

**मुम्बई।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक केमिकल फैक्ट्री में हुए विस्फोट में एक कर्मचारी की मौत हो गई और चार घायल हो गए। विस्फोट गुरुवार शाम करीब 7 .30 बजे लिम्बानी साल्ट इंडस्ट्रीज में हुआ। धातु और अम्ल के मिश्रण के दौरान विस्फोट हुआ।

### मुंबई में टैक्सियों को समान किराया लेने का निर्देश

मुम्बई। मुंबई में ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी ने ऐप-बेस्ड टैक्सी और ऑटो रिक्शा एग्रीगेटर्स को काली-पीली टैक्सियों के बराबर किराया लेने का निर्देश दिया है। ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी ने कहा है कि जब तक कि सरकार उनके लिए अलग दरें तय नहीं कर लेती, उबर, ओला और रैपिडो ग्राहकों से काली-पीली टैक्सियों की तरह गैर-एसी वाहनों के लिए 20 .66 रुपए प्रति किमी और एसी वाहनों के लिए 22 .72 रुपए प्रति किमी किराया लेंगे।

### तमिल एक्टर रोबो शंकर की मौत

**चेन्नई।** तमिल एक्टर और कॉमेडियन रोबो शंकर ने 46 साल की उम्र में दम तोड़ दिया। वे दो दिनों से चेन्नई के पेरुंगुडी स्थित जीईएम हॉस्पिटल में भर्ती थे। उन्हें क्रिटिकल केयर यूनिट में रखा गया था। एक्टर 16 सितंबर को एक फिल्म सेट पर अचानक बेहोश होकर गिर पड़े थे। हॉस्पिटल ने बताया कि रोबो शंकर को गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ब्लीडिंग और मल्टी ऑर्गन फेल्योर की दिक्कत थी। उनकी हालत लगातार बिगड़ती गई और 18 सितंबर को रात 9 :05 बजे उनकी मौत हो गई।

# यूपी के युवा ही भारत को आगे ले जायेंगे

## पंडित दीनदयाल के मंत्र में असंभव को संभव बनाने की शक्ति : योगी आदित्यनाथ

विश्ववार्ता ब्यूरो



**मथुरा।** अन्त्योदय के प्रणेता और एकात्म मानव दर्शन के प्रखर वक्ता पंडित दीन दयाल उपाध्याय की स्मृति में आयोजित चार दिवसीय स्मृति महोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पंडित जी का सपना आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में साकार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित उपाध्याय ने 1950 के दशक में भारत के राजनीतिक नेतृत्व को जो दृष्टि दी थी, वही आज ₹वोकल फॉर लोकल₹ और ₹स्वदेशी₹ के रूप में मूर्तरूप ले चुकी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में असंभव को संभव बनाया गया है, चाहे कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना हो, अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण हो या 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराना हो। सीएम ने कहा कि जो कभी असंभव लगता था, वही आज देश की ताकत बन चुका है। यही पंडित जी के मंत्र का प्रभाव है कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंचेगा।

मुख्यमंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का समय युवाओं का है। यूपी के पास सबसे बड़ी युवा ऊर्जा है और यही भारत को आगे ले जाएगी। उन्होंने बताया कि ₹सीएम युवा स्कीम₹ के तहत सरकार 5 लाख रुपए तक का ब्याजमुक्त, गारंटी मुक्त लोन उपलब्ध करा रही है। जनवरी से अब तक 70 हजार युवाओं ने इसका लाभ उठाया है और लक्ष्य 1 लाख युवाओं तक पहुंचने का है। उन्होंने कहा कि आज भारत का युवा जॉब सीकर नहीं, बल्कि जॉब क्रिएटर बन रहा है। स्टार्टअप केवल आईटी सेक्टर में ही नहीं बल्कि (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और गो आधारित खेती जैसे क्षेत्रों में भी उभर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूपी में किसी विभाग में आउटसोर्स कर्मी हो, उसे मिनिमम मानदेय 16 से 20 हजार रुपए मानदेय हर हाल में मिलेगा। इसकी गारंटी सरकार देने जा रही है।

सीएम योगी ने कांग्रेस और सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि पिछली सरकारों में भारत को ताकतवर बनाने की दिशा में 'असंभव' शब्द जुड़ा था। यूपी की स्थिति इतनी बिगड़ गई थी कि आजादी के समय जीडीपी में 14 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाला राज्य 2017 तक देश की आठवीं अर्थव्यवस्था बनकर रह गया। लेकिन डबल इंजन सरकार ने यूपी को फिर से देश की नंबर दो की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प पूरा किया है।

सीएम योगी ने कहा कि कश्मीर को कांग्रेस ओर उसके सहयोगियों ने देश के लिए नासूर बना दिया था। कभी लोग कहते थे कि अनुच्छेद 370 हटाना असंभव है, लेकिन पीएम मोदी ने यह असंभव संभव कर दिखाया। इसी तरह राममंदिर को लेकर जो संकल्प था, वह भी मोदी सरकार ने पूरा किया। याद कीजिए लोग कहते थे कि क्या कश्मीर से अनुच्छेद 370 कभी हट पाएगा। तब दीन दयाल जी ने नारा दिया था और कि जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है और आज उस कश्मीर से अनुच्छेद 370 को सदा के लिए दफन करते हुए उसे भारत का अभिन्न अंग बनाने का महान काम किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित दीन दयाल का मंत्र था कि भारत की अर्थनीति का आधार स्वदेशी होना चाहिए।

### दिल्ली यूनिवर्सिटी चुनाव में आर्यन मान प्रेसीडेंट



**नयी दिल्ली।** दिल्ली यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स यूनियन इलेक्शन की वोट काउंटिंग पूरी हो गई। एबीवीपी के आर्यन मान प्रेसिडेंट बने हैं। चार में से तीन पद एबीवीपी को मिले हैं। प्रेसिडेंट पद पर एबीवीपी के आर्यन मान ने एनएसयूआई की जोसलीन नंदिता चौधरी को 16,196 वोटों से हराया। वाइस प्रेसिडेंट पद पर एनएसयूआई के राहुल झांसला ने 29,339 वोट के साथ एबीवीपी के गोविंद तंवर को हराया। सचिव पद पर एबीवीपी के कुनाल चौधरी ने 23,779 वोट पाकर एनएसयूआई के कबीर को हराया। संयुक्त सचिव पद पर एबीवीपी की दीपिका झा ने लवकुश भदाना को मात दी। एनएसयूआई के नेशनल प्रेसिडेंट वरुण चौधरी ने एक्स पर पोस्ट कर हार स्वीकर की। हालांकि उन्होंने चुनावों में धांधली का भी आरोप लगाया। कल 18 सितंबर को 2 शिफ्ट में वोटिंग हुई थी। प्रेसिडेंट पद के लिए कुल 21 कैंडिडेट्स चुनाव लड़ रहे थे।

# राहुल के बयान पर भड़कीं कंगना

## बोलीं- आपको आइडिया नहीं वर्ल्ड में क्या चल रहा

एजेंसी

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के मंडी से सांसद कंगना रनोट ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। कुल्लू में शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में कंगना ने कहा कि राहुल गांधी ने हमेशा ही देश को शर्मसार कर देने वाले बयान और करतूतें की हैं।




सांसद ने कहा कि नेपाल मॉडल की तरह मांग करना और सबको जिंदा जला देने की मांग करना गलत है। राहुल को ये पता होना चाहिए कि नेपाल में लोग डेमोक्रेसी लेकर आए हैं। नेपाल के जेन जेड ने नेपोटिज्म वाली सरकार को ध्वस्त किया है। शायद उनको आइडिया नहीं कि वर्ल्ड में चल क्या रहा है? कंगना ने कहा -लगता है कि वो (राहुल) सुबह सुबह आंखें मलते -मलते उठते हैं और कुछ भी पोस्ट कर देते हैं, कुछ भी लिख देते हैं। उनको पता होना चाहिए कि नेपाल के लोगों ने उनके (राहुल) जैसे वंशवादियों को ध्वस्त किया है। डेमोक्रेटिक सरकार लेकर आए हैं। अब इस तरह की करतूतें करेंगे तो देश से निकाले जाएंगे।

कंगना ने आगे कहा कि मैं उनसे आग्रह करती हूं कि गलत मैसेज न दें। पहले भी देश में अस्थिरता और आतंक लाने की उन्होंने कई इंटरनेशनल साजिशें की हैं। अमेरिका में जाकर पहले भी देश को बचाने की भीख मांगी है। अब भी उनकी करतूतें नहीं रुक रही। हम बहुत ज्यादा क्रोधित हैं।

दरअसल, राहुल गांधी ने शुक्रवार सुबह एक्स पर की गई पोस्ट में कहा कि, 'चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा, चोरों को बचाता रहा।' उन्होंने इसके साथ 37 सेकेंड का एक वीडियो क्लिप भी शेयर किया। इसके कैप्शन में लिखा- सुबह 4 बजे उठो, 36 सेकेंड में 2 वोटर मिटाओ, फिर सो जाओ - ऐसे भी हुई वोट चोरी!

एक अन्य पोस्ट में राहुल गांधी ने लिखा कि 'देश के युवा, देश के स्टूडेंट, देश के जेन जेड संविधान को बचाएंगे, लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और वोट चोरी को रोकेंगे। मैं उनके साथ हमेशा खड़ा हूं।

# पिस्टल लेकर सीएम को गोली मारने की धमकी

## सिरफिरे के घर पहुंची पुलिस तो छत पर भागा, जांच कर रही है पुलिस टीम

विश्ववार्ता ब्यूरो

**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को मथुरा दौरे पर थे। इसी दौरान एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें एक शख्स हाथ में पिस्टल लिए सीएम योगी को गोली मारने की धमकी दे रहा था। वीडियो देखते ही सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस हरकत में आ गई। तत्काल युवक की लोकेशन पता की गई और पुलिस फोर्स उसके घर पहुंची। पुलिस को देखते ही युवक हाथ में पिस्टल लिए घर की छत पर भाग गया। वहीं से पुलिस को भी धमकी देनी शुरू कर दी। पुलिस ने उसके घर को घेर लिया और उसे सुरक्षित ही पकड़ने की कोशिश में जुटी गई। इस दौरान उसने तीन हवाई फायर भी किए। करीब घंटे भर की कवायद के बाद उसे पिस्टल, कारतूस के साथ पकड़ लिया गया। घटना मांट क्षेत्र की है।



वायरल वीडियो में युवक नंगे बदन है। उसने केवल पैंट पहनी है। गले में एक चेन लटकाए नजर आ रहा है। हाथ में पिस्टल लहराते हुए कह रहा है कि सीएम योगी आदित्यनाथ जी, अगर आपकी सरकार में मुझे मदद नहीं मिली तो मैं आपको गोली मार दूंगा। यह बात सत्य समझ लीजिए। वह दावा करता है कि उसने सीएम के कार्यालय में शिकायत दर्ज की थी, लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। हाथ में रसीद लहराते हुए कहता है, मेरे पास सबूत हैं, फिर भी मेरी फरियाद अनसुनी कर दी गई। गुस्से में आकर वह पिस्टल अपनी कनपटी पर रख लेता है और कहता है, मेरी जिंदगी तो पहले से ही खराब है, अगर मूड खराब हुआ तो मैं आपको और खुद को भी खत्म कर दूंगा। युवक आगे धमकी देता है। कहता है कि मरने से अच्छा है कि 25 सितंबर से पहले योगी आदित्यनाथ को मार दूं। पिस्टल से मैगजीन निकालकर दिखाते हुए वह दावा करता है, कि यह ऑरिजनल पिस्टल है, इसमें नौ गोलियां हैं। नौ की नौ सीधे उतार दूंगा, भले ही नौ बॉडीगार्ड हों, उनमें भी। उसकी आवाज में गहरा गुस्सा और हताशा साफ झलक रही है, जो वीडियो को और डरावना बना रहा है। वह बार-बार अपनी परेशानी का जिक्र करते हुए कह रहा है कि तमाम शिकायतें करने के बावजूद उसे न्याय नहीं मिला, जिससे वह मानसिक रूप से टूट चुका है। वीडियो वायरल होते ही पुलिस हरकत में आ गई। युवक की लोकेशन और पहचान मांट क्षेत्र के नगला हरदयाल गांव के निवासी के रूप में हुई। पुलिस जैसे ही युवक के घर पहुंची वह पिस्टल लेकर छत पर भागा। पुलिसकर्मी उसे नीचे उतारने और समझाने की कोशिश में जुट गए, लेकिन काफी देर बाद तक सफलता नहीं मिल सकी थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि युवक लंबे समय से मानसिक तनाव में था और अक्सर अपनी परेशानियों का रोना रोता था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया युवक को पकड़ लिया गया है। उसकी मांगों और स्थिति की जांच की जा रही है। अगर जरूरत पड़ी तो काउंसलिंग और विशेष टीम की मदद ली जाएगी। इस घटना से नगला हरदयाल गांव और आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल है। अचानक भारी फोर्स को देखकर लोगों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों का कहना है कि युवक का यह कदम अचानक नहीं, बल्कि लंबे समय से चली आ रही अनदेखी का नतीजा हो सकता है। कुछ लोग पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं, जबकि अन्य मानते हैं कि युवक की मानसिक हालत ठीक नहीं है और उसे तुरंत इलाज की जरूरत है। लोग यह भी सवाल उठा रहे हैं कि क्या यह सब किसी बड़ी साजिश का हिस्सा हो सकता है या सिर्फ एक हताश इंसान का भावनात्मक विस्फोट है?

# साइबर अपराध पर नकेल कसने को जल्द तैयार होगा विशेष सेंटर

## सिक्योरिटी ऑपरेशन सेंटर की स्थापना के लिए 14 .74 करोड़ रुपये गृह विभाग ने किये जारी

संजय सिंह

पटना। राज्य में तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों पर नकेल कसने और सरकारी तंत्र को इसके प्रकोप से सुरक्षित करने के लिए एक विशेष केंद्र की स्थापना होने जा रही है। आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के अंतर्गत इस सिक्योरिटी ऑपरेशन सेंटर (एसओसी) को चरणवद्ध तरीके से विकसित किया जाएगा। फिलहाल गृह विभाग के स्तर से इसके लिए 14 करोड़ 74 लाख रुपये जारी किए गए हैं। यह जानकारी एडीजी (ईओयू) नैयर हसनैन खान ने पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन के सभागार में गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में दी।




एडीजी ने कहा कि साइबर अपराध की रोकथाम और साइबर सुरक्षा से संबंधित सभी पहलुओं पर त्वरित एवं ठोस कार्रवाई लगातार की जा रही है। इसे अधिक प्रभावी तरीके से करने के साथ ही साइबर अपराध से जुड़े मामलों का निष्पादन तेजी से करने में भी इस केंद्र की भूमिका बेहद अहम होगी। इसके लिए फिलहाल कई खास किस्म के अत्याधुनिक एवं उन्नत तकनीक वाले सॉफ्टवेयर समेत अन्य तरह के उपकरणों की खरीद की जाएगी।

एडीजी नैयर हसनैन खान ने बताया कि हाल तीन साइबर अपराधियों रामप्रवेश कुमार, विकास कुमार और मिथिलेश कुमार की गिरफ्तारी मधेपुरा से की गई है। ये तीनों जिले के रतवारा थाना के कपसिया गांव के रहने वाले हैं। इनसे पूछताछ में यह बात सामने आई कि इन्होंने यू-ट्यूब और गूगल से साइबर फर्जीवाड़ा सीखा है। आधार डेटा और बॉयोमेट्रिक अपलोड के अलावा आधार सत्यापन से संबंधित सॉफ्टवेयर को लैपटॉप पर इंस्टाल करके इनकी मदद से आधार की वेबसाइट यूआईडीएआई से लोगों के बॉयोमेट्रिक डाटा की चोरी कर लेते थे। दूसरे लोगों के बॉयोमेट्रिक डेटा को फिंगर प्रिंट सिलिकॉन में बनवाकर इनका दुरुपयोग करके साइबर ठगी करते थे। इससे संबंधित मामला ईओयू में दर्ज कर आगे की जांच चल रही है। एडीजी ने कहा कि इस बात की गंभीरता से जांच चल रही है कि आखिर यू-ट्यूल और गूगल में इस तरह के कंटेंट कैसे मौजूद हैं। अगर हैं, तो क्या-क्या हैं। इसके लिए केंद्रीय एजेंसी, सीडैक समेत अन्य के साथ समन्वय स्थापित कर समुचित जांच की जा रही है।

एडीजी ने कहा कि ईओयू की तरफ से दो भ्रष्ट लोकसेवकों भागलपुर के जिला अवर निबंधक विनय सौरभ और ग्रामीण कार्य विभाग में मधुबनी अंचल के अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार राय के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति (डीए) मामले में कार्रवाई की गई है। विनय सौरभ के खिलाफ वास्तविक आय से 188 प्रतिशत और विनोद कुमार राय के खिलाफ 69.35 प्रतिशत अधिक की अवैध संपत्ति का खुलासा हो चुका है। विनोद कुमार राय के आवास से बड़ी संख्या में भारतीय करेंसी प्राप्त हुए थे। साथ ही बड़ी संख्या में जले हुए नोट भी बरामद हुए थे। इस आरोप में विनोद राय को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। जबकि, उनकी पत्नी बबली राय की गिरफ्तारी के लिए तलाश जारी है।

उन्होंने कहा कि विधायक खरीद-फरोख्त मामले में अब तक दो विधायकों भागीरथी देवी और दिलीप राय को ईओयू में बुलाकर पूछताछ हो चुकी है। अभ तक 5 विधायक, 6 राजनैतिक कार्यकर्ता या निजी व्यक्ति और 9 विधायकों के अंगरक्षक से पूछताछ हो चुकी है। मामले की फिलहाल जांच जारी है। इस प्रेस वार्ता के दौरान डीआईजी (साइबर) संजय कुमार सिंह भी मौजूद थे।

# तालिबान ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दिखाया ठेंगा

एजेंसी

**काबुल।** अफगानिस्तान में सत्ताधारी तालिबान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दो-टूक जवाब दिया है। असल में ट्रंप अफगानिस्तान में अमेरिकी सेना भेजना चाहते थे। वह चाहते थे कि बगराम एयरबेस को फिर से अमेरिका को सौंप दिया जाए। लेकिन अफगानिस्तान ने इससे पूरी तरह से इनकार कर दिया है।



अफगान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने शुक्रवार को इस बारे में सोशल मीडिया पर लिखा। उन्होंने लिखा है कि अफगानिस्तान अमेरिका के साथ संबंध बनाए रखने का इच्छुक है। लेकिन अफगानिस्तान की धरती पर फिर से अमेरिकी सेना को आने की मंजूरी नहीं मिलेगी। इससे ट्रंप की खासी किरकिरी हो गई।इससे पहले ट्रंप ने गुरुवार को कहा था कि उनका प्रशासन बगराम एयरबेस वापस चाहता है। अमेरिकी राष्ट्रपति लंबे समय से ऐसा चाहते हैं। ट्रंप का तर्क है कि चीन के खतरे को देखते हुए यह एयरबेस रणनीतिक लिहाज से काफी अहम है। उनका कहना है कि हमने तालिबान को यह एयरबेस मुफ्त में दे रखा है। ट्रंप ने आगे कहा कि असल में बगराम एयरबेस उस जगह से मात्र एक घंटे की दूरी पर है, जहां चीन परमाणु मिसाइलें बनाता है।हालांकि तालिबान अधिकारियों ने उनके इस आइडिया को सिरे से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय प्रवक्ता जाकिर जलाल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अफगानिस्तान और अमेरिका को एक-दूसरे से मिल-जुलकर रहना है। लेकिन अफगानिस्तान के किसी हिस्से में अमेरिकी सेना नहीं रहेगी। हम अमेरिका के साथ राजनीतिक और आर्थिक संबंधों को बनाए रखना चाहते हैं। यह आपसी सम्मान और बराबरी की भावना के साथ होगा।

# बसपा में वापसी के लिए बेताब नजर आ रहे स्वामी प्रसाद मौर्य

## मौर्य वोट बैंक को साथ लाने के लिए बीएसपी बदलेगी रणनीति, मायावती ने अभी तक नहीं किया साफ

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में विधानसभा चुनाव 2027 की सुगबुगाहट साफ तौर पर सुनाई देने लगी है। यूपी की सत्ता में लगातार दो बार से जमी भारतीय जनता पार्टी को हटाने की कोशिश करती तमाम विपक्षी पार्टियां दिख रही हैं। वहीं, हाशिए पर गए राजनीतिक दल और नेता अपनी खोई ताकत को बटोरने के लिए अभी से ही अभियान में जुट गए हैं। इस क्रम में यूपी की राजनीति में कभी ओबीसी वोट बैंक में गहरी पकड़ रखने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य को लेकर भी कयासबाजियों का दौर शुरू हो गया है। उनकी बहुजन समाज पार्टी में करीब एक दशक बाद फिर से वापसी की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। राजनीतिक कयासों का दौर शुरू है। बसपा के प्रति स्वामी प्रसाद मौर्य के रुख में नर्मी को इसी नजरिए से देखा जा रहा है। इस सबके बीच बसपा प्रमुख मायावती का रुख क्या होता है, यह देखने वाली बात होगी।

यूपी की सियासत में कभी ओबीसी वर्ग का बड़ा चेहरा माने जाने वाले पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य इन दिनों अपने राजनीतिक वजूद को बचाने की जद्दोजहद में जुटे हैं। बसपा से भाजपा और सपा का सफर तय करने के बाद फिलहाल वे अपनी खुद की पार्टी के सहारे सियासी मैदान में सक्रिय हैं। हालांकि हाल के उनके बयान और तेवर साफ इशारा कर रहे हैं कि वे एक बार फिर बसपा में घर वापसी के मूड में हैं। लेकिन, यह मायावती की हरी झंडी के बाद ही संभव है।





दरअसल स्वामी प्रसाद मौर्य एक समय में मायावती के करीबी नेताओं में से गिने जाते थे। पिछले दिनों वे मायावती की शान में कसीदे गढ़ते नजर आए। उन्होंने कहा कि बसपा, भाजपा एवं सपा के सीएम की तुलना करें तो मायावती सबसे बेहतर थीं। मायावती के कार्यकाल में यूपी में कानून का राज था। यह पूरे देश में गूंजा था। हालांकि उन्होंने मायावती की वर्तमान राजनीति पर निराशा जताई।

मायावती की तारीफ के जरिए वे बसपा में वापसी की राह तलाशते नजर आते दिखे हैं। दरअसल, बसपा से वर्ष 2016 में अलग होने के बाद से स्वामी प्रसाद मौर्य की राजनीति डगमगाती दिखी है। भाजपा से जुड़ने के बाद 2017 में बनी योगी सरकार में वे मंत्री तो बने, लेकिन रसूख वैसा नहीं रहा। यूपी चुनाव 2022 से पहले सपा में जुड़ गए। लेकिन, अपनी सीट पर जीत दर्ज करने में नाकामयाब रहे। इस स्थिति में अब वे अपनी पुरानी पार्टी से जुड़कर रसूख वापस पाने की कोशिश में हैं।

स्वामी प्रसाद मौर्य प्रदेश में ओबीसी वोट बैंक मौर्य-कुशवाहा समाज का बड़ा चेहरा रहे हैं। प्रतापगढ़ में 2 जनवरी 1954 को उनका जन्म हुआ था। अभी वे राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर अपनी राजनीति को आगे बढ़ा रहे हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य ने 80 के दशक में राजनीति शुरू की, लेकिन असली पहचान उन्हें 1990 के दशक में बसपा से मिली।

वर्ष 1996 में रायबरेली की डलमऊ सीट से बसपा के टिकट पर पहली बार विधायक बने। पार्टी में उन्हें महत्वपूर्ण भूमिका मिली। वे वर्ष 2001 से 2008 तक पार्टी राष्ट्रीय महासचिव रहे। वर्ष 2007 में मायावती सरकार बनी तो वे श्रम एवं रोजगार मंत्री बनाए गए। मायावती सरकार के जाने के बाद बसपा ने स्वामी प्रसाद मौर्य को यूपी विधानसभा में विपक्ष के नेता की भूमिका दी। वर्ष 2016 तक वे विपक्ष के नेता और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रहे। वर्ष 2016 में उन्होंने बसपा छोड़ दी।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **मनोरंजन सिंह***, **उत्तराखंड कार्यालय-** जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com